


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 161 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.14 2082 शनिवार, 6 सितंबर-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## घबराने की जरूरत नहीं : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, घबराने की जरूरत नहीं है। अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर उचित और संतुलित समझौता होगा। पीयूष गोयल ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि घबराने की कोई जरूरत है। हमारे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध हैं, जो बरकरार रहेंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और हम इसमें से कुछ मुद्दों को सुलझा लेंगे। उन्होंने बातचीत की समय सीमा के बारे में कहा, बातचीत में कभी कोई समय सीमा नहीं होती है।

# भारत और रूस को हमने चीन के हाथों खो दिया

> मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग की तस्वीर शेयर कर ट्रंप ने बड़ा बयान दिया



वॉशिंगटन, 5 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके रूस और भारत से रिश्ते खत्म होते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।

पोस्ट के साथ ट्रंप ने चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा करते हुए ट्रंप ने भारत और रूस के साथ संबंध खत्म करने के संकेत दिए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो! ट्रंप ने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से की गई इस पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

**टैरिफ से बढ़ा तनाव :**

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। अमेरिकी सरकार ने बीते महीने भारत के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव है। वहीं रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका की तनातनी बढ़ हुई है। इस घटनाक्रम के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरूआत में चीन का दौरा किया है। चीन में एससीओ समिट के लिए पुतिन और मोदी पहुंचे। दोनों नेताओं की चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ मुलाकात हुई।

रूस, चीन और भारत के नेताओं के साथ आने को अमेरिका को जवाब देने की तरह देखा गया है। एक्सपर्ट का कहना है कि मोदी ने चीन जाकर ट्रंप को सख्त संदेश दिया है। ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट से लगता है उनको मोदी, जिनपिंग और पुतिन की बैठक से धक्का पहुंचा है।

**भारत पर हमलावर हैं ट्रंप :**

ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध काफी नीचे पहुंच गए हैं। अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत बेस टैरिफ और रूसी तेल की निरंतर खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। रूस से तेल खरीद और अमेरिकी सामानों पर शुल्क को लेकर ट्रंप भारत पर हमलावर हैं।

ट्रंप ने इसी हफ्ते कहा था कि भारत की व्यापार नीतियां एकतरफा और अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ उनके रिश्ते काफी अच्छे रहे हैं लेकिन भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत का शुल्क अमेरिकी हित में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत वर्षों से हमारे सामानों पर बहुत ज्यादा शुल्क लगा रहा है।

# देश के लिए विचारधारा वैसे जरूरी जैसे शरीर में खून : सीडीएस

## दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस, पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद बड़ी चुनौती



गोरखपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। गोरखपुर (यूपी) में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा- भूमि राष्ट्र की भौतिक पहचान है। राष्ट्र की विचारधारा की सुरक्षा भी जरूरी है। एक राष्ट्र के संचालन के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए खून। यह प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देती है। जनरल चौहान ने कहा- दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस है। सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। आजादी के बाद से सीमा विवाद को लेकर कई लड़ाइयां हुईं। चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। फिर क्षेत्रीय अस्थिरता।

शुक्रवार को जनरल चौहान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान सीएम योगी भी उनके साथ रहे। ये सेमिनार महंत दिग्विजयनाथ महाराज और अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर हर साल आयोजित किया जाता है।

**देश की सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता भी जरूरी**

देश में चार तरह के खतरे होते हैं। आतंरिक खतरे। बाहरी खतरे। बाहरी सहयोग से उत्पन्न आतंरिक खतरे और आंतरिक सहयोग से उत्पन्न आतंरिक खतरे। मेरा मानना है कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा तीन स्तर पर देख सकते हैं। तीन घेरे के रूप में। सबसे छोटा घेरा सैनिक तत्परता, उससे बड़ा घेरा राष्ट्रीय सुरक्षा और सबसे बड़ा घेरा राष्ट्र सुरक्षा है। ये तीनों घेरे एक साथ मिलकर काम करते हैं। सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसे रक्षा अनुसंधान (रिसर्च) से भी जोड़ना चाहिए। भविष्य में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी की जरूरत पड़ सकती है।

**युद्ध राजनीति का ही विस्तार है :**

जर्मन विद्वान ने कहा था कि युद्ध राजनीति का ही विस्तार है। इसके गहरे निष्कर्ष हैं। युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। जब किसी भी देश की सरकार इस स्थिति में पहुंचती है कि सैन्य इस्तेमाल की जरूरत है तो सैन्य अधिकारी को आगे के लिए रणनीति बुलाया जाता है।

बालाकोट ऑपरेशन के बाद भारत ने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार और पाकिस्तान ने एयर डिफेंस की जरूरत पर काम किया। उरी अटैक के बाद जमीनी मार्ग का सहारा लिया। पुलवामा हुआ तो एयर स्ट्राइक की।

# नक्सलियों के बीच मुठभेड़-छह माओवादियों के मारे जाने की खबर

दंतेवाड़ा, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मानसून ब्रेक के बाद बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। आज सुबह से ही नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। मुठभेड़ अभी भी जारी है, सूत्रों के अनुसार मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है। जिसके बाद नारायणपुर, दंतेवाड़ा से डीआरजी के जवानों को ऑपरेशन पर रवाना किया गया था। सुबह करीब 9 बजे जवानों का नक्सलियों से सामना हुआ। जिसके बाद से लगातार दोनों तरफ से गोलीबारी चल रही है। संभावना जताई जा रही है कि छह नक्सली मारे गए हैं।

छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि जानकारी मिली थी कि बड़े नक्सली की मीटिंग हो रही है, इसकी पुष्टि के लिए दंतेवाड़ा-नारायणपुर की संयुक्त पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस बल को आता देख नक्सली जंगल की ओर भाग खड़े हुए, जिसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

# हम रूसी तेल खरीदना जारी रखेंगे : निर्मला सीतारामण



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारत रूसी तेल खरीदना जारी रखेगा और इस बारे में निर्णय पूरी तरह से राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह साफ किया। एक साक्षात्कार में वित्त मंत्री ने कहा, चाहे वह रूसी तेल हो या कुछ और, हम दरों, लॉजिस्टिक्स या अन्य किसी भी मामले में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेंगे। तेल एक बड़ी विदेशी मुद्रा से जुड़ी वस्तु है। ऐसे में हम अपना तेल कहां से खरीदते हैं, यह एक ऐसा निर्णय है, जो हम सबसे अधिक उपयुक्त चीजों को ध्यान में रखकर लेते हैं। इसलिए, हम निस्संदेह रूसी तेल खरीदेंगे। केंद्रीय मंत्री ने दोहराया कि भारत के आयात बिल में कच्चे तेल का योगदान सबसे अधिक है। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने भारत से आयात पर रूसी तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाकर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। उधर बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिका ने रूस के साथ व्यापारिक संबंध जारी रखने वाले देशों पर अभी तक "चरण-2" और "चरण-3" शुल्क लागू नहीं किए हैं।

# सिद्धारमैया सरकार ने 60 आपराधिक मामले लिए वापस

> इसमें शिवकुमार समर्थकों की पत्थरबाजी वाला केस भी



बेंगलूरू, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने कैबिनेट बैठक में 60 आपराधिक मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया। इनमें वे केस भी शामिल हैं जो 2019 में चित्तापुर और कनकपुरा में हुई पत्थरबाजी की घटनाओं से जुड़े हैं। यह निर्णय किसानों, छात्रों, कन्नड़ कार्यकर्ताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामलों से संबंधित है। सरकार का कहना है कि यह फैसला जनता और जनप्रतिनिधियों से आई मांगों के बाद लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जिन मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया है, उनमें 2019 में चित्तापुर में हुई पत्थरबाजी का केस शामिल है। यह घटना उस समय हुई थी जब पुलिस ने हिंदू कार्यकर्ताओं की सूचना पर पशुओं को जब्त किया था। इसी तरह, कनकपुरा में ईडी द्वारा डी.के. शिवकुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों पर दर्ज पत्थरबाजी के केस भी इस सूची में हैं। कैबिनेट के इस निर्णय में सरकार में उप-मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उनके भाई, पूर्व सांसद डी.के. सुरेश के समर्थकों से जुड़े पुराने मामले भी हटा दिए गए हैं। साल 2012 में डी.के. सुरेश के समर्थकों ने उस समय के मुख्यमंत्री का घेराव किया था। यह विरोध इसलिए हुआ था क्योंकि उन्हें डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। अब इन मामलों को भी खत्म कर दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि इन 60 मामलों में किसानों, दलित कार्यकर्ताओं, कन्नड़ संगठनों और गणेश उत्सव के दौरान झगड़े से जुड़े केस भी शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन मामलों की वापसी से कई संगठनों और लोगों पर लटक रही कानूनी तलवार हट जाएगी और माहौल शांतिपूर्ण बनेगा। हालांकि, गृह विभाग, डीजीपी और आईजीपी, अभियोजन निदेशक और विधि विभाग ने इन मामलों को वापस लेने पर आपत्ति जताई थी। उनका मानना था कि सभी मामलों को वापस लेना सही नहीं होगा।

## शिवकुमार ने पूछा-भाजपा को क्यों हो रही चिंता?

बेंगलूरू, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने राज्य चुनाव आयोग को स्थानीय निकाय चुनाव मतपत्रों (बैलेट पेपर) से कराने की सिफारिश की है। इस पर उप-मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि यह राज्य सरकार का फैसला है, इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को क्यों चिंता हो रही है? स्थानीय निकाय चुनाव कराने का अधिकार सरकार को है और यह कानून में भी स्पष्ट है। उन्होंने आगे कहा, जब भाजपा की सरकार थी, तब भी यही कानून था। कानून के अनुसार, चुनाव बैलेट पेपर या ईवीएम दोनों में से किसी से भी कराए जा सकते हैं। हमारी सरकार ने तय किया है कि स्थानीय चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे। लोकसभा चुनावों से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने कहा, हमने उस मामले की पूरी जांच की है, लेकिन अभी मैं उस पर कुछ नहीं कहूंगा। राज्य, संसद या विधानसभा चुनावों को लेकर जो भी फैसला करना है, वह केंद्रीय चुनाव आयोग करे। लेकिन राज्य सरकार का यह फैसला सिर्फ स्थानीय निकाय चुनावों के लिए है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने शिक्षकों को किया सम्मानित

### कहा-एनईपी से भारत बनेगा ज्ञान की महाशक्ति

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। संवेदनशील शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना विकसित करने का काम करते हैं। उन्होंने अपने शिक्षक के रूप में बिताए समय को याद करते हुए कहा, वह मेरे जीवन का सबसे सार्थक दौर था। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। सबसे गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी शिक्षा की शक्ति से प्रगति की ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

# अमित शाह ने 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को अंजाम देने वाले जवानों को सम्मानित किया



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरूद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया। अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुंचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है।

# अजित पवार ने फोन पर महिला आईपीएस को धमकाया

### अठावले बोले-डिप्टी सीएम को पता नहीं था कि वो अधिकारी हैं, बाद में गलती मानी



मुंबई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष अजित पवार का महिला आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा से बहस का वीडियो सामने आया है। इसमें वे महिला अधिकारी को फटकारते नजर आ रहे हैं। घटना 31 अगस्त को सोलापुर जिले के कुर्दु गांव की बताई जा रही है, जहां आईपीएस मुरम का अवैध खनन रोकने पहुंची थीं। वीडियो में नजर आ रहा है कि सिविल ड्रेस में आईपीएस अंजना कृष्णा हाथ में मोबाइल लिए खड़ी हुई हैं। उनके आस-पास कुछ लोग हैं। आईपीएस की कॉल पर अजित पवार से बात चल रही है। दावा है कि अजित पवार आईपीएस को कार्रवाई रोकने का कह रहे हैं। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा- मुझे लगता है कि अजित पवार एक बहुत मजबूत नेता और एक अच्छे प्रशासक हैं। उन्होंने बाद में बताया कि क्या हुआ। उन्होंने गलती से ऐसा किया क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि वह एक अधिकारी थीं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने जो किया वह सही नहीं था। अजित पवार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से जुड़े कुछ वीडियोज सामने आए हैं।

# सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने की रणनीति पर अमल किया : जयराम रमेश

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बजट को कम करके इसे कमजोर करने की रणनीति पर अमल किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा के लागू होने के 20 साल पूरे होने के मौके पर यह मांग फिर दोहराई कि इस योजना के तहत दैनिक मजदूरी को 400 रुपये किया जाए, जो अभी 300 रुपये से भी कम है।

रमेश ने एक बयान में कहा कि आज मनरेगा के कानून बनने की 20वीं वर्षगांठ है। आज होना तो यह चाहिए था कि हम दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजना की उपलब्धियों को याद करते, लेकिन इस सरकार में योजना के अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंता जतानी पड़ रही है।

### एआईएडीएमके में एकजुटता की कोशिशें तेज

# पूर्व मंत्री का अल्टीमेटम-10 दिन में फैसला लें पलानीस्वामी



चेन्नई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके में एकजुटता की कोशिशें तेज हो गई हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केए सेंगोट्टइयान ने पार्टी के नेता पलानीस्वामी को अल्टीमेटम दिया है कि वे 10 दिनों के भीतर पार्टी से निष्कासित नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल करने का फैसला करें। पार्टी से निष्कासित चल रहीं शीर्ष नेता शशिकला ने भी सेंगोट्टइयान की पहल का समर्थन किया है।

इरोड में एआईएडीएमके पार्टी के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सेंगोट्टइयान ने पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कहा कि अब समय आ गया है, जिन नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया गया, उन्हें माफ कर दिया जाए और उन्हें फिर से पार्टी के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 2026 के चुनाव में पार्टी तभी जीत सकती है, जब वह एकजुट रहेगी। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता सेंगोट्टइयान ने पार्टी के नेता ई पलानीस्वामी को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर पार्टी नेताओं की एकजुटता पर फैसला नहीं किया गया तो वे समान सोच वाले नेताओं के साथ मिलकर निष्कासित नेताओं को वापस लाएंगे। सेंगोट्टइयान के बयान से ऐसे संकेत मिले हैं कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे अलग मोर्चा बना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी की करिश्माई नेता जे जयललिता के निधन के बाद एआईएडीएमके पार्टी में भारी टूट हुई है और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता जैसे ओ पनीरसेल्वम, टीटीवी दिनाकरण, शशिकला आदि को विभिन्न कारणों से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी से निष्कासित नेता वीके शशिकला ने भी सेंगोट्टइयन का समर्थन किया और कहा कि, अन्नाद्रमुक, की स्थापना क्रांतिकारी नेता एमजीआर ने महान आंदोलन के रूप में की थी।

# भारत 5वीं जनरेशन के विमान के इंजन अमेरिका से लेगा : 14000 करोड़ की डील

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं।

एचएएल सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट जीई 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) में लगेगा। जीई ने इस इंजन की 80 प्रतिशत तकनीकी ट्रांसफर की एचएएल की शर्त मान ली है। सौदे में यह तय होना है कि जीई इस इंजन के बाकी पार्टनर्स के साथ तकनीक ट्रांसफर की सहमति खुद लेगी या एचएएल को बातचीत में सहयोग देगी। इस करार के बाद जीई-414 इंजन का प्रोडक्शन भारत में हो सकेगा। एचएएल 10 जीई-414 इंजन खरीद चुकी है, ताकि एम्का का विकास न रुके।

कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति ने 19 अगस्त को वायुसेना के लिए 97 तेजस एलसीए एमके1 विमानों की खरीद को मंजूरी दी। इस पर 66500 करोड़ खर्च होंगे। इसके लिए एचएएल 113 इंजन जीई से खरीद रही है। इसके पहले 83 एलसीए एमके1 का ऑर्डर एचएएल के पास है। इस सौदे के 2 विमान अक्टूबर में वायुसेना को सौंपे जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नासिक में इन विमानों का वायुसेना को देंगे। सूत्रों ने बताया कि यह फाइटर हवा से सतह से मार करने वाली शॉर्ट रेंज से लेकर बियोंड विजुअल रेंज की मिसाइलों से लैस हैं और इनकी परीक्षण उड़ानें हो चुकी हैं। एचएएल की दो प्रोडक्शन लाइनें बेंगलुरू में हैं, जबकि एक अत्याधुनिक लाइन नासिक में बनाई गई है। एक और एसेंबली लाइन बनाने की तैयारी की जा रही है।

## तेंदुए का ऐसा खौफ कि स्कूल में लगाना पड़ा लॉकडाउन

### 10 दिन स्कूल की छुट्टी की गई

नर्मदापुरम, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में तेंदुओं का खौफ चरम पर है। हालत ये है कि इटारसी के एक स्कूल में लॉकडाउन लगा दिया गया है। दस दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है और क्लासेस अब ऑनलाइन होंगी। वजह आसपास घूम रहे तेंदुए, जिन्होंने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व से सटे पथरौटा के पावर ग्रिड परिसर में पिछले आठ दिनों से मादा तेंदुआ और उसके शावक घूम रहे हैं। एक शावक की करंट से मौत के बाद रहवासी और स्कूल के बच्चों में डर और गहरा गया। वन विभाग ने तेंदुओं को परड़ने के लिए पिंजरे लगाए हैं।

दिन रात गश्ती हो रही है और लोगों मे खौफ का माहौल है। तेंदुए की दहशत इतनी हुई की स्कूल प्रबंधन ने पहले तीन दिन की छुट्टी की, लेकिन तेंदुआ पकड़ा नहीं गया। मजबूरन छुट्टियों को 13 सितंबर तक बढ़ाना पड़ा। इतना ही नहीं, इटारसी की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कैंपस में भी एक तेंदुआ पिछले 5 दिनों से घूम रहा है। उसके फुटप्रिंट हर रोज दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों में दहशत है और बच्चों का स्कूल जाना अब खतरे से खाली नहीं।

### महिला ने दिया 5.2 किलो के बच्चे को जन्म, डॉक्टर भी रह गए हैरान

जबलपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के जबलपुर के रानी दुर्गावती अस्पताल में एक दुर्लभ मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने 5.2 किलोग्राम वजन वाले बच्चे को जन्म दिया। डॉक्टरों का कहना है कि यह बहुत ही असामान्य है, क्योंकि सामान्य रूप से नवजात शिशु का वजन 2.8 से 3.2 किलो के बीच होता है। रांझी इलाके में रहने वाले आनंद चौकसे की पत्नी शुभांगी ने इस बच्चे को जन्म दिया। परिवार इस खुशखबरी से बेहद उत्साहित है। हालांकि, बच्चे का वजन असामान्य रूप से ज्यादा होने की वजह से डॉक्टर उसे खास निगरानी में रख रहे हैं। अस्पताल की प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ। भावना मिश्रा ने बताया, "मैंने पिछले कई सालों में इतना भारी बच्चा नहीं देखा है।"

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को जन्म के बाद कम से कम 24 घंटे तक विशेष देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि इनकी ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव आ सकता है। जिसको लेकर बहुत सतर्क रहने की जरुरत है। फिलहाल बच्चा एसएनसीयू (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में रखा गया है। डॉ। मिश्रा ने बताया कि चिकित्सक लगातार बच्चे की निगरानी कर रहे हैं और फिलहाल उसकी स्थिति नियंत्रण में है।

### स्पाई कैमरे से बाजार में महिला का बनाया अश्लील वीडियो, आरोपी पायलट किशनगढ़ से गिरफ्तार

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के किशनगढ़ इलाके से एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। जहां पुलिस ने एक निजी एयरलाइन के पायलट को छेड़छाड़ और आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित प्रियदर्शी के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाला है। पुलिस को उसके पास से एक लाइटर जैसा हिडन स्पाई कैमरा मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीती 30 अगस्त की रात करीब 10:20 बजे किशनगढ़ गांव की रहने वाली एक महिला ने शनि बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति को लाइटर के आकार के डिवाइस से आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड करते हुए देखा। महिला की शिकायत पर किशनगढ़ थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।




### गुजरात में कर चोरी करने वाला आरोपी संयुक्त अरब अमीरात में छिपा था, सीबीआई के प्रयास से हुई भगोड़े की वापसी

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात पुलिस, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से, वांछित भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन को संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाने में सफलता हासिल की है। हर्षित बाबूलाल जैन, कर चोरी, अवैध जुआ और धन शोधन के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा वांछित है। आरोपी को पांच सितंबर को गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इससे पहले, सीबीआई ने गुजरात पुलिस के अनुरोध पर 9 अगस्त 2023 को इंटरपोल के माध्यम से हर्षित बाबूलाल जैन के विरुद्ध रेड नोटिस प्रकाशित करवाया था।

आरोपी को संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित कर दिया गया। पांच सितंबर को अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आरोपी को गुजरात पुलिस को सौंप दिया गया है। इंटरपोल द्वारा प्रकाशित रेड नोटिस, वांछित भगोड़ों पर नज़र रखने के लिए दुनिया भर की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजे जाते हैं। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में, सीबीआई, इंटरपोल चैनलों के माध्यम से सहायता के लिए भारतपोल के माध्यम से भारत की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करती है। पिछले कुछ वर्षों में इंटरपोल चैनलों के माध्यम से समन्वय करके 100 से अधिक वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया गया है।

# 400 किलो आरडीएक्स सहित पाक के 14 आतंकी घुसे

## एक करोड़ लोग मरेंगे', मुंबई में 26/11 से भी बड़े हमले की मिली धमकी

मुंबई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई को एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस बार सुसाइड बॉम्बिंग यानी ह्यूमन बम ब्लास्ट की धमकी भेजी गई है। यह धमकी भरा मैसेज मुंबई पुलिस की ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर भेजा गया है। अनंत चतुर्दशी के मौके पर धमकी मिलने से पुलिस सतर्क हो गई है। मेसेज में दावा किया गया है कि 34 गाड़ियों में ह्यूमन बॉम्ब लगाए गए हैं और विस्फोट के बाद पूरा मुंबई शहर हिल जाएगा।

धमकी में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का उल्लेख है। साथ ही, इसमें



यह भी दावा किया गया है कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं। मैसेज में कहा गया है कि 400 किलो आरडीएक्स के विस्फोट से 1 करोड़ लोगों की जान जाएगी। मुंबई पुलिस इस धमकी को लेकर हाई अलर्ट पर है। यह पहली बार नहीं है जब मुंबई को मास लेवल पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इससे पहले भी कई बार पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल के जरिए या फिर पुलिस के नंबर पर मैसेज के जरिए ऐसी धमकियां दी जा चुकी हैं। हालांकि, इस बार धमकी बेहद गंभीर है और इसमें लाखों लोगों को टारगेट बनाने की बात कही गई है।

आज से करीब दो हफ्ते पहले, वारली के फोर सीजन होटल में ब्लास्ट की वॉर्निंग दी गई थी। इससे पहले 14 अगस्त को पुलिस को फोन कर के कहा गया था कि एक ट्रेन में धमाका होने वाला है। यह कहते ही कॉलर ने फोन काट दिया था। न समय और न ही लोकेशन की जानकारी दी गई थी। हालांकि, पुलिस ने गंभीरता से जांच की थी और उन्हें कुछ संदिग्ध नहीं मिला था। मुंबई को दहला देने की एक और धमकी 26 जुलाई को आई थी, जिससे हड़कंप मच गया था। कहा गया था कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) को बम से उड़ा दिया जाएगा।

धमकी देने वाले ने स्पष्ट रूप से कहा था कि स्टेशन पर बम रखा जाएगा, जिससे यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। पुलिस ने इस दौरान भी जांच में कुछ संदिग्ध नहीं पाया था।

### एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

इंदौर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग इंदौर के देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर हुई। प्लेन में 161 यात्री सवार थे। प्लेन के इंजन में खराबी के संकेत मिलने पर पायलट ने एटीसी को सूचना दी। इमरजैंसी लैंडिंग की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दमकले, मेडिकल टीम सहित अन्य एजेंसिया सतर्क हो गई थी, लेकिन विमान की लैंडिंग सकुशल हो गई, हालांकि विमान में सवार यात्रियों की जान सांसत में रही। इंदौर एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने राहत की सांस ली।

## 'गालियां समस्या नहीं', दिग्वियज सिंह बोले

### पीएम मोदी भी देते हैं गाली, खुद को सनातनी कहते हैं,



राजगढ़, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की मां पर की गई अभद्र टिप्पणी समेत अन्य मुद्दों पर मीडिया से बात की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश की असली समस्या गालियां नहीं हैं। पीएम नरेंद्र मोदी लोगों का ध्यान भटकाने के लिए गालियों पर चर्चा करते हैं। देश की वास्तविक समस्याएं संविधान पर खतरा, वोट चोरी, चुनाव आयोग का पक्षपातपूर्ण रवैया, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे हैं। इनसे अमीर और गरीब के बीच की खाई लगातार बढ़ती जा रही है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि गाली किसने दी है? क्या किसी कांग्रेस के कार्यकर्ता या नेता ने दी है? उन्होंने कहा कि मोदीजी खुद गाली देते हैं, लेकिन मीडिया ने आज तक उस पर कोई सवाल नहीं किया। पीएम ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्या-क्या नहीं कहा। मुख्य मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय चर्चा इस बात पर होती है कि पीएम मोदी क्या कहते हैं। प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत हमला करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदीजी अपने आपको सनातनी हिंदू कहते हैं। लेकिन, अपनी माताजी के निधन के बाद उन्होंने मुंडन नहीं कराया था। शराबबंदी को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि शराब नीति स्पष्ट है। जिस मोहल्ले में दुकान है, वहां की 50 प्रतिशत महिलाएं अगर लिखित में शराब की दुकान का विरोध करती हैं तो उसे हटाने का प्रावधान है। पूरे देश में केवल दो राज्य गुजरात और बिहार में ही शराबबंदी है, लेकिन वहां भी शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है। इसलिए शराबबंदी कोई विकल्प नहीं है। मेरा मानना है कि शराब का प्रचार-प्रसार अधिक नहीं किया जाना चाहिए। इसके वितरण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

### मंत्री विज का बयान: ममता बैनर्जी का हाल होगा हुड्डा जैसा, कहा- भूपेंद्र को खुड्डे लाइन लगाया हुआ है

अंबाला, 5 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बैनर्जी का तानाशाही रवैया हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तरह उन्हें भी मुश्किल में डाल सकता है। विज ने कहा कि जिस तरह हुड्डा ने अपने शासनकाल में उन्हें (अनिल विज) को कई बार विधानसभा से बाहर निकलवाया था, उसी तरह ममता बैनर्जी भी भाजपा विधायकों को विधानसभा से जबरन बाहर निकलवा रही हैं।

विज ने कोलकाता में हाल ही में हुए विधानसभा सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा विधायकों को मार्शलों द्वारा घसीटकर बाहर निकाला गया, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के तानाशाही रवैये के कारण भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज खुड्डे लाइन में हैं, और ममता बैनर्जी का भी यही हाल होने वाला है।

## अधिकारियों के घर का काम कर रहे जवान

### सीआरपीएफ के दुरुपयोग पर हाईकोर्ट ने मांगा गृह मंत्रालय से जवाब

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीआरपीएफ) के जवानों के घरेलू कामों में कथित दुरुपयोग के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से जवाब मांगा है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि सीनियर अधिकारियों के निजी कामों, जैसे कुत्ते की देखभाल, के लिए जवानों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि 83,000 से अधिक पद खाली पड़े हैं। याचिका में इस काम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है और जांच की मांग की गई है।

जनहित याचिका में कहा गया है कि जवानों के घोर दुरुपयोग का किया जा रहा है। वह भी ऐसे वक्त में जब सीएपीएफ में 83,000 से ज्यादा पद अब भी खाली पड़े हैं। यह याचिका बीएसएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) संजय यादव ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि देश के




सैनिकों को यहां तक कि आला अधिकारियों के कुत्ते की देखभाल तक में तैनात किया जाता है। जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने बीएसएफ और गृह मंत्रालय को नोटिस जारी कर याचिका में लगाए गए आरोपों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि यह प्रथा आम हो चुकी है कि विभिन्न फोर्स के कई जवानों को सीमा पर या कानून-व्यवस्था ड्यूटी पर लगाने के बजाय वरिष्ठ अधिकारियों के निजी घरों में घरेलू कामों के लिए तैनात कर दिया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस तरह जवानों का दुरुपयोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा है बल्कि सार्वजनिक खजाने पर भी अनुचित बोझ डालता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सीएपीएफ और असम राइफल्स में 83,000 से अधिक रिक्तियां हैं, ऐसे में उपलब्ध बल का निजी उपयोग बेहद गंभीर मामला है। यादव ने अपनी याचिका में 21 सितंबर 2016 के एक कार्यालय ज्ञापन का भी जिक्र किया है, जिसमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि सेवानिवृत्ति के एक महीने के भीतर अधिकारियों को मिले सभी विशेषाधिकार- जैसे घर पर जवानों की तैनाती, वाहन, निजी सुरक्षा आदि वापस ले लिए जाएं।


याचिकाकर्ता ने इसके बाद बीएसएफ ने 131 जवानों की सूची भी तैयार की थी, जो विभिन्न सेवानिवृत्त पुलिस और सीएपीएफ अधिकारियों के यहां अनाधिकृत रूप से काम कर रहे थे।

## मुंबई के पास बसाई जा रही है 'हलाल टाउनशिप'

### एनएचआरसी ने महाराष्ट्र सरकार से मांगा जवाब

मुंबई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लगभग 100 किलोमीटर दूर नेरल के पास बन रहा 'सुकून एंपायर' हाउसिंग प्रोजेक्ट इन दिनों विवादों में है। इस प्रोजेक्ट का एक प्रमोशन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला गरमा गया है। वीडियो में प्रोजेक्ट को 'हलाल लाइफस्टाइल टाउनशिप' के रूप में पेश किया गया है, जो खास तौर पर मुस्लिम समुदाय के लिए बनाया जा रहा है।

इस वीडियो में दावा किया गया है कि यहां परिवार अपने मजहबी तौर-तरीकों से समझौता किए बिना रह सकते हैं और बच्चे हलाल माहौल में बड़े होंगे। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन



(एनएचआरसी) ने इस प्रोजेक्ट पर संज्ञान लिया है। कमीशन के मुताबिक, इस तरह का मार्केटिंग ह्यूमन राइट्स नियमों और रियल एस्टेट रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट एक्ट (रेरा) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। एनएचआरसी के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इसे 'नेशन विदिन द नेशन' करार दिया और महाराष्ट्र सरकार से जांच की मांग की। कमीशन ने सरकार से दो हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। 'सुकून एंपायर' को डेवलप कर रही कंपनी रिफा स्ट्रक्चरल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड है, जो पहले 'सुकून रेजीडेंसी' प्रोजेक्ट पर भी काम कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट में मुस्लिम समुदाय के लिए खास स्कीम दी जा रही है।

डाउन पेमेंट के बाद बाकी राशि बिना बैंक लोन के आसान किस्तों में बिल्डर को दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि 'सुकून रेजीडेंसी' के 78 फ्लैट्स में से 72 और 'सुकून एंपायर' की 12 बुकिंग्स में से सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की हैं।

हालांकि, कंपनी ने अभी तक इस विवाद पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। प्रमोशन वीडियो में एक महिला हिजाब पहने नजर आती है, जो प्रोजेक्ट को मुस्लिम परिवारों के लिए सुरक्षित जगह बताती है। हालांकि, वीडियो और संबंधित सोशल मीडिया प्रोफाइल (जैसे इंस्टाग्राम) विवाद बढ़ने के बाद हटा दिए गए हैं। एनएचआरसी की नजर में यह मामला गंभीर है और महाराष्ट्र सरकार की प्रतिक्रिया इसका भविष्य तय करेगी।

### पुलिस ने 6.40 करोड़ के शेयर बाजार घोटाले में दो को दबोचा, फर्जी ऐप्स से करते थे ठगी

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने शेयर बाजार घोटाले में शामिल दो प्रमुख आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मंजीत कुमार की अगुआई और एसीपी रमेश लांबा की निगरानी में हुई इस कार्रवाई में पकड़े गए मोहम्मद आसिम अली खान और रुशिकेश जयवंत कांबले ने अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट्स को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराए, जिससे पीड़ितों के धन को कई चैनलों के जरिए हेराफेरी और मनी लॉन्ड्रिंग की गई। फर्जी आईपीओ फंडिंग और हाई रिटर्न वाले शेयर बाजार निवेश के झूठे वादों से लुभाकर इस सिंडिकेट ने निवेशकों से करीब 6.40 करोड़ रुपये ठगे। गिरफ्तार आरोपियों में एक मोहम्मद आसिम अली खान नैनीताल का रहने वाला है। वहीं, दूसरा आरोपित रिषीकेश जयवंत कांबले महाराष्ट्र के पुणे शहर का रहने वाला है। नेपाल सीमा से पुलिस ने दबोचा जांच में दोनों ने पुलिस को बताया कि पीड़ितों को सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया जाता था।

फिर उन्हें फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स जैसे सीबीसीएक्स डाउनलोड करने और निवेश समूहों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते थे। इसके बाद लोगों को निवेश के नाम पर गुमराह किया जाता था। दोनों आरोपितों ने कमीशन के लिए बार-बार अपने बैंकिंग क्रेडेंशियल्स प्रदान किए, जबकि कई एनसीआरपी शिकायतों से जुड़े होने के बावजूद। दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे संगठित साइबर सिंडिकेट्स के लिए पेशेवर खाता प्रदाता के रूप में काम करते थे।

## कौन हैं आईएएस अधिकारी साक्षी साहनी

### पंजाब में बाढ़ की तबाही के बीच जिन्हें गले लगा रहे हैं लोग

अमृतसर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के कई इलाके पूरी तरह से पानी में डूब चुके हैं, बाढ़ से हर तरफ हाहाकार है और लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आपदा की इस घड़ी में लोगों को सिर्फ एक सहारे की जरूरत होती है, जो अमृतसर की एक महिला अधिकारी उन्हें दे रही हैं। अमृतसर की डीसी साक्षी साहनी ग्राउंड जीरो पर उतरी हैं और बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी होकर उन्हें इस चुनौती का सामना करने की हिम्मत दे रही हैं।

साक्षी साहनी 2014 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने यूपीएससी सीएसई 2013 में ऑल इंडिया रैंक 6 हासिल की थी, जिसके बाद उन्हें पंजाब कैडर मिला था।



साक्षी खुद भी पंजाब की ही रहने वाली हैं। अधिकारी बनना उनके डीएनए में ही था, क्योंकि उनके पिता भी आईआरएस अधिकारी थे और मां स्कूल में प्रिंसिपल हैं।

साक्षी की बहन बैंकिंग सेक्टर में काम करती हैं। साक्षी साहनी ने अपना पहला यूपीएससी अटेंप्ट उस दौर में दिया था जब वो खुद कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं। साल 2012 में वो अपने पहले अटेंप्ट में कुछ ही नंबर से चूक गई थीं, लेकिन अगले ही साल उन्होंने जोरदार वापसी की और एआईआर 6 रैंक हासिल कर ली। आईएएस अधिकारी साक्षी ने नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद से बीए एलएलबी की डिग्री ली है।

यहां रहते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और पूरे बैच की टॉपर रहीं। उन्होंने 8 गोल्ड मेडल जीते। ये वो दौर था, जब उन्हें वकालत की तरफ जाना था, लेकिन बाद में सिविल सर्विसेस को अपना करियर चुन लिया। अमृतसर में डीसी के पद पर तैनात साक्षी साहनी ने हर मौके पर साबित किया है वो उन अधिकारियों में से हैं, जो जनता से जुड़कर उनके लिए काम करते हैं। पंजाब में जैसे ही बाढ़ ने तबाही मचाना शुरू किया, साक्षी साहनी मैदान में उतर गईं।

## सांसद इंजीनियर राशिद को तिहाड़ जेल में परेशान कर रहे किन्नर, एआईपी ने कहा- एड्स से हैं संक्रमित



जम्मू, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद ने दावा किया है कि उनपर तिहाड़ जेल में हमले की कोशिश हुई है। उन्होंने अपने वकील जावेद हुब्बी से कहा कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने कश्मीरी कैदियों को परेशान करने के नए तरीके ईजाद किए हैं। जानबूझकर उनके बैरकों में किन्नरों को रखा जाता है। उन्हें भड़काने, हमला करने और शत्रुतापूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अवामी इतिहाद पार्टी (एआईपी) के बयान के मुताबिक, वकील ने जेल में राशिद से मुलाकात के बाद दावा किया, "इंजीनियर राशिद पर उस समय जानलेवा हमला हुआ जब किन्नरों के एक समूह ने उन्हें धक्का देकर गेट उन पर गिरा दिया। वो किसी तरह बच गए। यह घातक साबित हो सकता था। यह उन्हें नुकसान पहुंचाने की सुनियोजित कोशिश से कम नहीं है।" साथ ही उन्होंने दावा किया, "जब कश्मीरी कैदी नमाज पढ़ना शुरू करते हैं, तो उत्पीड़न अपनी हदें पार कर जाता है और उन्हें जानबूझकर परेशान और उकसाया जाता है। किन्नरों को एचआईवी पॉजिटिव घोषित किया गया है और उन्हें जानबूझकर कश्मीरी कैदियों के साथ रखा गया है।'

' इंजीनियर राशिद ने बताया कि कश्मीरी कैदियों में बीरवाह के अयूब पठान, क़मरवारी के बिलाल मीर और श्रीनगर के आमिर गोजरी पर किन्नरों ने हमला किया। इसके साथ ही कुपवाड़ा के अर्शिद तांच को अपमानित किया। इंजीनियर राशिद की पार्टी अवामी इतिहाद पार्टी (एआईपी) इस पूरे मामले को लेकर चिंता जताई हौ और स्वतंत्र जांच की मांग की है। साथ ही जेल प्रशासन की जवाबदेही, सभी कश्मीरी कैदियों की सुरक्षा और गरिमा की तत्काल गारंटी की मांग की है।



शिवरामपल्ली स्थित रामदेवरा दरबार में मंदिर संगम ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर में आयोजित बाबा की बडी दशमी के दौरान उपस्थि बाबा के भक्तों ने जमकर जयकारा लगाते हुए भजनों का आनंद लिया। आयोजकों ने भक्तों के जोश व सहयोग के लिए बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

## नकली नोट की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 39 लाख फेक करेंसी के साथ 2 गिरफ्तार

बनासकांठा, 5 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात के बनासकांठा जिले की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने दिसा तालुका के महादेविया गांव में नकली नोट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। देर रात हुई इस छापेमारी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस ने मौके से 39 लाख रुपए से अधिक के नकली नोट, 5 प्रिंटर और नकली नोट बनाने के उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महादेविया गांव में रायमल सिंह परमार के खेत में बने एक तहखाने में नकली नोट छापे जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात वहां छापा मारा और संजय सोनी और कौशिक श्रीमाली नाम के दो आरोपियों को हिरासत में लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में 500 रुपए के नकली नोट जब्त किए। पुलिस के मुताबिक ये नोट इतने सटीक बनाए गए थे कि उनकी तुलना असली नोटों से की जा सकती थी। इसके अलावा, नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले 5 प्रिंटर और अन्य उपकरण भी पुलिस ने कब्जे में ले लिए। पुलिस ने बताया कि इस नकली नोट फैक्ट्री का मास्टरमाइंड संजय सोनी है, जिसके खिलाफ पहले से 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दूसरा आरोपी कौशिक श्रीमाली भी इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल था। तहखाना रायमल सिंह परमार के खेत में बना था, जो इस मामले का तीसरा आरोपी है और फिलहाल फरार है। रायमल सिंह के खिलाफ पहले से ही 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जबरन वसूली और धोखाधड़ी शामिल हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद


शनिवार, 6 सितंबर, 2025 3

**सुविचार:** अगर हम सत्य से छिपते हैं तो इसका अर्थ है कि हम अवश्य ही असत्य का संग कर रहे हैं

# छात्रों का भविष्य तेलंगाना का भविष्य है : रेवंत रेड्डी

> मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से तेलंगाना के पुनर्निर्माण के लिए आगे आने की अपील की

> शिक्षक छात्रों को नशे की लत से बचाने के लिए आगे आएं



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री श्री ए रेवंत रेड्डी ने पूरे शिक्षक समुदाय से तेलंगाना राज्य के पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि प्रस्तावित नई शिक्षा नीति शिक्षा क्षेत्र में कई सुधार लाएगी जिससे राज्य के पुनर्निर्माण में मदद मिलेगी।

आज शिल्पा कला वेदिका में शिक्षक दिवस समारोह में बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शिक्षा विभाग का कार्यभार इस प्रमुख क्षेत्र के पुनरुद्धार के लिए संभाल रहे हैं, जो राज्य में बीआरएस के 10 साल के शासन के दौरान पूरी तरह से बर्बाद हो गया था। 'कई मुख्यमंत्रियों ने राजस्व, वित्त और सिंचाई विभागों को अपने नियंत्रण में रखा। मैं एक शिक्षा मंत्री के रूप में शिक्षा विभाग पर कड़ी नज़र रख रहा हूँ।" मुख्यमंत्री ने कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा शिक्षा विभाग संभालने पर उनके ख़िलाफ़ की गई टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा। "मेरा कड़ा जवाब यह है कि मैं पहले से ही कई सुधारों को लागू करके शिक्षा क्षेत्र को पुनर्जीवित कर रहा हूँ। पिछली बीआरएस सरकार ने गरीबों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करने का वादा किया था, लेकिन उसे लागू नहीं किया।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि 2017 में शिक्षक भर्ती भी रोक दी गई थी। जनता की सरकार ने सत्ता में आने के केवल 55 दिनों में 11,000 शिक्षकों की भर्ती की। प्रसिद्ध उस्मानिया विश्वविद्यालय और काकतीय विश्वविद्यालयों ने पिछली सरकार के दौरान अपना गौरव खो दिया। तेलंगाना आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों ने ही जय तेलंगाना के नारे को तेलंगाना क्षेत्र के हर गाँव तक पहुँचाया। शिक्षकों ने तीव्र तेलंगाना संघर्ष के दौरान अभिभावकों को भी प्रभावित किया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक नई शिक्षा नीति लागू करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जिसके लिए सरकार ने पहले ही एक आधिकारिक समिति गठित कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी शिक्षक उच्च योग्यता प्राप्त और सामाजिक रूप से जिम्मेदार हैं। वेतन देने के अलावा, सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएँ भी प्रदान की जानी चाहिए। स्वयं सहायता समूहों को अम्मा आदर्श स्कूलों के नाम से स्कूलों के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी पहले ही सौंपी जा चुकी है। सरकार ने स्कूलों के प्रबंधन के लिए 130 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। कौशल विकास के लिए, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यंग इंडिया आवासीय विद्यालयों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में विकसित कर रही है और साथ ही बेरोज़गार युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक कौशल विश्वविद्यालय भी स्थापित कर रही है। हमने टाटा कंपनी के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में 65 आईटीआई को एटीसी में अपग्रेड भी किया है।

देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभाओं की पहचान करने हेतु यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और स्पोर्ट्स अकादमी भी स्थापित की जा रही हैं। शिक्षक समुदाय की एक और बड़ी ज़िम्मेदारी छात्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तेलंगाना में मादक पदार्थों की तस्करी और गांजा तस्करी पर नकेल कसने के लिए ईगल फोर्स का गठन पहले ही कर दिया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि छात्रों का भविष्य ही तेलंगाना का भविष्य है और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हमारा लक्ष्य : भट्टी

> युवा राज्य तेलंगाना दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा

> हमारे जमाने में छात्रों के लिए स्लेट नहीं, रेत पर लिखते थे अक्षर



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना राइजिंग-2047 तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखता है और यह युवा राज्य उस लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भट्टी विक्रमार्क ने शुक्रवार को गच्चीबावली स्थित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में मोतीलाल ओसवाल एक्जीक्यूटिव सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह युवा राज्य दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा और आईएसबी के छात्रों से राज्य के विकास में योगदान देने की अपील की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में पहले से अकल्पनीय तरीकों से निवेश कर रही है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि शिक्षा में निवेश राज्य निर्माण की नींव है, जिस पर जनता की सरकार पूरी तरह विश्वास करती है। छात्रों को निःशुल्क विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए, सरकार यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूल शुरू कर रही है।

भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि सरकार कौशल विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम तैयार कर रही है और उसे लागू कर रही है ताकि छात्रों को स्नातक होने के तुरंत बाद नौकरी मिल सके और पाठ्यक्रम उद्योग जगत के दिग्गजों के परामर्श से तैयार किया गया है। अपनी साधारण शुरूआत को याद करते हुए, भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि उन्होंने कक्षा एक से पांच तक एकल-शिक्षक वाले तेलुगु-माध्यम सरकारी स्कूल में पढ़ाई की, जहां शिक्षक छात्रों के लिए स्लेट नहीं रखते थे, बल्कि रेत पर अक्षर लिखते थे। कार्यक्रम में डीन मदन पिल्लुटला, प्रभात सिन्हा, उपमुख्यमंत्री के विशेष सचिव कृष्ण भास्कर और अन्य भी उपस्थित थे।

## शंकरपल्ली में छात्रावास पर छापा, गांजा पीते 10 युवक हिरासत में

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली में गुरुवार को पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मोकिला पुलिस और एसओटी राजेंद्रनगर टीम ने बुधवार देर रात डोंटनपल्ली स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में छापेमारी कर आठ छात्रों समेत 10 युवकों को गांजा पीते हुए पकड़ा। पकड़े गए युवकों में कुछ बी.टेक और लॉ के छात्र बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उनके पास से 300 ग्राम सूखा गांजा जब्त किया है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे यह नशीला पदार्थ कोमपल्ली निवासी वर्षित नाम के एक युवक से खरीदते थे। फिलहाल वह फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए अभियान तेज किया जाएगा।

# त्योहारी सीजन में यात्री और यातायात को संभालने के लिए दमरे ने कमर कसी

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने सिकंदराबाद स्टेशन पर त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ को संभालने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। पिछले वर्षों की तरह, ट्विन सिटी क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से लोकप्रिय स्थलों के लिए अतिरिक्त रेल सेवाएं संचालित की जाएंगी। हालांकि, सिकंदराबाद में बड़े पैमाने पर पुनर्विकास कार्यों के कारण, टर्मिनल भवन का एक बड़ा हिस्सा और एक फुटओवर ब्रिज अभी भी बंद हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे ने सिकंदराबाद स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही को कम करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक योजना शुरू की है। सिकंदराबाद स्टेशन पर सामान्य

**व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना की तैयारी**



दिनों में प्रतिदिन लगभग 1.3 लाख यात्री और त्योहारों के दौरान प्रतिदिन 2 लाख से अधिक यात्री आते हैं। सिकंदराबाद स्टेशन के भीतर भीड़भाड़ कम करने के लिए सिकंदराबाद को बायपास करने वाली कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन करेगा। बड़ी संख्या में यात्री स्टेशन में प्रवेश करते हैं और प्लेटफार्म तथा एफओबी पर प्रतीक्षा करते हैं। एससीआर टिकटिंग क्षेत्र के बाहर, प्लेटफार्म-1 और प्लेटफार्म-10 दोनों तरफ होल्डिंग क्षेत्र निर्धारित कर रहा है जहां यात्री ट्रेन के आने तक प्रतीक्षा कर सकते हैं। यात्रियों से अपील है कि वे स्टेशन पर आने-जाने के लिए साइनेज का उपयोग करें और घोषणाओं का पालन करें। प्लेटफार्म-1 से सिकंदराबाद (पश्चिम) मेट्रो के लिए नया प्रवेश/निकास: प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले यात्रियों को अलग करने के लिए, प्लेटफार्म-1 से सिकंदराबाद (पश्चिम) मेट्रो स्टेशन तक एक नया प्रवेश/निकास मार्ग बनाया जा रहा है। इसी तरह कई व्यवस्था की जा रही है। सिकंदराबाद स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के उपाय सितंबर के अंतिम सप्ताह, यानी दशहरा उत्सव/छुट्टियों की शुरूआत से लागू किए जाएंगे और दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के मौसम तक लागू रहेंगे।

# एआई का दुरूपयोग कर ब्लैकमेल और उत्पीड़न का मामला

## दो आरोपी गिरफ्तार, महिला और उसके परिवार को बनाया निशाना

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अलवाल पुलिस ने दो लोगों-रूपेश राज और ईएन रवि कुमार उर्फ रफी-को हिरासत में लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर मानहानिकारक सामग्री तैयार की, एक महिला और उसके परिवार को परेशान किया तथा 10 लाख रुपये की जबरन वसूली की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, मामला एक स्थानीय जिम से शुरू हुआ, जहां रूपेश राज ने महिला को धमकाना और डराना शुरू किया। उत्पीड़न धीरे-धीरे बढ़कर उसकी 12 वर्षीय बेटी का पीछा करने, परिवार की कार में ट्रैकिंग डिवाइस लगाने और निजी फोन वार्तालाप रिकॉर्ड करने तक पहुंच गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने महिला के ऑडियो क्लिप को एआई टूल्स से छेड़छाड़ कर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। जब वसूली नाकाम रही, तो उन्होंने फर्जी ऑडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया और यूट्यूब पर अपलोड कर दी। इस क्लिप में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पीएम साई प्रसाद को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की गई। पुलिस ने एक ट्रैकिंग डिवाइस, कॉल लॉग और हेरफेर की गई क्लिप समेत कई डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि रवि कुमार का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें धोखाधड़ी, ब्लैकमेल और उत्पीड़न के मामले दर्ज हैं।

# भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति आज 46वां सामूहिक गणेश विसर्जन करेगी



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति (बीजीयूएस) शनिवार (6 सितंबर) को लाखों श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ '46वां सामूहिक गणेश विसर्जन' आयोजित करेगी। उत्तरादि मठ के महंत श्री श्री सत्यात्मा तीर्थ स्वामीजी और हैदराबाद स्थित रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष श्री स्वामी बोधमयानंद इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। त्रिपुरा के राज्यपाल एन इंद्र सेना रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे और वे दोपहर 2 बजे चारमीनार और दोपहर 3 बजे एमजे मार्केट में श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। समिति ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण एमजे मार्केट जंक्शन पर एक 'वर्चुअल संदेश' के माध्यम से अपना आशीर्वाद देंगे। बीजीयूएस के महासचिव डॉ. रविनुथला शशिधर ने बताया कि 'तेलंगाना सरकार और त्रि-आयुक्त पुलिस' के सहयोग से व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने मंडप आयोजकों से सुबह 6 बजे तक जुलूस शुरू करने और अनंत चतुर्दशी के दिन मूर्ति विसर्जन पूरा करने की अपील की। इसके अलावा, समिति ने ट्विन सिटी के श्रद्धालुओं से "46वें सामूहिक गणेश विसर्जन" को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

# गणेश विसर्जन जुलूस : हैदराबाद में यातायात डायवर्जन की घोषणा

> बालापुर से नेकलेस रोड तक निकलेगा मुख्य जुलूस, कई क्षेत्रों में रूट बदलेंगे

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी शनिवार को होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के मद्देनजर हैदराबाद यातायात पुलिस ने गुरुवार को विस्तृत यातायात प्रतिबंध और रूट डायवर्जन की घोषणा की। मुख्य जुलूस बालापुर से शुरू होकर कट्टा मैसम्मा मंदिर, केशवगिरी, चंद्रयानगुट्टा फ्लाईओवर, एमबीएनआर एक्स रोड, फलकनुमा रेलवे ओवरब्रिज, अलीबाद, नागुलचिंता, चारमीनार, अफजलगंज, एमजे मार्केट, बशीरबाग, लेबर्टी जंक्शन और अंबेडकर प्रतिमा से होते हुए नेकलेस रोड (एनटीआर मार्ग व पीवीएनआर मार्ग) तक पहुंचेगा।

**घोषित यातायात डायवर्जन इस प्रकार रहेंगे :**

दक्षिण-पूर्व क्षेत्र : केशवगिरि, चंद्रयानगुट्टा एक्स रोड, एमबीएनआर एक्स रोड, चंचलगुडा जेल एक्स रोड, मूसारामबाग, चदरघाट ब्रिज।

**दक्षिण क्षेत्र :** इंजन बाउली, नागुलचिंता, हिम्मतपुरा, चारमीनार, गुलजार हाउस, काली कमान, मदीना एक्स रोड, नयापुल, सिटी कॉलेज, मोती गली आदि।

**पूर्वी क्षेत्र :** शिवाजी ब्रिज, अफजलगंज, पुतलीबावली, ट्रूप बाजार, कोटि, हिमायतनगर, वाईएमसीए।

**दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र :** एमजे ब्रिज, पुरानापुल, दारुसलाम, शंकर बाग, प्रदर्शनी मैदान (अजंता गेट)।

**सेंट्रल जोन :** चैपल रोड, गनफाउंड्री, लिबर्टी जंक्शन, तेलुगू तल्ली जंक्शन, खैरताबाद, इंदिरा पार्क, टैंक बंड, बुद्ध भवन, सेलिंग क्लब, नल्लागुट्टा जंक्शन।

**उत्तरी क्षेत्र :** क्लॉक टॉवर, पटनी, सीटीओ, पैराडाइज और रानीगंज एक्स रोड्स।

## केजीआरसीईटी में सतत जल और अपशिष्ट समाधान पर राष्ट्रीय सम्मेलन

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केजीआरसीईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने एआईसीटीई-वाणी योजना के अंतर्गत लचीले ग्रामीण और शहरी समुदायों के लिए सतत जल और अपशिष्ट समाधान विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। सम्मेलन में कुल आठ संसाधन विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों का नेतृत्व किया। इसके साथ ही देशभर के विभिन्न संस्थानों से आए संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें जल प्रबंधन और अपशिष्ट निपटान की नवीन तकनीकों पर विचार-विमर्श हुआ। समापन सत्र में केजीआरसीईटी के प्राचार्य डॉ. साई सत्यनारायण रेड्डी, उप-प्राचार्य डॉ. एमएन नरसैया, अनुसंधान के डीन डॉ. जयहरि, विभागाध्यक्ष डॉ. सौम्या सुचरिता सिंघा, प्रोफेसर श्रीनिवास रेड्डी तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# कोमटिरेड्डी ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर एनएसी प्रशिक्षक स्नेहलता को बधाई दी

> देशभर से चुने गए 13 पुरस्कार विजेताओं में से तेलंगाना से एकमात्र विजेता है स्नेहलता



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन, छायांकन मंत्री और राष्ट्रीय निर्माण अकादमी (एनएसी) के उपाध्यक्ष, कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने पर एनएसी प्रशिक्षक स्नेहलता को बधाई दी। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा स्थापित यह पुरस्कार स्नेहलता को तेलंगाना के बेरोजगार युवाओं के बीच व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार सृजन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। वह देशभर से चुने गए 13 पुरस्कार विजेताओं में से एक हैं और तेलंगाना से एकमात्र हैं, जो हनमकोंडा की रहने वाली हैं। मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से फ़ोन पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और वारंगल, करीमनगर और जगतियाल में एनएसी के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने में उनके प्रयासों की प्रशंसा की, जिससे युवाओं को प्रमाणपत्र और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि स्नेहलता को यह सम्मान मिलना तेलंगाना के लिए गर्व की बात है। सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी राज्य भर में कौशल विकास केंद्रों के निर्माण पर जोर दे रहे हैं। कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने यह भी बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से एनएसी को मज़बूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि इसे कौशल प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच बनाया जा सके और प्रशिक्षुओं के लिए शत-प्रतिशत रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। मंत्री ने कहा, स्नेहलता की उपलब्धि केवल एक व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि एनएसी के संकाय और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का भी प्रतिबिंब है। यह सम्मान कई और प्रशिक्षकों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए एनएसी निदेशक शांति श्री को भी बधाई दी और एनएसी के महानिदेशक और राज्य के विशेष मुख्य सचिव विकास राज के मार्गदर्शन की सराहना की, जिन्होंने भी स्नेहलता को अपनी शुभकामनाएं दीं।



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. STCVSKP-RGDA NewDiv-OT115, दिनांक : 30.08.2025

कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे में रायगड़ा मण्डल के अस्थायी नियंत्रण (Control) कार्यालय, रायगड़ा मण्डल के अस्थायी मण्डल रेलवे प्रबंधक कार्यालय के साथ-साथ नए रायगड़ा मण्डल मुख्यालय के संस्थापन से संबंधित दूरसंचार कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 9,26,77,199.88, EMD : ₹ 6,13,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 18 (अठारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.09.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, (निर्माण)/कोरापुट

PR-98/CI/25-26

**पूर्व तट रेलवे**

**नीलामी सूचना**

नीलामी सूची सं. CAT-PARK-00083

लॉट नं./वर्ग : PARKING-WAT-PLH-MX-132-25-1 (Parking - Mixed)

विवरण : पारलाखेमुंडी (वाल्टियर मण्डल) में दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल।

ट्रिप्स/दिन : 1096, लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 12.09.2025 को 1100 बजे, लॉट बंद होने की तिथि : 12.09.2025 को 1130 बजे, न्युनतम वृद्धि : 0.2%

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-558/Q/25-26

**पूर्वोत्तर रेलवे** निविदा सूचना सं. 39 दिनांक 04.09.2025

Website : www.ner.indianrailways.gov.in E-mail : cos@ner.railnet.gov.in

**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22252228 | 21.10.2025 | स्फेरोलास्टिक रबर बेअरिंग इत्यादि | 770 Nos. |
| 2. | 22251045 | 20.10.2025 | इलास्टोमेरिक पैड डिजाइन बी इत्यादि | 11402 Nos. |
| 3. | 22252140 | 08.10.2025 | सेट ऑफ ब्रेक सिलिंडर्स एल एच एण्ड आरएच इत्यादि | 75 Sets |
| 4. | 22251528 | 07.10.2025 | बोगी बोल्स्टर अस्सली फॉर एयर स्प्रिंग इत्यादि | 130 Nos. |
| 5. | 28250723 | 29.09.2025 | फाग सिंगनल डेटनेटिंग इत्यादि | 484 Nos. |
| 6. | 29251029B | 26.09.2025 | मोटर इलेक्ट्रिक प्वाइंट मशीन विथ 160 वी एसी इत्यादि | 3558 Nos. |
| 7. | 26255181 | 24.09.2025 | मैनुफैक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ प्रेसट्रेस्सेड इत्यादि | 96422 Nos. |

मुजाधि/एस-45 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, SANGITA MISHRA Wife of Mr ARUN KUMAR MISHRA presently residing at Vill-Umedpur, Post-Umedpur, Teh-Dumraon, Distt- Buxar (Bihar) PIN- 802112 have changed my name from SNGEETA to SANGITA MISHRA vide affidavit dt 24 JUL 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

I, PANDIAMMAL K R/O: H.NO.27, EAST STREET,PANNIYAN, KOKKULAM, USILAMPATTI, MADURAI, TAMILNADU- 625514, have changed my Daughter's name from PANDIAMMAL K to PANDIYAMMAL KANNAN and my DOB is: 27-10-1960 vide Affidavit dt.05-09-2025.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## मजदूर को मिला 4.42 करोड़ का जीएसटी नोटिस

### एक महीने का टर्न ओवर था 24.55 करोड़

जौनपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मजदूरी करके घर की आजीविका चलाने वाले एक युवक के नाम से कागजों पर फर्म चलाई जा रही थी। इसके माध्यम से एक महीने में 24 करोड़ 55 लाख 80 हजार का टर्न ओवर भी कर लिया गया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब मजदूर को 4 करोड़ 42 लाख 4 हजार 400 रु जीएसटी भुगतान करने का नोटिस मिला। नोटिस मिलते ही पीड़ित मजदूर के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने अपने साथ हुई जालसाजी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक समेत अन्य अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। मामला मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव का है। इसी गांव निवासी रोहित सरोज की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। रोहित और उनके बड़े भाई परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजदूरी करते हैं।

दोनों भाई महीने में दस से पंद्रह हजार कमा कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। इस दौरान जालसाजों ने उनके साथ ऐसा किया कि उन्हें 4.42 करोड़ की नोटिस मिल गई। नोटिस मिलने के बाद से उनके परिवार के लोग भी परेशान हो गए हैं। उनका कहना है कि हम मजदूरी करने वाले लोग करोड़ों रु कहां से जमा करेंगे। अपने साथ हुई जालसाजी के बारे में पीड़ित रोहित सरोज ने पुलिस महानिरीक्षक से लेकर अन्य अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल मुंगरा बादशाहपुर पुलिस जालसाजों का पता लगाने में जुट गई है।

## 'पुष्पा' स्टाइल में तस्करी

### बिहार भेजी जा रही थी 60 लाख की शराब यूपी पुलिस ने मंसूबों पर फेरा पानी

लखनऊ, 5 सितंबर (एजेंसियां)। शराब तस्कर यूपी से बिहार में शराब तस्करी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। शराब तस्कर वालीवुड की फिल्म पुष्पा के स्टाइल में ट्रक के नीचे अलग चैंबर बनाकर अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे थे लेकिन कुशीनगर पुलिस ने उनके मसूबों पर पानी फेरते हुए अंतरप्रांतीय शराब तस्करी गिरोह का खुलासा कर दिया। पुलिस ने 3 शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास के दो ट्रकों से 224 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। वाहन सहित बरामद शराब की कीमत लगभग 60 लाख रुपये बताई जा रही है। शराब तस्करों के खिलाफ की गई यह यह कार्रवाई पडरौना कोतवाली पुलिस ने यूपी-बिहार सीमा पर की। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों शराब तस्कर हरियाणा के रहने वाले हैं।

## फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव, जांच में जुटी पुलिस

सहजनवां, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत पुंडा के गांव बनोहिया में एक किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला। स्वजन आत्महत्या करने का दावा कर रहे है। पुलिस शव को कब्जे में जांच कर रही है। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुंडा के कस्बा गांव बनोहिया निवासी रोहित की 13 वर्षीय पुत्री खुशबू कक्षा पांच में पढ़ती थी। खाने के बाद अकेले सोने चली गई। सुबह नहीं उठने पर स्वजन आवाज लगाए तो कुछ नहीं बोली। दरवाजा खोल कर देखा तो शव फंदे के सहारे लटक रहा था। शव को नीचे उतार पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। मृतिका तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी है। अभी कोई तहरीर नहीं पड़ी है।

## दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में 111 दिनों में आएगा फैसला



मुजफ्फरपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कुढ़नी थाना क्षेत्र में दलित परिवार की पांचवीं की छात्रा से दुष्कर्म के बाद गला रेतकर हत्या के मामले में पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलेगा। आरोपित के विरुद्ध चल रहे सेशन ट्रायल में 15 सितंबर को विशेष कोर्ट पॉक्सो एक्ट संख्या-तीन की न्यायाधीश नूर सुल्ताना फैसला सुनाएंगी। घटना के 111 दिनों के बाद यह फैसला आएगा। बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की ओर से चल रही बहस पूरी हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) राजीव रंजन राजू और बचाव पक्ष की ओर से डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामबाबू सिंह ने बहस पूरी की।

इसके बाद विशेष कोर्ट ने फैसले के लिए 15 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई। उस दिन मनियारी हरपुर बलरा निवासी आरोपित जेल में बंद रोहित सहनी के विरुद्ध विशेष कोर्ट पॉक्सो एक्ट संख्या-तीन की न्यायाधीश फैसला सुनाएंगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से केस में 15 गवाह और बचाव पक्ष की ओर से आरोपित की मां और बहन समेत चार लोगों ने सफाई साक्ष्य पेश किया था। बता दें कि 26 मई को घर के बाहर खेल रही छात्रा को बिस्कुट और कुरकुरे देकर आरोपित ने साइकिल पर बैठाकर मधुबन चौर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। गिरफ्तारी की भय से आरोपित ने छात्रा का गला रेत दिया था। एसकेएमसीएच में उसे भर्ती कराया था। गंभीर हालत में उसे पटना रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# एयरपोर्ट, नई रेल लाइन, वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ कई सौगातें देंगे पीएम मोदी

पटना, 5 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार आने वाले हैं। 15 सितंबर को पीएम मोदी का सीमांचल दौरा होने वाला है। इस दिन वे बिहार के लोगों को कई बड़ी सौगातें देंगे। नया एयरपोर्ट, नई रेल लाइन, नई वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ अन्य योजनाओं की सौगात देंगे। पीएम मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां भी जोर-शोर से की जा रही है। सीमांचल दौरे के दौरान पीएम पूर्णिया हवाई अड्डा का उद्घाटन करेंगे। राज्य



को नई वंदे भारत एक्सप्रेस और नई रेल लाइन की सौगात देंगे। इसके साथ पटना मेट्रो का उद्घाटन भी कर सकते हैं। दरअसल, हाल ही में पटना मेट्रो का ट्रायल किया गया। जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार बिहार दौरे के दौरान पीएम मोदी मेट्रो का भी उद्घाटन कर सकते हैं।

**सीमांचल से विरोधियों को संदेश**

पीएम मोदी के सीमांचल दौरे को लेकर कहा जा रहा है कि यहां उनकी एक बड़ी जनसभा भी होगी। इसके जरिए सीमांचल के वोटरों को साधा जा सकता है। साथ ही विपक्ष को कड़ा संदेश दे सकते हैं। दरअसल, पीएम मोदी की जनसभा तो पूर्णिया में होगी लेकिन सीमांचल के अन्य जिले जैसे कि अररिया, कटिहार और किशनगंज के भी लोगों के पूर्णिया पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। दिलीप जायसवाल ने किया था दावा पूर्णिया में तैयारियों को लेकर लगातार बीजेपी के नेता जायजा ले रहे हैं। पिछले दिनों दिलीप जायसवाल ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए चार जिलों से लाखों की संख्या में लोग आएंगे। प्रधानमंत्री पूर्णिया के एसएसबी कैंप मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रहेंगे।

**पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन महत्वपूर्ण**

पूर्णिया में एयरपोर्ट का उद्घाटन बड़ी बात मानी जा रही है। पूर्णिया एयरपोर्ट न सिर्फ बिहार का, बल्कि कोलकाता के बाद पूर्वी भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। इसकी हवाई पट्टी 2800 मीटर लंबी होगी। इस पर बड़े विमानों के टेकऑफ और टेकओवर करने में भी परेशानी नहीं होगी। यह एयरपोर्ट बिहार से पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में उड़ान भरने के लिए तैयारी के अंतिम चरण में हैं।

# मानव तस्करी की सूचना पर रेलवे पुलिस ने सीमांचल एक्सप्रेस में मारा छापा

### लगभग 30 बच्चे उतारे गए

प्रयागराज, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मानव तस्करी की सूचना पर रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को प्रयागराज जंक्शन पर फिर सीमांचल एक्सप्रेस में छापेमारी कर दी। इस दौरान मिले करीब 30 बच्चों को ट्रेन से नीचे उतारा गया है। बच्चों का सत्यापन किया जा रहा है और उनके परिजनों को बुलाया गया है। दो दिन पहले भी इसी ट्रेन में छापेमारी कर पुलिस ने 17 बच्चों को बरामद किया था जिन्हें



पढ़ाई के नाम पर मजदूरी कराने के लिए ले जाया जा रहा था। रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि सीमांचल एक्सप्रेस से 42 बच्चों को तस्करी करके ले जाया जा रहा है। इसके बाद जीआरपी पुलिस, आरपीएफ और एएचटीयू ने सीमांचल एक्सप्रेस के जंक्शन पर पहुंचते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया। छापेमारी में करीब 30 बच्चे पुलिस के हाथ लगे जिनके साथ कोई अभिभावक नहीं था। बच्चों को ट्रेन से नीचे उतारकर पूछताछ शुरू कर दी। उनके परिजनों को मौके पर बुलाया गया है। दो दिन पहले भी इसी ट्रेन में छापेमारी कर पुलिस ने कई बच्चों को पकड़ा था।

## एबीवीपी पर दिए गए बयान को लेकर ओपी राजभर की मुश्किलें बढ़ीं

# पहले घर के सामने हुआ बवाल और अब लीगल नोटिस



लखनऊ, 5 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वाले कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर 'गुंडा' कहने के बाद, उनके घर के सामने प्रदर्शन हुआ और अब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में उन्हें एक विधिक नोटिस भेजा गया है, जिसमें 5 दिनों के भीतर सार्वजनिक माफी की मांग की गई है। मंत्री ओपी राजभर को यह कानूनी नोटिस गोंडा के रहने वाले एबीवीपी कार्यकर्ता आदर्श तिवारी ने अपने वकील सिद्धार्थ शंकर दुबे के माध्यम से भेजा है। यह नोटिस खास तौर पर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को 'गुंडा' कहे जाने वाले बयान के खिलाफ है। नोटिस में कहा गया है कि अगर राजभर अगले 5 दिनों के भीतर इस बयान के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते हैं, तो उनके खिलाफ मानहानि की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## तेज धूप और हवाओं से बदल रहा मौसम, अगले दो दिन रह सकता है असर

मेरठ, 5 सितंबर (एजेंसियां)। मेरठ के मोदीपुरम सहित पश्चिम उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले कई दिनों तक बारिश होने के बाद बीते दो दिनों से मौसम साफ है और धूप निकलने से गर्मी का असर बढ़ने लगा है। शुक्रवार सुबह से ही तेज धूप के कारण दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। तापमान में बढ़ोतरी के साथ दिन और रात दोनों में गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी दो-तीन दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी। इस बीच हवा की रफ्तार भी पिछले दिनों की तुलना में बढ़ी है। शुक्रवार को हवाएं 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यू.पी. शाही ने बताया कि 2 से 3 डिग्री तापमान की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# 'भाजपाई गुंडों ने सरेआम महिलाओं को पीटा'

### बीजेपी पर बरसे तेजस्वी यादव, मीडिया को भी नहीं छोड़ा

पटना, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पीएम मोदी की मां के अपमान मामले को लेकर गुरुवार को बिहार बंद था। इस दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आईं, जिसे लेकर अब विपक्ष बीजेपी पर निशाना साध रहा है। शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी और मीडिया दोनों पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष ने हमला करते हुए लिखा, वाह मोदी जी वाह! काश! रैली की तरह बिहार बंद के लिए भी भाड़े पर लोग बुला लेते। जैसे रैली में पुलिस और प्रशासन पर दबाव देते हैं ऐसे ही बंद के लिए पुलिस को ही बोल देते वो ही ट्रैफिक रुकवा देते। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी ने बिहार में दुनिया भर की गुंडागर्दी की



आगे उन्होंने लिखा, भाजपाई गुंडों ने सरेआम महिलाओं को पीटा, शिक्षिकाओं को पीटा, गर्भवती महिलाओं को रोका, बुजुर्गों को धक्का दिया, छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया, बच्चों को स्कूल जाने से रोका, एम्बुलेंस को रोका, शहीद के परिजनों को पीटा लेकिन फिर भी ये नकारे लोग पंचायत तो छोड़िए एक वार्ड तक बंद नहीं करा पाए! धिक्कार है!

**मीडिया पर भी जमकर बरसे तेजस्वी**

वहीं तेजस्वी यादव मीडिया पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की गुंडई पर गोदी मीडिया को सांप सूंघ गया। बेचारों ने इस पर कोई डिबेट नहीं की। विपक्ष के बंद में कोई छींक भी देता तो इनके स्टूडियो में जातिवादी तूफान आ जाता, इनकी पत्रकारिता पर मोर नाचता, लेकिन बेचारे बीजेपी की विफलता से सदमें में है। गुजरात के रहने वाले मोदी जी ने वोट की खेती के लिए बिहार बंद में आम बिहारियों को परेशान करने का मस्ती भरा निर्णय ले लिया। शायद अभी उन्हें बढ़िया स्क्रिप्ट के साथ और अधिक टेसू बहाने होंगे।

# लोकसभा और विधानसभा

## धराशाई होने के बाद क्या पंचायत चुनाव के सहारे मायावती फूंक पाएंगी बीएसपी में जान



लखनऊ, 5 सितंबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन पर अपनी खोई हुई ताकत को वापस पाने के लिए तैयार है। अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी पूरे दम-खम के साथ उतरने की रणनीति बना रही है। लंबे समय बाद बीएसपी गांव-गांव में अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए सक्रिय हो रही है, जिसका लक्ष्य न केवल पंचायत चुनाव में जीत हासिल करना है बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत जमीन तैयार करना भी है। लोकसभा चुनाव के बाद बीएसपी ने संगठन को मजबूत करने के लिए कैडर कैंपों पर फोकस किया है। इन कैंपों के जरिए पार्टी गांव-गांव में अपनी पहुंच बढ़ा रही है।

सैकड़ों की संख्या में लोग इन कैंपों में बीएसपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी न केवल नए लोगों को जोड़ रहे हैं, बल्कि अन्य दलों के असंतुष्ट नेताओं को भी बीएसपी के साथ लाने में जुटे हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत चुनाव की तैयारियां और तेज की जाएंगी।

# 'बी से सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि भी होती है, जो आपके पास नहीं है'

## बिहार को लेकर केरल कांग्रेस के ट्वीट पर बवाल

पटना, 5 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार की सियासत में इन दिनों हंगामा मचा हुआ है। केरल कांग्रेस के एक ट्वीट ने बिहार में सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। केरल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर बिहार की तुलना बीड़ी से करते हुए 'बी से बिहार, बी से बीड़ी' जिसके बाद बवाल मच गया। इस ट्वीट को लेकर बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर सीमारेखा पार की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने के बाद कांग्रेस ने बिहार की तुलना बीड़ी से की है।

उन्होंने कहा, 'क्या तेजस्वी यादव इसका समर्थन करते हैं? रेवंत रेड्डी से लेकर डीएमके और कांग्रेस तक,



बिहार को लेकर उनकी नफरत साफ दिखाई देती है।' जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने लिखा, 'कांग्रेस की एक और अत्यंत शर्मनाक हरकत! आपको बता दें कि बी से सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि भी होती है, जो आपके पास नहीं है! बी से बजट भी होता है, जिसमें बिहार को विशेष सहायता मिलने पर आपको मिर्ची लगती है। बिहार का मजाक बनाने की नीचता कर कांग्रेस ने न केवल बिहारवासियों का फिर से अपमान किया है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र का भी मजाक बनाया है।' झा ने आगे लिखा कि यकीन मानिए, बिहार की महान जनता कांग्रेस द्वारा बार-बार किये जा रहे अपमान का करारा जवाब आगामी विधानसभा चुनाव में देगी, बीड़ी के धुएं से नहीं, वोट की चोट से।

बिहार में इस बीच एक और विवाद ने जोर पकड़ लिया है। दरअसल, राहुल गांधी के मंच से पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देने का मामला सामने आया था। इसके विरोध में बीजेपी ने गुरुवार को 5 घंटे का बिहार बंद बुलाया था। इस मुद्दे ने भी सियासी माहौल को और गर्म कर दिया। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इस पूरे मामले को गुजरात बनाम बिहार से जोड़ते हुए बीजेपी पर निशाना साधा।

लालू ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, 'गुजराती लोग बिहारियों को इतने हल्के में नाले। ये बिहार है। बीजेपी के गुंडे राह चलती महिलाओं, बहन-बेटियों, बुजुर्गों और स्कूल जाने वालों को परेशान कर रहे हैं। सड़क पर आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।'

## रील बना रहे युवक महिला से भिड़े, फिर ट्रक से टकराए, तीन की मौत

देवरिया, 5 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के कसया रोड पर शुक्रवार सुबह बाइक पर रील बनाते समय हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि एक किशोर घायल हो गया। सभी शहर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार बाइक पर रील बनाते समय हादसा हुआ है। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने हुए थे। घटना से मृतकों के मोहल्लों में शोक की लहर दौड़ गई है। सुबह करीब आठ बजे दो युवक व एक किशोर एक ही बाइक पर बैठक शहर से कसया रोड की ओर जा रहे थे। सबार सड़क पर जा रहे ट्रक से भिड़कर घायल हो गए। लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## सेहत और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बूस्टर डोज देंगी जीएसटी की घटी दरें

लखनऊ, 5 सितंबर (एजेंसियां)। जीएसटी के दो स्लैब होने से सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार वाले यूपी को कारोबार की बूस्टर डोज मिल गई है। सीमेंट में 10 फीसदी जीएसटी घटने से बिना बजट बढ़ाए ही अवस्थापना व विकास के मद में ज्यादा रकम आ गई। स्वास्थ्य सहित हर तरह के बीमा में शून्य जीएसटी से यूपी में फार्मा व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सेक्टरों में 20 फीसदी तक तेजी के आसार हैं। साथ ही बीमा कंपनियों को राज्य से 50 लाख पॉलिसी मार्च तक ज्यादा मिलने की उम्मीद है। यूपी को स्वास्थ्य बीमा में जीएसटी 18 से घटकर शून्य फीसदी होने का फायदा सबसे ज्यादा मिलेगा। अस्पतालों में बीमित इलाज का दायरा बढ़ेगा और स्वास्थ्य बीमा के दायरे में 90 लाख और लोगों के आने का अनुमान है।

साथ ही स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 27 क्षेत्रों में भी 10 से 15 फीसदी तक ग्रोथ आने की उम्मीद है। जीएसटी घटने से सीमेंट के दामों में 8 फीसदी तक कमी आने का अनुमान है। इसका निम्न व मध्य वर्ग को सीधा फायदा मिलेगा। वित्तीय संस्थाओं और बैंकों का मानना है कि शुरू में केंद्र और राज्यों को करीब 48000 करोड़ का राजस्व नुकसान होगा।

# विधायक केतकी सिंह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें? सपा ने भेजा कानूनी नोटिस

बलिया, 5 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश स्थित बलिया के बांसडीह से भारतीय जनता पार्टी की विधायक केतकी सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। समाजवादी पार्टी ने उनके हालिया बयान के बाद कानूनी नोटिस भेजा है। सपा की अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एडवोकेट कृष्ण कन्हैया पाल की ओर से मानहानि की नोटिस भेजी गई है। नोटिस में लिखा है कि 3.9.2025 को, लगभग 1:30 दोपहर, जब मैं अपने मित्रों और सहकर्मियों के साथ अपने कक्ष में बैठकर यूट्यूब ब्राउज कर रहा था, तभी मुझे एक वीडियो दिखाई दिया जिसमें आप एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थीं। उस कॉन्फ्रेंस के दौरान, एक पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में, आपने अपमानजनक उत्तर दिया। नोटिस में लिखा है, आपसे पूछा गया- अखिलेश कल बिहार चुनाव प्रचार में गए थे, लेकिन इनका एक भी उम्मीदवार वहां खड़ा नहीं था, फिर भी गए हैं चुनाव प्रचार में, आप कैसे देखते हैं? नोटिस में लिखा गया कि इसका आपने जवाब दिया- अच्छा बहुत दिन से हो गया होगा अपने एसी कमरे में रहते हुए साहब को लगा होगा कि मैं भी घूम कर आता हूं। चुनाव



ऐसी हरकत कर सकते हैं, परंतु उन्हें पता जरूर करवाना चाहिए कि समाजवादी पार्टी में ऐसे कौन लोग थे जो टोटियां उखाड़ कर ले गए थे। पहले यूपी की जनता को, जिसने उन्हें चार बार मुख्यमंत्री बनाया, उनकी टोटिया वापस कीजिए, उसके बाद आगे की बात होगी।' नोटिस में लिखा गया कि उपरोक्त उत्तर को देखने और सुनने के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि आपने दुर्भावनापूर्ण रूप से आरोप लगाया

चुनाव खेलकर आता हूं। पर अभी उनके एक ऑफिसियल ट्विटर से और समाजवादी ट्विटर से भी मैंने देखा कि मेरे खिलाफ उन्होंने कोई ट्वीट वगैरह किया था। तो मैं तो यह कहना चाहूंगी कि ठीक है, आप वहां जाकर जो वोट मांगना है वो लीजिए, परंतु पहले यूपी की जनता को वो टोटियां लौटाइए जो आप मुख्यमंत्री आवास खाली करते हुए ले गए थे। अब मुझे नहीं लगता अखिलेश यादव जी जैसे बड़े नेता कि अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री आवास से टोटियों की चोरी की थी जब अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। आपने जानबूझकर समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में कन्नौज से संसद सदस्य (लोकसभा) अखिलेश यादव को बदनाम करने के गुप्त इरादे से इस प्रेस कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था की और उसे संबोधित किया।

# बिहार में बदले गठबंधन के सियासी समीकरण, चिराग पासवान और प्रशांत किशोर पर सबकी नजर

पटना, 5 सितंबर (एजेंसियां)। इस बार के विधानसभा चुनाव में जिस हिसाब से गठबंधन और पार्टियों के समीकरण बदले हैं, उसका असर चुनाव परिणाम आने के बाद भी दिखेगा। एनडीए से लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के अलग होना और राजद वाले महागठबंधन से वीआईपी का अलग होना पिछले विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर परिणामों को प्रभावित किया था। इस बार समीकरण बदला हुआ है। चिराग पासवान एनडीए के साथ दिखाई दे रहे हैं, तो



मुकेश सहनी राजद के पाले में बैठे दिख रहे हैं। हम और रालोसपा जैसी छोटी पार्टियां भी एनडीए के साथ हैं। पिछली बार जहां ओवैसी एक बड़े फैक्टर बने, उसी तरह इस बार प्रशांत किशोर के वोट शेयर पर सबकी नजर रहेगी। विधानसभा चुनाव में बीजेपी नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही रहने की बात कह रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने सीएम फेस पर अब तक अपना पत्ता नहीं खोला है। वामदलों की एकजुटता भी इस बार देखने को मिल रही है। पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा के दौरान महागठबंधन के सभी घटक दलों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। वोट शेयर के लिहाज से अगर देखा जाये तो 2020 में महागठबंधन के घटक दलों का वोट शेयर बेहतर रहा है, लेकिन इस बार समीकरण बदले हुए हैं। 2020 में राष्ट्रीय जनता दल का 23.11, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 9.48 और भाकपा (माले) लिबरेशन का 3.16 प्रतिशत वोटों पर कब्जा रहा। चुनाव में सबसे ज्यादा फायदा सभी वाम दलों को हुआ। इसने 12 सीटों पर जीत हासिल की। एनडीए की बात करें तो 2020 में भाजपा को 19.46% वोट मिले, जबकि 80 सीटें हासिल कीं। जदयू को 2020 में 43 सीटें रहीं, जबकि वोटों का प्रतिशत 15.42 प्रतिशत रहा। जदयू को दोनों स्तरों पर ज्यादा नुकसान हुआ। लोजपा इस बार एनडीए के साथ है। 2020 में लोजपा खुद 145 सीटों पर चुनाव लड़ी। उसे 5.69 प्रतिशत वोट भी मिले, लेकिन बड़ी मुश्किल से सिर्फ एक सीट ही जीत पायी। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीतीं और उसे 1.24 प्रतिशत वोट मिले हैं, लेकिन उसके चार विधायक पाला बदलकर राजद में आ गये।

# 14वें मंत्री का विरोध, हाइकोर्ट में दूसरी याचिका

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार प्रमुख ने जताई आपत्ति बीजेपी ने दिया हरियाणा फॉर्मूले का हवाला

बिलासपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हाईकोर्ट में नई याचिका दाखिल की गई है।

कांग्रेस की ओर से संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने यह याचिका लगाई है। जिसमें 11 से 14 मंत्री बनाए जाने पर आपत्ति जताई गई है इससे पहले भी इसी मामले में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

इस पर सोमवार को सुनवाई होगी नियम के अनुसार प्रदेश में मंत्रियों की संख्या विधायकों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकती। 90 सीटों के हिसाब से इसका रेश्यो 13.5 आता है। इस आधार पर कांग्रेस विरोध कर रही है। वहीं भाजपा ने हरियाणा फॉर्मूले का हवाला दिया है।

दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 164(1ए) के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती। छत्तीसगढ़ में 90 विधायक हैं, इसलिए अधिकतम 13.5 यानी 13 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं। 14वें मंत्री की नियुक्ति इसी सीमा के उल्लंघन को लेकर विवाद में है।

**सीटों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकते**

विधानसभा में मंत्रिमंडल के सदस्य कुल सीटों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं। इस आधार पर मंत्रिमंडल का प्रतिशत 13.50 है।

छत्तीसगढ़ में 20 अगस्त को 3 नए मंत्रियों के शपथ के बाद मंत्रिमंडल की कुल संख्या 14 हो गई है, यह 15 प्रतिशत से ज्यादा है।

**हरियाणा फॉर्मूले का हवाला**

कांग्रेस इस आधार पर 14वें मंत्री की नियुक्ति का विरोध कर रही है। जबकि भाजपा इसे लेकर हरियाणा में लागू फॉर्मूले का हवाला दे रही है।

हरियाणा में वर्तमान में 90 विधायक हैं और उसके अनुसार 13.5 विधायक मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री सहित 14 मंत्रियों को कैबिनेट में जगह दी है।

कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1क) का उल्लंघन है।

अब इसे लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता बसदेव चक्रवर्ती ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है। इस पर शुक्रवार को सुनवाई की संभावना है।

**पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उठाए थे सवाल**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रियों की संख्या 13 से बढ़ाकर 14 करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र से 13 से 14 मंत्री करने की अनुमति मिल गई है। अगर अनुमति है तो यह अच्छी बात है, लेकिन अनुमति नहीं है तो 14 लोगों का मंत्रिमंडल असंवैधानिक है।

भूपेश ने आगे कहा कि मंत्रिपरिषद में 15 प्रतिशत सदस्य के नियम की वजह से 13 मंत्री ही बनाए जा सकते थे। कांग्रेस सरकार में 14 मंत्री बनाए जाने की मांग की गई थी।

28 दिसंबर 2018 में केंद्र को पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई थी। विधानसभा में पारित होने के बावजूद केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी।

# जमीन धंसने से बड़ा हादसा

## सर्विस वैन 400 फीट गहरी खाई में गिरी, 6 मजदूर लापता सांसद भी पहुंचे घटनास्थल पर

धनबाद, 5 सितंबर (एजेंसियां)। धनबाद स्थित कतरास के रामकनाली में बीसीसीएल के एरिया-4 अंतर्गत संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक जमीन धंसने से कंपनी की एक सर्विस वैन लगभग 400 फीट गहरी पानी भरे खाई में जा गिरी। वैन में छह मजदूर सवार थे, जो फिलहाल लापता हैं। सुरक्षा विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। साथ ही कतरास थाना, रामकनाली ओपी और अंगारपथरा ओपी के प्रभारी भी पुलिस बल घटनास्थल पर तैनात हैं। वहीं, इस हादसे में पास के चार घर, लोग और छह मवेशी भी जमीन में धंस गए।

# रायपुर में आज गणेश विसर्जन, कई रूट डायवर्ट

## अस्थायी कुंड बनाए गए, 800 पुलिसकर्मियों की तैनाती ड्रोन से निगरानी, ट्रैफिक से बचने इन रास्तों से जाएं

रायपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। रायपुर पुलिस ने विशाल झांकियों और गणेश विसर्जन के लिए ट्रैफिक रूट चार्ट जारी कर दिया है। भीड़भाड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए निगम ने छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग-अलग तालाब और अस्थायी कुंड तैयार किए हैं। वहीं, महादेव घाट पर परंपरा अनुसार बड़ी मूर्तियों का विसर्जन होगा।

रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 6 से 11 सितंबर तक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग शिफ्ट में तय की है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी खास सावधानी बरते गए हैं। शहर में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी, जिनकी निगरानी सीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। विसर्जन यात्रा पर ड्रोन और कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।



ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस ने कई रूट डायवर्ट कर दिए हैं। विसर्जन के दिन रात 8 बजे से शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, शारदा चौक, मौदहापारा, मालवीय रोड, कालीबाड़ी चौक और फायर बिग्रेड चौक से कोतवाली चौक की ओर सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

रायपुर जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी जोनवार 3 शिफ्ट में 8-8 घंटे निर्धारित की गई है। इसमें क्रेन ऑपरेटर, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल टीम, नगर निगम के अमले के साथ-साथ गृह विभाग, होम गार्ड, सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी तैनात रहेंगे। हर टीम में सदस्यों की संख्या 30-30 रहेगी। रायपुर नगर निगम की ओर से विसर्जन कुंड में बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। 7 बड़े क्रेन कुंड के चारों ओर लगाए गए है।

# चोरी का विरोध करने पर वृद्धा की हत्या

## बाहर के कमरे में सो रही थी महिला, सिर पर चोट के निशान, घर से सामान गायब

देवघर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। देवघर में चोरी का विरोध करने पर चोरों ने 81 वर्षीय वृद्धा की हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की देर रात रिखिया थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव की है। घर से कई सामान भी गायब मिले हैं। परिजनों के अनुसार, घर से करीब 4 लाख रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है। मृतका की पहचान कमली देवी के रूप में की गई। घटना के वक्त कमली देवी घर के बाहरी कमरे में सो रही थी।

मृतका के पौत्र संदीप कुमार रावत ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। सुबह जब हम लोग नींद से जागे तो देखा कि कमरे में लगा ताला टूटा हुआ है। साथ ही कई सामान बिखरे मिले। बॉक्स खाली पड़ा था। बगल कमरे में सो रही दादी बेड से नीचे जमीन पर खून से लथपथ हालत में गिरी मिली।

उस समय उनकी सांसें चल रही थीं। परिजन तुरंत कमली देवी को कुंडा के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर नहीं मिलने पर देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदीप कुमार रावत के अनुसार, चोरों ने घर में प्रवेश किया और दादी के विरोध करने पर उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया है।

इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इधर, रिखिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# झारखंड की बिटिया शुभांशी चक्रवर्ती की ऊंची उड़ान

## महज 18 साल की उम्र में दिल्ली की यूनिवर्सिटी ने किया आमंत्रित

रामगढ़, 5 सितंबर (एजेंसियां)। महज 18 वर्ष की उम्र में शिक्षा, लेखन और पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ चुकीं शुभांशी चक्रवर्ती को शिव नादर विश्वविद्यालय (दिल्ली-एनसीआर) के प्रबंधन अध्ययन एवं उद्यमिता विभाग में अतिथि प्राध्यापक (विजिटिंग प्रोफेसर) के रूप में आमंत्रित किया गया। शुभांशी रामगढ़ जिले के रजरप्पा निवासी और प्रसिद्ध सोशल साइंटिस्ट शुभाशीष चक्रवर्ती की बेटी हैं। पारिवारिक और सांस्कृतिक अनुभवों से प्रेरणा लेकर उन्होंने इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल की है।

नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में शुभांशी की पहली पुस्तक पास्ट इज फॉरवर्ड मार्च-2025 में प्रकाशित हुई है। इस पुस्तक के विमोचन समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए थे। यह पुस्तक पौराणिक कथाओं



को पर्यावरणीय चेतना से जोड़ते हुए आधुनिक भाषा और पॉप कल्चर के जरिए नयी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की गहराइयों से परिचय कराती है। कर्म का सिद्धांत इसका केंद्रीय विचार है। यदि आप कोई कार्य करते हैं, तो उसके परिणामों के लिए तैयार रहना चाहिए। यह विचार पर्यावरणीय जिम्मेदारी का नैतिक आधार प्रस्तुत करता है।

शुभांशी की पहली पुस्तक के विमोचन समारोह में प्रख्यात वायलिन वादक डॉ एल सुब्रमणियम एवं गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने कहा कि यह पुस्तक भूत, वर्तमान और भविष्य को जोड़नेवाली आत्मीय यात्रा है। वहीं साहित्यकार प्रो जीएन देवी ने कहा कि कम उम्र में इतनी गहन विषयवस्तु को परिपक्वता से संभालना असाधारण है।

शुभांशी का यह सफर युवाओं के लिए मिसाल है और यह दर्शाता है कि दृढ़ निश्चय और रचनात्मक सोच से कम उम्र में भी असाधारण उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

शुभांशी चक्रवर्ती ने 10th एवं 12th की पढ़ाई मुंबई के हीरानंदानी फाउंडेशन स्कूल से की है। अभी उन्होंने पर्यावरण विषय में पढ़ाई के लिए मुंबई की डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी में नामांकन लिया है।

शुभांशी छोटी सी उम्र में ही पर्यावरणविद के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी हैं। उनकी किताब पास्ट इज फॉरवर्ड देश-विदेश में काफी चर्चित रही है। इनके लेख कई विख्यात पत्रिकाओं और अखबारों समेत कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। इस कारण शुभांशी को शिव नादर विश्वद्यालय में अतिथि प्राध्यापक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# झारखंड में 8 सितंबर तक बारिश से राहत नहीं



रांची, 5 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड में 8 सितंबर तक बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में (2-3) डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। शुक्रवार को राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

हवा की रफ्तार अधिकतम 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। वहीं, आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक 8 सितंबर तक ऐसे ही हालात रहेंगे। सभी जिलों में छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को आंधी और वज्रपात से बचने की सलाह दी है। कहा है कि बारिश के दौरान भीगने से बचने के लिए पेड़ के नीचे न जाएं। इससे बड़ा हादसा हो सकता है।

पिछले 24 घंटे में मानसून सामान्य रहा। कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सर्वाधिक बारिश 35।5 एमएम लातेहार में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35।3 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 20।3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

# रायपुर गणेश-पंडाल में आइटम सॉन्ग पर बवाल, मूर्ति ढकी

## स्टेज की लाइट बंद करवाई, हिंदू-संगठनों ने भजन गाया, 4 घंटे प्रदर्शन, अब एफआईआर

रायपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। रायपुर के लाखे नगर में स्थापित भगवान गणेश की एआई प्रतिमा को लेकर पंडाल के बाहर जमकर बवाल हुआ। सिंधी युवा एकता गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास राम भक्त सेना और हिंदू संगठन के लोगों प्रदर्शन किया। संगठन ने कहा कि जब तक प्रतिमा को विसर्जित नहीं करेंगे, हम प्रदर्शन करते रहेंगे।

लाखे नगर में सड़क को जाम कर दिया गया। दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई। बवाल के बीच 12 थानों के थानेदार मौके पर मौजूद रहे। साथ ही बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस और प्रशासन के समझाने पर मूर्ति को पर्दे से कवर किया गया। इस दौरान भीड़ को खदेड़ने हल्का बल प्रयोग किया गया। 4 घंटे तक हंगामे के बाद हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन खत्म किया। हिंदू संगठनों का आरोप है



कि पंडाल में देर रात फिल्मी और अशोभनीय गाने बजाए गए। शिकायत के बाद आजाद चौक पुलिस ने लाखे नगर गणेश समिति के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि समिति को पहले भी प्रतिमा के मूल स्वरूप में स्थापना करने के लिए कहा गया था, लेकिन भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई। बवाल के बीच बजरंग दल के कार्यकर्ता ताली बजाकर भगवान हनुमान का भजन गाते रहे। स्टेज की लाइट बंद करवा दी गई थी। इस पूरे विवाद के बीच भी लगातार श्रद्धालु पहुंचते रहे। वे गणपति जी की फोटो क्लिक करते रहे।

नील कंठेश्वर मंदिर के पुजारी नील कंठेश्वर महाराज ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठन ने पहले ही ज्ञापन दिया था लेकिन बातों को नजर अंदाज किया गया।

जगन्नाथ नगर निवासी खेमासागर हियाल (प्रवक्ता, राम भक्त सेना महानगर, रायपुर) ने इस संबंध में आजाद चौक थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया कि 4 सितंबर की सुबह लगभग 2:18 बजे समिति के पंडाल पर फिल्मी, अश्लील गीतों के साथ डांस कार्यक्रम कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि समिति को पहले भी प्रतिमा के मूल स्वरूप में स्थापना करने के लिए कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई।

# दुर्ग के स्कूल में तंत्र-मंत्र कर कोयल की बलि दी

## प्रिंसिपल-ऑफिस के सामने तांत्रिक रंगोली, नींबू-सिंदूर मिला, टीचर्स ने टोटका काटने बैगा बुलाया

दुर्ग-भिलाई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सरकारी स्कूल में तंत्र-मंत्र करने के बाद कोयल की बलि दी गई। सुबह स्कूल खुलते ही प्रबंधन और बच्चे खून से सना पक्षी, नींबू और सिंदूर देख दहशत में आ गए। प्रिंसिपल ऑफिस के ठीक सामने तंत्र क्रिया की गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह मामला पदमनाभपुर थाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कृत्य के पीछे किसका हाथ है और उसका मकसद क्या था।

वहीं शिक्षकों ने भी टोटके की काट के लिए बैगा को बुलाया और पूजा करवाई। इस मामले पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश्वरी चन्द्राकर ने कहा कि सुबह से ही शरारती तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। यह सब अंधविश्वास फैलाने की कोशिश है।

दरअसल, गुरुवार सुबह बच्चों ने देखा कि किसी ने स्कूल परिसर में काला जादू का तांत्रिक चिह्न बनाकर तंत्र मंत्र किया है। परिसर से नींबू, मृत पक्षी और सिंदूर भी मिला। प्रिंसिपल रूम के सामने बरामदे में एक रांगोलीनुमा आकृति बनी हुई थी। जिसके अंदर तांत्रिक-जैसे चिन्ह उकेरे गए थे। इसमें कोयल को काटकर चढ़ाया गया था।

**टोटके की काट के लिए बुलाया बैगा**

इस घटना से शिक्षक, छात्र और परिजन घबरा गए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पानी डालकर उस रंगोली को मिटाया गया। इसके अलावा डरे हुए शिक्षकों ने भी स्कूल में बैगा बुलवा कर पूजा करवाई। बैगा ने अगरबत्ती, कपूर जला और सिंदूर से टोटके की काट का दावा किया। टीचर्स ने बैगा को इसके लिए भुगतान किया।

कई बच्चों ने डर से कक्षाओं में जाने से भी मना कर दिया। वहीं, पेरेंट्स भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। शिक्षकों का कहना है कि इस तरह की हरकतें अंधविश्वास फैलाने और माहौल खराब करने की कोशिश है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपी को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

दुर्ग की ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश्वरी चन्द्राकर ने कहा कि सुबह से ही शरारती तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इसकी जानकारी स्कूल के शिक्षक ने उन्हें दी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सब अंधविश्वास फैलाने की कोशिश है, जिस पर ध्यान नहीं देना चाहिए। प्राचार्य कक्ष के बाहर ही इस तरह की स्थिति बनाई गई है।

उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को डराने का है, ताकि वे स्कूल न आएं। लेकिन हमें इसे तूल नहीं देना है। सभी को समझा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चे बहुत जल्दी प्रभावित हो जाते हैं, इसलिए आवश्यक है कि उन्हें शांत रखा जाए और पढ़ाई का वातावरण बाधित न होने दिया जाए।

# तिलैया डैम में डूबने से किशोर की मौत

## दोस्तों के कहने पर गहरे पानी में कूदा, तैरना नहीं आता था, 10वीं का था छात्र

कोडरमा, 5 सितंबर (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र में स्थित तिलैया डैम में शुक्रवार को एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान खांडी गांव निवासी शेरु कुमार (16) के रूप में हुई। वह महेश यादव का पुत्र था।

मृतक के चाचा अशोक यादव ने बताया कि शेरु अपने 8-10 दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। वे सभी डैम के इंटक वेल पर चढ़ गए। वहां से एक-एक कर सभी छलांग लगाने लगे।

दोस्तों ने शेरू को भी कूदने के लिए कहा। शेरु को तैरना नहीं आता था। फिर भी वह दोस्तों के दबाव में डैम में कूद गया। वह गहरे पानी में चला गया और फिर ऊपर नहीं आया। इसके बाद



शेरु कुमार, मृतक

उसके सभी दोस्त मौके से भाग गए।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने रस्सी में झग्गड़ (लोहे का औजार) बांधकर शेरू की तलाश की। काफी मशक्कत के बाद शेरू को बाहर निकाला गया। परिजन उसे कोडरमा सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली, तब तक शव को अस्पताल ले जाया जा चुका था। शेरू 10वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता किसान हैं। शव को घर लाते ही पूरे गांव में मातम छा गया है।

बताते चलें कि डैम का इन दिनों जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। जिला प्रशासन सहित डैम प्रशासन ने भी लोगों से डैम के आसपास गहरे पानी के नजदीक जाने से मना किया है। बावजूद इसके युवक रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक पॉपुलर होने के चक्कर में जानलेवा हरकतें करते हैं। वे डैम के इंटक वेल पर चढ़ पानी में छलांग लगाते हैं।

# गौ तस्करी का भंडाफोड़

## पिकअप में क्रूरता से भरी 11 गायें जब्त, चालक और खलासी फरार



पाकुड़, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पाकुड़ जिले में हिरणपुर थाना पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के सहयोग से गौ तस्करी का एक मामला पकड़ा है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 11 गायों को बरामद किया है। वाहन के चालक और सहचालक मौके से फरार हो गए।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि 6-7 पिकअप वाहनों में गायों को लादकर हिरणपुर लाया जा रहा है। इस सूचना पर कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचित किया। हिरणपुर थाना क्षेत्र के शहरग्राम और खजूरडंगा गांव के पास पुलिस और कार्यकर्ता तैनात हो गए। इस दौरान 5-6 पिकअप वाहन तेज गति से भाग निकले। पुलिस और कार्यकर्ताओं ने एक पिकअप को रोका। वाहन में क्रूरतापूर्वक लादी गई 11 गायें मिलीं।

# कपड़े और ज्वेलरी दुकान में चोरी

## महंगे शौक और नशे के लिए की थी वारदात 2 नाबालिग समेत 9 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। रायपुर के अलग-अलग इलाकों के कपड़े और ज्वेलरी दुकान में चोरी की वारदात हुईं है। आरोपियों ने अपने महंगे शौक और नशे के लिए वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने सुनसान इलाकों में दुकानों को टारगेट किया, फिर ताला तोड़कर चोरी की। पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला देवेंद्र नगर, मंदिर हसौद और आरंग थाना क्षेत्र का है।

सुखनंदन कोसले ने मंदिर हसौद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि, उसकी मिशा ज्वेलर्स नाम की दुकान है। 19 अगस्त को रात 10 बजे में दुकान पर ताला लगाकर घर चला गया था। अगले दिन सुबह उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। दराज में कैश और सोना चांदी के जेवर गायब थे। इस मामले में पुलिस ने जांच करते हुए रेवा देवार, विकास देवार, अज्जू देवार और बुधारु सोनवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 बाइक और 90 हजार का सोना चांदी का जेवर जब्त किया गया है।

आरंग थाने में राजेंद्र सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, लखोली में उसकी ज्वेलर्स की दुकान है। 3 अगस्त को रात 8 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। अगले दिन पता चला कि दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे।

इस मामले में पुलिस में अजीत जोगी देवार, कुलदीप देवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2 बाइक समेत डेढ़ लाख का माल जब्त किया है।

महेंद्र पाल खुराना ने देवेंद्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि रायपुर में सिटी सेंटर मॉल के पीछे पंडरी में उसकी दुकान है।

23 अगस्त की रात उसके दुकान में चोरी की वारदात हुई। चोर गल्ले में रखा कैश चोरी करके फरार हो गया।

इस मामले में पुलिस ने सबूतों के आधार पर आशीष यादव निवासी तेलीबांधा को गिरफ्तार किया। उसने दो नाबालिग के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी 25 हजार कैश जब्त किया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 6 सितंबर- 2025

# जनसुराज अर्श पर रहेगी या फर्श पर



राधा रमण

बिहार में सियासी सरगर्मी चरम पर है। राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा अगले माह होने की संभावना है। ऐसा इसलिए कि चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन इस माह 30 सितंबर को करने की घोषणा की है। वैसे भी बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। उसके पहले चुनावी गतिविधियां हर हाल में समाप्त करनी होगी और नई सरकार का गठन करना संवैधानिक मजबूरी है। इस बार भाजपा बिहार में सरकार बनाने पर आमादा दिखती है। उसके लिए 'अभी नहीं तो कभी नहीं' की स्थिति है। फिलहाल प्रदेश में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। उसके 80 विधायक हैं। भाजपा के लिए यह संख्या सर्वाधिक है। 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए कम से कम 122 विधायक चाहिए। सवाल यह कि बाकी के विधायक कहां से आएंगे ? पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व में प्रवक्ता रहे डॉ विनोद शर्मा कहते हैं कि बिहार में इस बार एनडीए की लहर है। नीतीश कुमार की अगुवाई में सरकार ने समाज के हर तबके के लोगों को राहत पहुंचाई है। किसानों को 120 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ा है। पत्रकारों, बुजुर्गों, विधवाओं और जेपी आंदोलन के मीसाबंदियों के पेंशन में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। यही नहीं, स्वरोजगार के लिए महिलाओं को सस्ते दर पर कर्ज देने के लिए सरकारी खजाना खोल दिया गया है। सड़कें चकाचक हैं और नौकरियों की बहार है। जनता को और क्या चाहिए ? इसमें दो राय नहीं कि बिहार की महिलाओं के सिर पर नीतीश का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। यह वोट इस बार नीतीश के पक्ष में कितना जाएगा, यह चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा, क्योंकि बिहार के अधिकांश जिले बाढ़ की चपेट में हैं और करीब 17 लाख आबादी सड़कों और राहत केंद्रों में शरण लिये हुए है। इनमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं और बच्चों की है। दूसरी तरफ राज्य में अपराधी पुलिस के रसूख को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। विपक्ष इसे एनडीए का जंगलराज बता रहा है। महिलाएं इस अराजकता से भी पीड़ित हैं।

ऐसे में महिला वोटरों में बिखराव हो जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। राज्य में नीतीश की बिरादरी कुर्मी जाति का वोट करीब 6 प्रतिशत है, यह वोट भी अभी तक नीतीश के पक्ष में पड़ता रहा है। यही वजह है की नीतीश पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से बिहार की सत्ता पर काबिज हैं।

बिहार में महागठबंधन भी इस बार पूरा जोर लगाये हुए है। राज्य में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को अपेक्षाकृत अधिक सफलता मिली। वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को शेरशाह सूरी की धरती सासाराम से शुरू होकर 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान से निकल कर डाकबंगला चौराहे पर समाप्त हो गई। पुलिस प्रशासन ने इसे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। इसमें महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल रहे। वोट अधिकार यात्रा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रवक्ता संजय राउत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, टीएमसी सांसद यूसुफ पठान, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी शिव कुमार, माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी के मुकेश सहनी, भूपेन्द्र बघेल, अशोक गहलौत, प्रियंका गांधी समेत कई नेता शामिल रहे। विपक्ष राज्य से पलायन, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहा है। लोगों को नौकरी और डोमिसाइल नीति बनाने की बात कह रहा है। एसआईआर के खतरे के प्रति आगाह कर रहा है। सरकार बनने पर महिलाओं को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देने और सुशासन का ख़्वाब दिखा रहा है। इस बीच बिहार के माउन्टेन मैन दशरथ मांझी के परिजनों के लिए गयाजी के गहलोर गांव में पक्का घर बनवाकर राहुल गांधी ने अपनी जय-जयकार करा ली है। दशरथ के बेटे भागीरथ मांझी इसके लिए नीतीश कुमार से लेकर जीतनराम मांझी और भाजपा के कई बड़े नेताओं का चक्कर लगाकर थक चुके थे। इससे आसपास के गांवों में भी राहुल के लिए हमदर्दी जगी है। देखने वाली बात होगी कि यह सहानुभूति वोट में कितनी तब्दील हो पाती है। बिहार की सियासत का तीसरा केंद्र बने प्रशांत किशोर (पीके) की पार्टी जनसुराज पर सबकी निगाहें टिकी हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि प्रशांत इस चुनाव में बड़ा खेल करेंगे। वह अपने दम पर सरकार बनाने से लेकर दोनों बड़े गठबंधनों (एनडीए और महागठबंधन) का खेल बिगाड़ने तक का हो सकता है। एनडीए और महागठबंधन से समान दूरी बनानेवाले लोग आजकल पीके की तरफ खींचे चले आ रहे हैं।

कहना न होगा कि ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है। इनमें रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस और उद्योगपतियों की संख्या काफी है। इसके लिए प्रशांत किशोर बिहार के बाहर रहने वाले प्रवासियों के संपर्क में हैं। उधर, राज्य में जनसुराज की गतिविधियां लगातार जारी हैं। विधानसभा स्तर तक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। पीके ने पलायन के मुद्दे को ठीक से पकड़ा है। वह कहते हैं कि बिहार की बदहाली में यहां के नेताओं की बड़ी भूमिका है। जब तक झारखंड राज्य नहीं बना था, बिहार की बदहाली कम दिखती थी। अब सरेआम हो चुकी है। वह मतदाताओं से कहते हैं कि इस बार का मतदान अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए कीजिए। बिहार में रोजी-रोजगार की व्यवस्था के लिए वोट कीजिए। प्रशांत अपनी सभाओं में नीतीश और लालू दोनों को बिहार की बदहाली के लिए बराबर का जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कहते हैं कि पिछले 35 वर्षों से बिहार में इन्हीं दोनों का शासन रहा है। वह दोनों को नागनाथ और सांपनाथ बताते हैं। कहते हैं कि दोनों विषधर हैं, दोनों डंसते हैं। प्रशांत किशोर जाने-माने चुनावी रणनीतिकार रहे हैं। वर्ष 2014 के संसदीय चुनाव में नरेंद्र मोदी के चुनावी रणनीतिकार रहे थे। भाजपा को सत्ता में लाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। 2015 के विधानसभा चुनाव में वह जनता दल (यू) की तरफ से महागठबंधन के रणनीतिकार रहे थे।

तब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने में उनकी अहम्‌ भूमिका थी। इससे उनकी लोकप्रियता और कमाई दोनों बढ़ी है। इस बार वह जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल दोनों पर बराबर हमलावर हो रहे हैं। आश्चर्य यह कि प्रशांत किशोर पर जवाबी हमला जदयू और राजद कम बल्कि भाजपा ज्यादा कर रही है। पिछले दिनों चार सीटों के हुए उपचुनाव में जनसुराज तीन सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। उसे 10 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। पीके बताते हैं कि भाजपा को दस प्रतिशत वोट पाने में 20 साल लगे थे।

उपचुनाव के समय हमारी तैयारी प्रीमैच्योर थी। तब भी इतने वोट मिले। वह कहते हैं कि 'विधानसभा चुनाव में जनसुराज या तो अर्श पर रहेगी या फर्श पर रहेगी। बीच की गुंजाइश काफी कम है। अगर लोगों ने जाति-धर्म से हटकर मतदान किया तो हम अकेले अपने बूते पर सरकार बना सकते हैं।' लेकिन बिहार में जाति की राजनीति लंबे समय से जड़ जमाये है। वहां के लोग डॉक्टर और मास्टर भी अपनी जाति का ही खोजते हैं। ऐसे में प्रशांत की जनसुराज क्या गुल खिलाती है, यह समय बताएगा। रोहतास जिले के बगेयां गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यकेश्वर सिंह कहते हैं कि प्रशांत किशोर बिहार के केजरीवाल बनने की जुगत में हैं। वह चुनाव जीतें अथवा नहीं, लेकिन दोनों मुख्य गठबंधनों (एनडीए और महागठबंधन) का खेल जरूर खराब करेंगे। इस बीच, गंभीर अपराधों में 30 दिन के लिए जेल जाने पर प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने संबंधी बिल को कैबिनेट की मंजूरी और संसद में पेश कर केंद्र सरकार ने बड़ा दांव चल दिया है।

## सोशल मीडिया के घेरे में धोनी

बीते कुछ दिनों से अचानक भारतीय क्रिकेट स्टार महेंद्र धोनी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की बाढ़ सी आ गई है। क्रिकेटर इरफान पठान के बयानों का वीडियो वायरल हो रहा है तो युवराज सिंह के पिता योगराज भी कई तरह की बातें पोस्ट कर रहे हैं। भारत को दो बार विश्व विजेता बनाने वाले कप्तान को विलेन बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। कमेंट्री और मैदान के दोस्त भी पीठ पीछे अनर्गल बयानबाजी करते दिख रहे हैं। दुनिया जानती है कि एमएस धोनी ने अपने करीबियों को टीम इंडिया में हमेशा आगे बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रखा। उनकी कप्तानी में रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, सुरेश रैना, आरपी सिंह, उमेश यादव, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, अजिंक्य रहाणे ही नहीं, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ी भी भारत के लिए लंबे समय तक खेले। आगे चलकर कप्तान तक बने। ये वो खिलाड़ी हैं, जो समय-समय पर इसका श्रेय भी धोनी को देते रहते हैं। कई खिलाड़ी धोनी से निराश भी थे। इसका जिक्र भी वे करते हैं। जाहिर है जब कोई खिलाड़ी लंबे समय तक टीम लीड करता है तो उसके साथ ऐसा होना स्वाभाविक है। मोहम्मद कैफ, युवराज सिंह, जहीर खान, हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी खुले तौर पर स्वीकार करते हैं कि सौरव गांगुली ने उन्हें बनाया। अगर वह नहीं होते तो इन सभी का करियर शायद आकर्षक नहीं बन पाता। सौरव गांगुली ने ही एमएस धोनी की टीम इंडिया में एंट्री कराई थी। उन्हें कप्तानों का कप्तान कहा जाता है, लेकिन वीवीएस लक्ष्मण इस बात से संभवतः जिंदगी भर नाखुश रहेंगे कि दादा की कप्तानी में वह शानदार खिलाड़ी होने के बावजूद विश्व कप खेलने से वंचित रह गए। इसी तरह जब विराट कोहली की कप्तानी की बात होती है तो युवराज सिंह, करुण नायर, अंबाती रायुडू, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी अपनी निराशा जता सकते हैं। कहा तो यहां तक जाता रहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा में नहीं बनती है। बावजूद इसके रोहित शर्मा कप्तान बने और विराट कोहली टी20 विश्व कप हिटमैन की कप्तानी में खेले और जीते और 2023 विश्व कप के फाइनल तक का सफर भी तय किया। आज भी वनडे खेल रहे हैं। हालांकि, विराट कोहली की कप्तानी में ही मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी टॉप पर पहुंचे। देखा जाऐ तो धोनी का राज हमेशा ही बुलंदियों पर नहीं रहा। टेस्ट कप्तानी वह 2014 में छोड़ चुके थे, जबकि 2017 में टी20 और वनडे की कप्तानी छोड़ दी थी। यह भी संभव है कि इरफान पठान ने जब यह बात कही थी तो उन्हें नहीं पता था कि इस तरह का तूफान आएगा। यही वजह है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पॉजीटिव प्रतिक्रिया भी दी। बहरहाल सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये सब बातें उस वक्त ही क्यों जब टी20 विश्व कप 2026 के लिए धोनी को मेंटॉर बनाने की बात चल रही है। वह मेंटॉर बनेंगे, नहीं बनेंगे, खबर कितनी सच है या नहीं, इस पर नहीं जाते हैं, लेकिन जिस तरह से आलोचनाओं की बाढ़ आई है उसे संयोग तो नहीं कहा जा सकता।

## शिक्षा तकनीकी और ज्ञान विकास की आधारशिला



संजीव ठाकुर

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है।

पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## मोदी की चीन व जापान यात्रा के क्या वैश्विक प्रभाव पड़ेंगे?



कमलेश पाण्डेय

अमेरिका से गहराते आर्थिक व नीतिगत तनाव के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चीन-जापान यात्रा के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने बेहद अहम हैं और प्रतिरक्षा रणनीतियों व विकास के लिहाज से भारत के प्रति इसके दुनियावी असर भी बेहद महत्वपूर्ण और कारगर साबित होंगे। ऐसा इसलिए कि पीएम मोदी की इस यात्रा के माध्यम से जहां चीन से द्विपक्षीय सम्बन्धों में गर्माहट आई है, वहीं जापान से पहले से चले आ रहे मधुर सम्बन्धों को और अधिक मजबूती मिली है और कारोबारी विकास का मार्ग प्रशस्त होने के आसार बढ़े हैं।

पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। वहीं, अमेरिकी, चीनी और पाकिस्तान परस्त अरब देशों की भावी चुनौतियों का मजबूती पूर्वक सामना करने के लिए दूसरी पंक्ति के देशों, यथा- जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ईरान आदि के साथ मजबूत रणनीतिक सम्बन्ध विकसित करना चाहता है। वहीं, द्विपक्षीय व्यापार हेतु फ्री ट्रेड अग्रीमेंट करने की रणनीति पर भी भारत अमल कर रहा है। इस नजरिए से पीएम मोदी की जापान यात्रा भी बहुत फायदेमंद रही है। वहीं, चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाक़ात बेहद सकारात्मक बताई गई है। यहीं पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मोदी ने जो गर्मजोशी दिखाई, वह शेष दुनिया के लिए एक व्यापक संकेत है। इसके अलावा, मोदी, पुतिन और जिनपिंग की त्रिपक्षीय मुलाकात के हास्य हाव-भाव वाले फ़ोटो ने पश्चिमी दुनिया के नेताओं की नींद उड़ा डाली है। दरअसल, वैश्विक दुनियादारी में हर वक्त खरे उतरे भारत-रूस सम्बन्धों में दरार डालने की जो अमेरिकी चाल चली गई, उसके साइड इफेक्ट्स स्वरूप भारत-चीन ने जो सूझबूझ प्रदर्शित किया है, उससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों की बोलती बंद हो चुकी है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ जो द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई, इससे दोनों के आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलती प्रतीत हुई है। यह भारत के लिए एक शुभ संकेत है। तभी तो पीएम मोदी के साथ बैठक में शी जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। इसलिए दोनों देशों का साथ आना लाजिमी है। इस हेतु जारी कोशिशों को बढ़ावा मिलना दोनों देशों के लिए हितवर्द्धक रहेगा। कहना न होगा कि चीन और भारत सिर्फ़ प्राचीन सभ्यताएँ ही नहीं बल्कि दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं जो ग्लोबल साउथ के प्रमुख स्तम्भ हैं। इसलिए दोनों देशों के लिए यह अहम है कि वो अच्छे संबंध रखने वाले दोस्त बने रहें और ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करें जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। भारत चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। देखा जाए तो अमेरिका द्वारा भारत को घेरने के लिए जिस अब्राहम परिवार यानी ईसाई-यहूदी-मुस्लिम की एकता पर बल दिया जा रहा है, वह यदि सफल होता है तो चीन और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का साथ भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण और तलबगार हो जाएगा क्योंकि यहां हिन्दू धर्म से निकले बौद्ध धर्म का प्रभाव ज्यादा है। यूँ तो मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात ऐसे समय पर हुई है जब भारत 50 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ से उपजे आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है क्योंकि इस टैरिफ़ से भारत के निर्यात क्षेत्र पर अच्छा-ख़ासा असर पड़ेगा जब तक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाए। इसलिए अब भारत और चीन भी आपसी सीमा विवादों के तल्खी भरे अतीत के उलट अपने संबंधों को एक नया स्वरूप देने पर लगातार ज़ोर दे रहे हैं जिसके लिए पिछले 6 माह से कवायद तेज है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच संबंध, मौजूदा वक़्त में दुनिया में हो रहे बदलावों पर निर्भर करते हैं और इन रिश्तों में मोदी की चीन यात्रा 'एक मोड़' है क्योंकि भारत और चीन दुनिया की पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। अभी तक चीन दूसरे और भारत चौथे पायदान पर खड़ा है हालांकि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को ततपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) के अनुसार, 5 ट्रिलियन डॉलर के शेयर बाज़ार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है जबकि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। चूंकि दुनिया ने चीन और अमेरिका के संबंधों को बहुत अहमियत दी है। इसलिए अब वक़्त आ गया है कि दोनों देश सिर्फ इस बात पर ध्यान दें कि दुनिया की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ यानी चीन और भारत कैसे एक साथ काम कर सकते हैं हालांकि, दोनों देशों के बीच संबंध में एक बड़ी चुनौती सीमा विवाद भी है। ऐसा इसलिए कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से अनसुलझा सीमा विवाद भी रहा है।

हालांकि, दोनों देश आपसी विवादों को मिटाना चाहते हैं। विगत छह महीनों में भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा वीज़ा में और ढील दी जा सकती है और अन्य व्यापारिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं, जो देश दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत और चीन को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए इन दोनों देशों के बीच आपसी संवाद होते रहना चाहिए क्योंकि सीमा पर तकरार के अलावा भी दोनों देशों के बीच कई विवाद हैं। इनमें भारत में रह रहे तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और ब्रह्मपुत्र को लेकर विवाद प्रमुख हैं। पीओके और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीनी नजरिया भी भारत के लिए अस्वीकार्य है। रही बात, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बनाने की तो भारत इससे बहुत ख़ुश नहीं है। इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में चीन की गुप्त भूमिका भी इन संबंधों के लिए एक गम्भीर चुनौती है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पड़ोसी देशों के साथ भारत के उतने अच्छे संबंध नहीं रहे जबकि चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफ़ग़ानिस्तान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा कि वह 'एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हैं।' ऐसा इसलिए कि भले ही एससीओ का प्रभाव सीमित है और इसमें शामिल देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं।

## जीएसटी दरों में कटौती जनता के लिए राहत का संकेत है




डॉ सत्यवान सौरभ

भारतीय कर व्यवस्था में वर्ष 2017 से लागू हुआ जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विस टैक्स उस समय एक ऐतिहासिक सुधार माना गया था। इसे एक देश, एक टैक्स की संकल्पना के रूप में प्रस्तुत किया गया और जनता को विश्वास दिलाया गया कि इससे कर व्यवस्था सरल होगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। शुरुआत में ही सरकार और उसके आर्थिक सलाहकारों ने ऊँचे टैक्स की दरों को जायज़ ठहराते हुए बताया था कि यह राष्ट्रहित में है और दीर्घकाल में इससे राजस्व बढ़ेगा, विकास दर तेज़ होगी तथा राज्यों को भी मज़बूती मिलेगी।

लेकिन बीते नौ वर्षों में जनता ने देखा कि जीएसटी का बोझ केवल आम उपभोक्ताओं पर बढ़ता गया। ज़रूरी सामानों से लेकर रोज़मर्रा की वस्तुओं पर टैक्स दरें ऊँची बनी रहीं। महँगाई लगातार बढ़ती रही और हर घर का बजट बिगड़ता गया। व्यापारी समुदाय ने भी कई बार शिकायत की कि जीएसटी की जटिल व्यवस्था और ऊँचे टैक्स स्लैब ने उनके कारोबार को प्रभावित किया। छोटे और मझोले उद्योगों को तो कई बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ी। अब अचानक वही सरकार यह कह रही है कि जीएसटी की दरें घटाई जाएंगी और इससे जनता को सीधी राहत मिलेगी। नवरात्र के अवसर पर इस घोषणा को टैक्स राहत की दिवाली कहा जा रहा है। निश्चित ही यह कदम आम उपभोक्ता के लिए सुकून भरा संदेश है। जूते, कपड़े, टीवी, डीटीएच जैसी वस्तुओं पर टैक्स घटाना हर परिवार को सीधे प्रभावित करेगा। लोग त्योहारों के समय खरीदारी कर पाएंगे और बाज़ार में चहल-पहल बढ़ेगी। लेकिन सवाल यह उठता है कि जो तर्क पहले ऊँचे टैक्स के समर्थन में दिए गए थे, वही तर्क आज घटाने के समर्थन में क्यों दिए जा रहे हैं?यह विरोधाभास केवल टैक्स दरों तक सीमित नहीं है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों की सोच पर भी सवाल खड़े करता है। अगर ऊँचे टैक्स ही विकास का आधार थे, तो नौ साल बाद अचानक उन्हें कम करना कैसे विकास के लिए आवश्यक हो गया? और यदि वास्तव में कम टैक्स से बाज़ार और जनता को राहत मिल सकती है, तो इतने वर्षों तक जनता को ऊँचे टैक्स का बोझ क्यों झेलना पड़ा? आम नागरिक इन सवालों का जवाब चाहता है। वह देख रहा है कि टैक्स नीतियाँ कई बार राजनीति और चुनावी रणनीतियों से जुड़कर बदल जाती हैं। त्योहारों के अवसर पर टैक्स कटौती की घोषणा निश्चित रूप से लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन क्या यह दीर्घकालिक समाधान है? कर नीति को समय-समय पर बदलना और हर बार इसे जनता के हित में बताना, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है।

आज जब सरकार कहती है कि टैक्स घटाने से अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी, तो यह बात सही भी है। टैक्स बोझ कम होने पर लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है, उपभोग बढ़ता है और बाज़ार में रौनक आती है। इससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार सृजन भी होता है। लेकिन फिर वही प्रश्न— तो इतने वर्षों तक टैक्स ऊँचे रखकर किस उद्देश्य को साधा गया? क्या उस दौरान जनता केवल राजस्व संग्रह की मशीन बनकर रह गई? सच्चाई यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में कर नीति केवल राजस्व जुटाने का साधन नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक संतुलन का आधार भी होनी चाहिए। ज़रूरी सामानों और रोज़मर्रा की वस्तुओं पर टैक्स बोझ कम से कम रखा जाना चाहिए ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिले। जबकि विलासिता की वस्तुओं पर अपेक्षाकृत ऊँचे टैक्स लगाए जा सकते हैं। लेकिन पिछले वर्षों में हमने देखा कि कई बार यह संतुलन बिगड़ गया और आम नागरिक की जेब पर सीधा असर पड़ा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि टैक्स में राहत से सरकार के राजस्व पर भी असर पड़ता है। जब राजस्व घटता है तो सरकार या तो घाटा बढ़ाती है या फिर कहीं और से वसूली करती है। ऐसे में जनता को राहत वास्तव में कितनी मिलती है, यह भी एक बड़ा प्रश्न है। यदि बिजली, ईंधन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधे या परोक्ष रूप से टैक्स का बोझ बना रहेगा, तो बाकी वस्तुओं पर टैक्स घटाने का असर सीमित ही होगा। जीएसटी के नाम पर जिस एक देश, एक टैक्स का सपना दिखाया गया था, वह आज भी अधूरा है। अलग-अलग वस्तुओं पर अलग-अलग स्लैब, राज्यों की शिकायतें, जटिल रिटर्न फाइलिंग और बार-बार नियमों का बदलना, ये सब मिलकर इसे जटिल बनाते रहे हैं। अब जबकि टैक्स दरों को घटाने का निर्णय लिया गया है, तो ज़रूरत इस बात की है कि इसे केवल त्योहारों तक सीमित राहत न बनाया जाए, बल्कि पूरी व्यवस्था को स्थिर और संतुलित बनाया जाए। सरकार को चाहिए कि वह टैक्स नीतियों को राजनीति से ऊपर उठाकर, दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि से तय करे। लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि टैक्स वास्तव में राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान है, न कि केवल बोझ। इसके लिए आवश्यक है कि टैक्स से मिलने वाले राजस्व का सही और पारदर्शी उपयोग हो।

## नहाएं क्या निचोड़ें क्या ?



डॉ टी महादेव राव

मॉर्निंग वॉक से आकर बालकनी में बैठे अखबार पढ़ रहा था। अंदर से आवाज आई एजी सुनते हो?

इसके सिवा कर क्या कर सकता हूं। हां! हां! मैंने सुन लिया है। कोई बोले तो सुनोगे ही न। खैर सुना है जी एस टी में काफी कमी हुई है। चीजें सस्ती हो गई हैं। आम आदमी का खास ध्यान रखकर वित्त मंत्री दाम कम करने लगी हैं।

तुम्हारे मुंह के लिए ताला। हमेशा पटर पटर कुछ न कुछ बोलती ही रहती हो हमारे बड़े भैया की तरह नॉन स्टॉप। कभी तो मुझे इत्मीनान से अखबार पढ़ने दिया करो। अच्छा। तो अब मेरा बोलना भी तुम्हें नागवार गुजर रहा है। पहले तो बोलने को बहुत बोलते थे।

कहते थे कितनी प्यारी बातें करती जो तुम! हां। मेरी मति उस समय मारी गई थी जो ऐसा बोलता था। अब तो प्यारी नहीं बहुत सारी बातें करने लगी हो। कोई न कोई खरीदारी, कोई न कोई फरमाइश। महंगाई और सरकार ने तो पहले से ही नाक में दम कर रखा है, ऊपर से तुम्हारा अनर्गल प्रलाप। मैं बकवास करती हूं? घर के सामान मंगवाती हूं तो मेरे लिए ही तो नहीं। हम दोनों के लिए। सुबह सुबह अपना चेहरा देख कर उठोगे तो यही होगा।

लड़ाकू हो तुम। बिना बात लड़ते हो। यह लो चाय पियो फिर जाकर नहा आओ। नाश्ता करने के बाद अखबार पकड़े बैठा था कि पत्नी ने कहा देखो। हमारा फ्रिज, वाशिंग मशीन और टीवी तीनों पुराने हो गए।


एक्सचेंज ऑफर में इन्हें देकर नए ले लें तो कैसा रहेगा? रहेगा क्या? क्रेडिट कार्ड में डेढ़ लाख का कर्ज रहेगा। क्यों चीजें सस्ती हुई हैं न ? तुम्हें क्या लगता है कि वित्त वाली निर्मला ताई ने सारे चीजों के दाम आधे कर दिए हैं? जीएसटी कम लगेगा मतलब जो पहले अठारह फीसदी था अब बारह फीसदी लगेगा।

मान लो एक हजार का सामान पहले ग्यारह सौ अस्सी में आता था अब वह ग्यारह सौ बीस में आयेगा। हजार रुपए पर साठ रुपए की बचत। वैसे ही जो बारह प्रतिशत था उसे पांच पर लाया है। वहां भी सत्तर रुपए प्रति हजार फायदा। इतना कम नहीं हुआ कि जाकर झट से खरीद लो। काम करती इन तीनों चीजों को मिलकर पांच हजार से ज्यादा वह एक्सचेंज डिस्काउंट नहीं देगा।

लेकिन दशहरे और दीवाली के समय क्योंकि ये सब 22 सितंबर के बाद ही लागू होंगी और उस समय डिस्काउंट ऑफर भी होगा। लेकिन अरे मेरा साला तो नम्बर वन स्मोकर है, सिगरेट पीने वाला। दिन में दस बारह सिगरेट तो यूं ही फूंक देता है। उसे अब सिगरेट पीने में नानी याद जो एक सिगरेट वह पंद्रह रुपए में खरीदता था अब वह इक्कीस रुपए में मिलेगी यानी दिन के साठ रुपए ज्यादा लगेंगे। महीने में अठारह सौ रुपए ज्यादा खर्चने होंगे।यह तो बड़ा बुरा हुआ। बेचारे भैया

तुम उनको फोन करके बोल दो न कि साल भर के सिगरेट आज ही खरीद कर रख लें। बाईस के बाद न दाम बढ़ेंगे।

# अनंत चतुर्दशी पर भूल से भी ना करें इन चीजों का सेवन



हिन्दू धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व बताया गया है।अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है।

अनंत चतुर्दशी का वर्णन अग्नि पुराण में मिलता है।इस दिन भगवान विष्णु के निमित्त व्रत रखकर पूजा पाठ किया जाए तो जीवन में आई सभी परेशानियां खत्म हो जाती हैं और भगवान विष्णु सदैव कृपा बनाए रखते हैं।हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है, इस दिन गणपति जी की मूर्ति का विसर्जन भी होता है.

धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस साल गणपति विसर्जन और अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को पड़ रही है।

अनंत चतुर्दशी पर जहां भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है, वहीं गणपति विसर्जन पर लोग बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन करते हैं।चूंकि, अनंत चतुर्दशी और गणपति विसर्जन पर शनिवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इस दिन भोजन में कुछ विशेष नियमों का पालन करना जरूरी होता है।खासतौर पर सफेद रंग की कुछ चीजों का सेवन वर्जित माना गया है, क्योंकि ये व्रत की पवित्रता को भंग कर सकती हैं।ऐसे में आइए जानते हैं उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से कि इस दिन किन चीजों का वर्जित बताया गया है।

## भूल से भी ना करें बप्पा की विदाई में यह गलती

– दही को भी सफेद खाद्य पदार्थों में गिना जाता है।इस दिन दही खाने से व्रत की पवित्रता भंग होती है और शुभ फल प्राप्त नहीं होता.

– अनंत चतुर्दशी के व्रत में भूलकर भी नमक का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे परिवार पर नकारात्मक असर पड़ता है।मान्यता है कि इसके बुरे परिणाम 14 साल तक भुगतने पड़ते हैं।घर से सारी खुशियां चली जाती हैं।राजा से रंक बनने की नौबत आ जाती है।

– चावल सफेद अनाज माना जाता है।व्रत के दिन इसका सेवन वर्जित होता है।मान्यता है कि इस दिन चावल खाने से व्रत का फल कम हो जाता है।

**यह चीजें क्यों है वर्जित?**

मान्यता है कि सफेद पदार्थ चंद्रमा और शीतल ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि अनंत चतुर्दशी का संबंध तप, संयम और व्रत की कठोरता से जुड़ा है।

ऐसे में सफेद वस्तुओं का सेवन व्रत के प्रभाव को कम कर देता है और व्रत करने वालों को संपूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

उज्जैन के आचार्य ने बताया कि मान्यता है कि सफेद पदार्थ चंद्रमा और शीतल ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि अनंत चतुर्दशी का संबंध तप, संयम और व्रत की कठोरता से जुड़ा है।ऐसे में सफेद वस्तुओं का सेवन व्रत के प्रभाव को कम कर देता है और व्रत करने वालों को संपूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

# अनंत चतुर्दशी? श्री हरि के अनन्त रूप की पूजा का महत्व

भगवान विष्णु के भक्तों के लिए अनंत चतुर्दशी के पर्व का खास महत्व है क्योंकि इस दिन श्री हरि के अनन्त रूप की पूजा की जाती है। इस दिन जहां कुछ लोग व्रत रखते हैं, वहीं कई जातक विष्णु जी की पूजा करते हैं और उन्हें उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाते हैं। पूजा-पाठ के अलावा इस दिन अनन्त सूत्र बांधने की भी परंपरा है। भगवान विष्णु की पूजा के दौरान बांह में अनंत सूत्र बांधा जाता है, जिसमें 14 गांठें होती हैं। मान्यता है कि अनंत सूत्र में भगवान विष्णु का वास होता है, जबकि इन 14 गांठों को 14 लोकों से जोड़ा जाता है।

द्रिक पंचांग के अनुसार, हर साल अनंत चतुर्दशी का पर्व भाद्रपद माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। आइए अब जानते हैं साल 2025 में किस दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। साथ ही आपको पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि के बारे में पता चलेगा।

अनंत चतुर्दशी 2025 में कब है?

द्रिक पंचांग के अनुसार, इस बार 6 सितंबर की सुबह 3 बजकर 12 मिनट से लेकर 7 सितंबर की सुबह 1 बजकर 41 मिनट तक भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि रहेगी। ऐसे में 6 सितंबर 2025, वार शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। 6 सितंबर की सुबह 6 बजकर 2 मिनट से लेकर 7 सितंबर की सुबह 1 बजकर 41 मिनट तक अनंत चतुर्दशी की पूजा का शुभ मुहूर्त है। इस दौरान सुबह और शाम, दोनों समय आप विष्णु जी की पूजा कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से श्री हरि का विशेष आशीर्वाद मिलता है। साथ ही पाप नष्ट होते हैं।

अनंत चतुर्दशी की पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कार्य करने के बाद शुद्ध पीले या लाल रंग के कपड़े धारण करें।

भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें।

घर के मंदिर में एक चौकी रखें। चौकी पर लाल रंग का शुद्ध कपड़ा बिछाकर कलश की स्थापना करें। कलश पर चंदन से अष्टदल कमल बनाएं और कुश का धागा बांधें।

विष्णु जी की मूर्ति या तस्वीर की स्थापना करें। साथ ही उन्हें 14 गांठों वाले अनंत सूत्र, अक्षत, गंध, फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

अब घर के प्रत्येक सदस्य के बांह पर अनंत सूत्र बांधें।

अनंत चतुर्दशी के व्रत की कथा पढ़ें या सुनें।

विष्णु जी आरती करें।

शाम में फिर से विष्णु जी की पूजा करें।



दान करने के बाद शाम में ही आप व्रत का पारण कर सकते हैं।

जैन अनुयायी से जुड़ा है अनन्त चौदस का पर्व

देश के कई राज्यों में अनंत चतुर्दशी को अनन्त चौदस के नाम से जाना जाता है। खासकर जैन समाज के लोगों के लिए इस पर्व का खास महत्व है क्योंकि इसी दिन दसलक्षण पर्व का समापन होता है। इस दिन जैन अनुयायी भगवान वासुपूज्य की पूजा करते हैं और जुलूस व झांकियां निकालते हैं। वहीं, इस दिन गणेश उत्सव का भी समापन होता है।

# नए घर में शिफ्ट होना है तो वास्तु के इन नियमों को जरूर जान लें




अपना घर लेना हर किसी का सपना होता है, जो वे पूरा कर भी लेते हैं। ऐसे में अपने मकान को सपनों का घर बनाने के लिए हम कई प्रकार की वस्तुएं और सजावट उसमें करते हैं। वहीं, अगर आप वास्तुशास्त्र के नियमों का ख्याल रखकर नया घर खरीदते, बनवाते और उसमें शिफ्ट होते हैं तो इससे आपको जीवनभर के वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही, घर में कभी समस्याएं भी नहीं आती हैं। वास्तुशास्त्र में नए घर को लेकर ऐसे कई महत्वपूर्ण नियमों का वर्णन किया गया है, जिनका ख्याल रखने से जातक के जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें कि नए घर में शिफ्ट होते समय वास्तु के किन नियमों का ध्यान रखना चाहिए।




मकान का निर्माण करवाते समय या बना हुआ घर लेते वक्त इस बात का ख्याल जरूर रखें कि उसका मुख्य द्वार उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में हो। साथ ही, घर गेट के सामने किसी अन्य व्यक्ति की सीढ़ी या गेट न बना हो। इसके अलावा, मुख्य द्वार पर पर्याप्त मात्रा में रोशनी भी जरूर आनी चाहिए। इस प्रकार घर का गेट होने से वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

घर लेते समय मास्टर बेडरूम की दिशा का ख्याल भी जरूर रखना चाहिए। वास्तुशास्त्र के अनुसार, कमरा अगर दक्षिण-पश्चिम दिशा में हो तो इसे सबसे उत्तम माना जाता है। इससे रूम में शांति का माहौल बना रहता है और घर में समृद्धि आती है। साथ ही, घर में शिफ्ट होते समय कभी भी शीशे के अपने बेड के ठीक सामने न लगाएं। ऐसा करने से वहां नकारात्मकता फैल सकती है।

कभी भी घर का निर्माण करते वक्त या नए मकान में शिफ्ट होने से पहले यह जरूर देख लें कि रसोईघर किस दिशा में है। गलत स्थान पर किचन होने से अशुभ फल प्राप्त हो सकता है। वास्तु के अनुसार, किचन हमेशा आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा में होना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**लिविंग रूम में ऐसे रखें फर्नीचर और रंग**

वास्तुशास्त्र के अनुसार, लिविंग रूम में सही स्थान पर सामान रखना बेहद जरूरी होता है। मान्यता है कि हमेशा दक्षिण या पश्चिम दिशा में फर्नीचर को रखना चाहिए। साथ ही, लिविंग रूम और फर्नीचर के लिए हल्के व शांत रंगों का प्रयोग करना सबसे शुभ माना जाता है। उत्तर-पूर्व भाग में हल्के सामान और उसे खुला रखना उत्तम माना जाता है। इससे घर का माहौल सकारात्मक बना रहता है।

**इस दिशा में हो बाथरूम और टॉयलेट**

घर में शिफ्ट या नया मकान लेने से पहले इस बात पर जरूर गौर करें की उसमें बाथरूम व टॉयलेट किस दिशा में बना हुआ है। वास्तुशास्त्र की मानें तो बाथरूम और टॉयलेट को हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में बनवाना चाहिए। इसे उत्तर-पूर्व दिशा में बनवाना सही नहीं माना गया है। साथ ही, टॉयलेट-बाथरूम को हवादार होना चाहिए और उनके दरवाजे हमेशा बंद रखने चाहिए।

**सीढ़ियों के लिए सही दिशा**

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में सीढ़ियां हमेशा पूर्व से पश्चिम या उत्तर से दक्षिण के ओर उठी होनी चाहिए। लेकिन कभी भी इन्हें उत्तर पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। कई लोग सीढ़ियों के नीचे पानी का नल, बाथरूम, टॉयलेट, जूते-चप्पलों का स्थान बना लेते हैं। लेकिन ऐसा करना बहुत गलत माना गया है। वास्तु के अनुसार, सीढ़ियों के नीचे का स्थान खाली रखना उत्तम माना गया है।

**घर के मंदिर में इन बातों का रखें ख्याल**

मनुष्य के घर का सबसे पवित्र स्थान पूजाघर को माना गया है। ऐसे में मंदिर सही दिशा में होना सबसे महत्वपूर्ण होता है। वास्तु के अनुसार, घर में मंदिर हमेशा उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा में होना चाहिए। साथ ही, इसके अंदर हल्के और शांत रंग करवाने चाहिए। ऐसा करना बहुत शुभ माना जाता है। लेकिन इस बात का ख्याल रखें की मंदिर को कभी भी बाथरूम या किचन के पास नहीं रखना चाहिए।

# 7 सितंबर को चंद्र ग्रहण:भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर दोपहर 12.56 बजे शुरू हो जाएगा सूतक

रविवार, 7 सितंबर को भाद्रपद मास की पूर्णिमा है, इस तिथि पर पूर्ण चंद्र ग्रहण हो रहा है और ये ग्रहण भारत में भी दिखेगा। इसलिए इसका सूतक भी रहेगा। इस पूर्णिमा पर दान-पुण्य, स्नान, और व्रत करने की परंपरा है।

मान्यता है कि चंद्र ग्रहण और सूतक के समय में पूजा-पाठ, भोजन नहीं करना चाहिए। इसी वजह से सूतक काल से ग्रहण खत्म होने तक मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण के बाद स्नान करके मंदिरों की शुद्धि की जाती है और फिर भक्तों के लिए मंदिर खोले जाते हैं। 2025 में भारत में दिखाई देने वाला ये एक मात्र ग्रहण है। इसके बाद 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण होगा, जो कि भारत में नहीं दिखेगा।

**कब शुरू होगा चंद्र ग्रहण और सूतक**

चंद्र ग्रहण 7 और 8 सितंबर की दरमियानी रात होगा।

**ग्रहण की शुरुआतः 7 सितंबर की रात 9.56 बजे से होगी।**

ग्रहण का मध्यः रात 11.41 बजे रहेगा। इस समय पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा।




**कब खत्म होगाः रात 1.26 बजे ग्रहण खत्म हो जाएगा।**

भारत के अलावा और कहां दिखेगाः ये चंद्र ग्रहण एशिया, हिन्द महासागर, अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, आस्ट्रेलिया और यूरोप में भी दिखाई देगा।

**ग्रहण का सूतक कब शुरू होगाः** पं. शर्मा के मुताबिक, चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। चंद्र ग्रहण का सूतक दोपहर 12.56 बजे से शुरू होगा और ग्रहण खत्म होने के साथ ही खत्म होगा। भाद्रपद पूर्णिमा से जुड़े धर्म-कर्म सूतक शुरू होने से पहले करना चाहिए।

**3 प्रकार के होते हैं चंद्र ग्रहण**

पूर्ण चंद्र ग्रहण - जब सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आ जाती है और ये तीनों ग्रह एक सीधी लाइन में होते हैं, तब चंद्र पर पृथ्वी की छाया पड़ती है और चंद्र लाल दिखने लगता है। इस स्थिति को पूर्ण चंद्र ग्रहण कहते हैं।

आंशिक चंद्र ग्रहण - जब सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आती है, लेकिन ये तीनों ग्रहण एक सीधी लाइन में नहीं होते हैं, तब चंद्र के कुछ हिस्से पर पृथ्वी की छाया पड़ती है, जिससे आंशिक चंद्र ग्रहण होता है।

मांद्य यानी उपच्छाया चंद्र ग्रहण - इस चंद्र ग्रहण का धार्मिक महत्व नहीं होता है। इस ग्रहण में सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आती है, लेकिन तीनों ग्रह सीधी लाइन में नहीं होते और चंद्र पर पृथ्वी की सिर्फ हल्की सी छाया पड़ती है, जो कि चंद्र पर धूल की तरह दिखती है।

**चंद्र ग्रहण से जुड़ी धार्मिक मान्यता**

जब राहु सूर्य या चंद्र को ग्रसता है यानी निगलता है, तब ग्रहण होता है। इस संबंध में राहु और समुद्र मंथन की कथा प्रचलित है। पुराने समय में देवताओं और दानवों ने एक साथ मिलकर समुद्र मंथन किया था। इस मंथन से अंतिम रत्न अमृत निकला। देवता और दानव दोनों ही अमृत पीकर अमर होना चाहते थे। उस समय भगवान विष्णु ने देवताओं को अमृत पान कराने के लिए मोहिनी अवतार लिया था।

मोहिनी देवताओं को अमृत पिला रही थी। उसी समय राहु देवताओं के बीच भेष बदलकर बैठ गया और उसने भी अमृत पी लिया। सूर्य-चंद्र ने राहु को पहचान लिया था और विष्णु जी को राहु की सच्चाई बता दी। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से राहु का सिर धड़ से अलग कर दिया।

राहु अमृत पी चुका था, इस वजह से वह मरा नहीं। राहु के दो हिस्से हो गए। एक हिस्सा राहु और दूसरा हिस्सा केतु के नाम से जाना जाता है।

**राहु की शिकायत सूर्य**-चंद्र ने की थी, इस वजह से राहु इन दोनों को दुश्मन मानता है और समय-समय पर इन दोनों ग्रहों को ग्रसता है, जिसे ग्रहण कहते हैं।

# व्यक्तित्व अध्यात्म योगी आचार्य भिक्षु



**मुनि चैतन्य कुमार अमन**

संसार में विरले ही लोग होते हैं जिन्हें फूलों की सुवास का अहसास होता है जिस व्यक्ति को संसार की नश्वरता का बोध हो जाता है। वे अपने जीवन में मोहमयी जगत रचना से ऊपर उठकर आत्म कल्याण के मार्ग पर प्रस्थान कर देते हैं। चाहे मार्ग में कितने नुकीले कांटे भी क्यों न हों। वे उन कांटों भरी राह में अपने पथ का निर्धारण कर लेते हैं। सत्य की राह पर चलना किसी नुकीले कांटों पर चलने से कम नहीं होता। आचार्य श्री भिक्षु उन्हीं नुकीले कांटो पर चलना स्वीकार किया। उन्हें यह ज्ञात था कि मैंने जिस राह को चुना है वह सत्य की राह कठिनाईयों से भरी है। पग-पग पर अवरोध होंगे पर मुझे डरना नहीं होगा। हर कष्ट का सामना वीरता के साथ करना होगा। मंजिल ऐसे ही थोड़े मिल जाती है। मंजिल पाने के लिए विश्वास जरूरी है। आत्मविश्वास का मधुमास ही मंजिल को पास लाने वाला होता है। रण में लड़ने वाला योद्धा ही विजयश्री हासिल कर सकता है। उसी प्रकार जीवन में साधना के संग्राम में उतरकर ही सत्य का साक्षात्कार कर सकता है।

आचार्य भिक्षु का व्यक्तित्व बेजोड़ था। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते है जिनका अवतरण शताब्दियों सहस्राब्दियों में कभी-कभार ही होता है। उनका वो श्यामवर्ण, दीर्ध व लम्बा कद, चमकता पल-पलाट करता भाल, दीप्तिमान हंसमुख चेहरा, ओज और तेज से परिपूर्ण था। ओजस्वी वाणी में माधुर्य व चुम्बकीय शक्ति थी जो एक बार सम्पर्क में आने वाले को अपना बना लेती थी। कहा जाता है जब प्रवचन करते तब श्रोताओं को आषाढ़ मास की मेघ गर्जना व सिंहनाद की अनुभूति होती थी।



आचार्य भिक्षु का सम्पूर्ण जीवन की अध्यात्म यात्रा आत्माराधना व वीतराग साधना में नीता। तत्कालीन साधु समुदाय में व्याप्त सिद्धान्त विपर्यास के कारण उन्होंने गुरू के मोह को त्याग कर अभिनिष्क्रिमण किया। उनमें न तो कोई पद के प्रति लालसा थी न ही कोई षिष्यों का मोह, लोकेषणा और महत्वकांक्षा का भाव था। उनकी अन्तर भेदी वाणी से श्रावक समाज को एक नया युगबोध मिला। गुरू के मोह को त्याग कर सत्य के मार्ग पर बढ़ते हुए उनके जीवन में घोर विरोध भी हुआ अनेक कष्टों का सामना हुआ। यहां तक कि जीवन यापन की अनिवार्य आवष्यकताएं भोजन-पानी तथा रहने के लिए स्थान भी उपलब्ध नहीं होता था। ऐसी विषम परिस्थिति में भी उनका मनोबल अडिग रहा। धैर्य अडोल रहा अपने आत्मधर्म व सत्यमार्ग पर निर्भीकता के साथ बढ़ते रहे। उनके आत्मबल को दुनियां की कोई ताकत हिला नहीं सकी उसी का परिणाम उन्हें विजय श्री हासिल हुई। उनका धार्मिक क्षेत्र में यह कदम तेरापंथ का उद्भव हुआ। सुदृढ़ मर्यादाएं, एक आचार एक विचार, एक आचार्य केन्द्रित यह धर्मसंघ जैन धर्म में सिरमोर बना हुआ है। अढ़ाई सौ से चलते हुए इस धर्मसंघ को आचार्य भिक्षु ऐसा वरदहस्त प्राप्त है कि अनेक-अनेक जटिल परिस्थितियों में भी अपनी आन-बान-षान के साथ विष्व मानस के लिए मार्गदर्षक बना हुआ। काल के परिपाक के साथ स्वर्णिम आभा लिए हुए अपना वर्चस्व स्थापित किए हुए है। यह देने है आचार्य भिक्षु की शौर्य-वीरता का जिनका तेरापंथ जन-जन के लिए मेरापंथ बना हुआ है वीर-महावीर का पंथ बना हुआ है। ऐसे सत्यनिष्ठ सत्यावतार आचार्य भिक्षु को कोटि-कोटि नमन। उनका समाधि स्थल सिरियारी जन-जन का आस्था केन्द्र है, जहां पर प्रतिवर्ष हजारों लाखों लोग जैन-अजैन की छतीस कौम पहुंचकर श्रद्धा नमन करता हुआ अपने आपमें धन्यता की अनुभूति करता है। करता रहेगा।

# 41 साल की एक्ट्रेस टीवी सीरियल की अभिनेत्रियों से कराती थी देहव्यापार, पुलिस ने जाल बिछाकर किया गिरफ्तार

मुंबई पुलिस ने एक एक्ट्रेस को सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दो महिला कलाकारों को भी रेस्क्यू किया है. मुंबई से सटे काशीमिरा पुलिस थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में 41 वर्षीय अभिनेत्री अनुष्का मोनी मोहन दास को कथित तौर पर वेश्यावृत्ति का धंधा चलाने और महत्वाकांक्षी महिला कलाकारों को इस अवैध धंधे में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस ने इस दौरान दो टीवी सीरियल और बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी महिला कलाकारों को भी मुक्त कराया है.



**पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार**

अधिकारियों ने जानकारी दी कि गुप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो नकली ग्राहक (डिकॉय) तैयार किए थे. आरोपियों ने ग्राहकों को मुंबई–अहमदाबाद हाईवे के पास काशीमिरा स्थित एक मॉल में बुलाया था. इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को रंगेहाथ पैसे लेते हुए पकड़ा और तुरंत हिरासत में ले लिया.

**दो महिला कलाकार कराई गईं मुक्त**

मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया, पुलिस ने जिन दो महिला कलाकारों को मुक्त कराया है, वे टीवी सीरियल और बंगाली फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं. दोनों को आश्रय गृह में भेजा गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**एक्ट्रेस अनुष्का मोनी मोहन दास गिरफ्तार**

गिरफ्तार अभिनेत्री का नाम अनुष्का मोनी मोहन दास (उम्र 41 वर्ष) है. इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 370(3) (मानव तस्करी से संबंधित) और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि इस रैकेट के पीछे के अन्य लोगों, दलालों और नेटवर्क की जांच की जा रही है.

**हाई प्रोफाइल कस्टम के लिए चल रहा था रैकेट**

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, "यह रैकेट हाई-प्रोफाइल ग्राहकों के लिए चलाया जा रहा था. आरोपी अभिनेत्री बिचौलिए की भूमिका निभा रही थी..उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है."

# दमदार एक्शन और धमाकेदार डायलॉग्स से सजी है बागी 4

**स्टारकास्ट- टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, हरनाज संधू,सोनम बाजवा , श्रेयस तलपड़े, उपेंद्र लिमये, सौरभ सचदेवा, शीबा आकाशदीप साबिर और महेश ठाकुर**

**डायरेक्टर- ए हर्षा**

बागी 4: 'बागी 4' एक बार फिर दर्शकों को रॉनी की खतरनाक और इमोशनल दुनिया में ले जाती है जहां एक्शन के साथ-साथ दर्द, गिल्ट और प्यार का गहरा एहसास देखने को मिलता है। टाइगर श्रॉफ इस बार सिर्फ लड़ते नहीं हैं, बल्कि एक टूटे हुए इंसान के तौर पर भावनात्मक लड़ाई भी लड़ते हैं। ए हर्षा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ मनोवैज्ञानिक थ्रिल और दिल को छू लेने वाली कहानी का अनोखा मेल देखने को मिलता है। दमदार परफॉर्मेंस, शानदार एक्शन और रॉनी की जज़्बातों से भरी जर्नी के साथ 'बागी 4' एक नया एक्सपीरियंस देती है।




**कहानी**

'बागी 4' की कहानी रॉनी (टाइगर श्रॉफ) के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक खौफनाक ट्रेन हादसे में चमत्कारिक रूप से बच जाता है। लेकिन इस हादसे के बाद वह खुद को भाग्यशाली महसूस करने के बजाय गिल्ट और गहरे दर्द में डूब जाता है। एक बड़ी त्रासदी और अपने प्यार को खोने का दुख उसे अंदर से तोड़ देता है और वह धीरे-धीरे खुद को बर्बादी की ओर ले जाने लगता है। रॉनी की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है और उसे यह समझ नहीं आता कि वह जिन चीजों को देख और महसूस कर रहा है वे सच हैं या सिर्फ उसकी कल्पनाएं। उसकी टूटी हुई दुनिया में बार-बार उस महिला की यादें लौटती हैं जिससे वह बेइंतहा प्यार करता था। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है रॉनी की जंग सिर्फ बाहरी दुश्मनों से नहीं बल्कि अपने भीतर के अंधेरे, डर और दर्द से भी होती है। फिल्म एक्शन, इमोशन और मनोवैज्ञानिक तनाव से भरपूर एक रोमांचक यात्रा बन जाती है।

**एक्टिंग**

'बागी 4' में टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर जबरदस्त एक्शन और स्टाइलिश अंदाज़ में दर्शकों का दिल जीता है। उनके एक्शन सीक्वेंस और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन काबिल-ए-तारीफ हैं। संजय दत्त ने अपने मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस और गंभीर अंदाज़ से कहानी में गहराई लाई है। उनकी डायलॉग डिलीवरी हमेशा की तरह दमदार रही। हरनाज संधू ने इस फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया है और उन्होंने अपनी सादगी और स्क्रीन प्रेजेंस से अच्छी छाप छोड़ी है। सोनम बाजवा भी अपने ग्लैमरस लुक और ठोस परफॉर्मेंस के साथ प्रभावित करती हैं। श्रेयस तलपड़े ने अपनी नेचुरल एक्टिंग से कहानी में हल्का-फुल्का अंदाज जोड़ा है जबकि उपेंद्र लिमये ने अपने गंभीर और प्रभावशाली अभिनय से फिल्म में मजबूती दी है। सौरभ सचदेवा अपने खलनायक वाले किरदार में सधे हुए नजर आए, वहीं शीबा, आकाशदीप साबिर, और महेश ठाकुर ने अपने-अपने सहायक किरदारों को ईमानदारी से निभाया और फिल्म की कहानी को संतुलन दिया।

**डायरेक्शन**

फिल्म 'बागी 4' का निर्देशन ए हर्षा ने किया है और उन्होंने इसे बड़े ही सधे हुए और प्रभावशाली अंदाज़ में पेश किया है। बतौर निर्देशक हर्षा ने एक्शन, इमोशन और थ्रिल के संतुलन को बखूबी बनाए रखा है। यह फिल्म बागी फ्रेंचाइज़ी की चौथी किस्त है और उन्होंने इसे पहले से ज्यादा गहराई और गंभीरता के साथ दिखाया है। खासकर रॉनी के मानसिक संघर्ष और इमोशनल ट्रैक को जिस तरह से उन्होंने हैंडल किया है वह डायरेक्शन की परिपक्वता को दर्शाता है। एक्शन सीन्स भले ही दमदार हैं, लेकिन फिल्म की भावनात्मक परतों को भी निर्देशक ने बखूबी उभारा है। कुल मिलाकर ए हर्षा का डायरेक्शन फिल्म को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है।



# उर्मिला मातोंडकर मिनी स्कर्ट में 51 की होकर भी 21 की लगीं

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज भी एक फैशन और फिटनेस आइकन मानी जाती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में उनका फिगर, ग्लो और कॉन्फिडेंस देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह 51 वर्ष की हैं। वह योगा, डाइट और रेगुलर वर्कआउट से अपने आप को फिट रखती हैं। अब हाल ही में उर्मिला ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर बवाल काट रही हैं।

उर्मिला मातोंडकर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह व्हाइट कॉलर वाले ब्लू टॉप और मिनी स्कर्ट में काफी ग्लैमरस दिख रही हैं। स्कर्ट में वह अपनी टोंड लैग्स को खुलकर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

इस लुक को उन्होंने व्हाइट सैंडल और व्हाइट ही स्टॉकिंग्स के साथ कंप्लीट किया है। चेहरे पर ग्लोसी मेकअप और लो पोनी उनकी खूबसूरती को निखार रही है। इन तस्वीरों में उर्मिला अलग-अलग पोज़ में नजर आ रही हैं और हर फोटो में उनका आत्मविश्वास और सुंदरता साफ झलक रही है।

काम की बात करें तो उर्मिला मातोंडकर ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट साल 1977 में फिल्म 'कर्म' से की थी। इसके बाद 1983 में रिलीज़ हुई फिल्म 'मासूम' में उनके अभिनय को काफी सराहा गया और यहीं से उन्हें पहचान मिलनी शुरू हुई। हालांकि, बतौर लीड एक्ट्रेस उन्होंने 1991 में फिल्म 'नरसिम्हा' से अपनी शुरुआत की।

लेकिन उन्हें असली लोकप्रियता 1995 में आई राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'रंगीला' से मिली। इस फिल्म में उनका बोल्ड और मॉडर्न किरदार हर किसी को पसंद आया और वह रातोंरात स्टार बन गईं। इसके बाद उन्होंने 'जुदाई', 'सत्या', 'पिंजर', 'भूत', 'एक हसीना थी' जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया और अभिनय की गहराई को साबित किया।

# आलिया भट्ट ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश




आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं।

**ऐसी कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं, जिसे बेटी राहा देख सके**

ग्राजिया मैगजीन से की गई बातचीत में आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे।' आलिया भट्ट आगे कहती हैं, 'कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।'

**इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया**

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।

# बॉडीकॉन ड्रेस में 'बागी 4' एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने दिखाया किलर फिगर

सोनम बाजवा इन दिनों अपनी नई फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा अपने लुक्स को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरों से लोगों का चैन चुरा लिया है। सोनम बाजवा इन दिनों अपनी नई फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा अपने लुक्स को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरों से लोगों का चैन चुरा लिया है।



सामने आई तस्वीरों में सोनम वाइन कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में कहर ढा रही हैं। खुले बालों और ग्लॉसी मेकअप में हसीना बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। आउटफिट के साथ उन्होंने एक बड़ी सी रिंग और एक वॉच पहनी है।

इस स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ एक्ट्रेस ने अपना लुक कंप्लीट किया। पोस्ट शेयर करने के महज कुछ ही मिनटों में फैंस ने उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बारिश कर दी है।

सोनम बाजवा को आखिरी बार 'हाउसफुल 5' में देखा गया था। अब उनकी फिल्म 'बागी 4' भी रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

इसके वह हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'एक दीवाने की दीवानीयत' में दिखेंगी।

# शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें लुक आउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी में पुलिस

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके बिजनेसमान पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। हाल ही में कपल के खिलाफ एक व्यापारी से 60 करोड़ की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया। अब इसी मामले की जांच के दौरान EOW अब पति पत्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस इनके ट्रैवल लॉग देख रही है और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जाएगा।



एक अधिकारी ने आगे बताया की इस धोखाधड़ी का आरोप जिस कार्यकाल का है तब से लेकर उन पैसों का फ्लो कहां कहां हुआ है इसका पता लगाया जा रहा है ताकि पता चले कि पैसों का इस्तेमाल किस लिए हुआ है। जब इनका मामला NCLT में गया था उस दौरान जिस ऑडिटर ने ऑडिट किया था उसे भी समन कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है फिलाहल फेस्टिवल और शहर में चल रहे आंदोलन के चलते पूछताछ नहीं हो पाई।

सूत्रों ने बताया कि व्यापारी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि दोनों ने मिलकर उन्हें 60 करोड़ रुपए से ज्यादा का चूना लगाया। कोठारी का कहना है कि ये पैसा उन्होंने 2015 से 2023 के बीच बिज़नेस बढ़ाने के नाम पर दिया था लेकिन असल में इसे निजी खर्चों में उड़ाया गया ।शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ दायर मामले में शिकायतकर्ता दीपक कोठारी के वकील जैन श्रॉफ का कहना है कि उनके मुवक्किल से शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने 2015 में बेस्ट डील टीवी कंपनी को खड़ा करने के लिए 60 करोड़ रुपए बतौर लोन मांगे थे। जब शिकायतकर्ता लोन देने को तैयार हुए तब शिल्पा और राज में उन्हें कहा कि आप कंपनी में इन्वेस्ट करें ताकि आपका टैक्स बचेगा ।इसे लेकर एक एग्रीमेंट भी साइन किया गया जिसमें कहा गया कि जितने भी पैसे शिकायतकर्ता उस कंपनी में लगाएंगे वह 5 साल के अंदर 12% के प्रॉफिट के साथ उन्हें लौटा दिए जाएंगे। शिल्पा शेट्टी ने उन्हें पैसे लौटाने के लिए पर्सनल गारंटी भी दी थी।

शिकायतकर्ता के वकील के मुताबिक 60 करोड़ देने के कुछ महीने बाद ही महज़ एक करोड़ के लिए कंपनी को दिवालिया घोषित कर दिया गया और एनसीएलटी में मामला चल गया। इस दौरान शिकायतकर्ता का कहना है कि वह अपने पैसे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से मांगते रहे जिसमें जिसके बाद उन्हें कहा गया कि उनके पास शिल्पा शेट्टी की दी हुई पर्सनल गारंटी है इस वजह से पैसे आज या कल उन्हें वापस एग्रीमेंट के टर्म पर लौटा दिए जाएंगे लेकिन जब पैसे 9 साल तक नहीं लौटे तब शिकायतकर्ता ने पहले जुहू पुलिस थाने में शिकायत की और बाद में यह मामला इकोनामिक ऑफेंस विंग में ट्रांसफर हुआ। करीब 1 साल तक प्रारंभिक जांच के बाद मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उनके द्वारा दिए गए पैसों का शिल्पा और राज ने अपने निजी खर्चे के लिए इस्तेमाल किया है।

# मोतियों की बनी ड्रेस में अनन्या पांडे ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। लेकिन अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है।

**अनन्या पांडे का वीडियो**

अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।'

**सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स**

सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, 'हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए', एक फैन ने लिखा, 'मुझे बहुत पसंद आया', एक और फैन ने लिखा, 'नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है?', एक फैन ने लिखा, 'बहुत पसंद आया।'

**अनन्या का वर्कफ्रंट**

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।



# ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैन

## मस्क को न्योता नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- ये हाई आईक्यू ग्रुप



वॉशिंगटन, 5 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम ऑल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए। हालांकि, टेस्ला सीईओ इलॉन मस्क को न्योता नहीं दिया गया ।

ट्रम्प ने कहा- ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को 'हाई आईक्यू ग्रुप' कहकर संबोधित किया।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया।

**मस्क को नहीं मिला न्योता**

मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं।

इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया।

**मेलानिया ट्रम्प ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए एआई शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की।

मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है।

पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया।

मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर ऑनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी।

खराब मौसम के कारण इस डिनर का प्लान अचानक बदला था। पहले जहां ये डिनर होने वाला था, व्हाइट हाउस ने उस जगह को 'रोज गार्डन क्लब' नाम दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता डेविस इंगले ने इसे सिर्फ राजधानी वॉशिंगटन ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सबसे आकर्षक जगह बताया।

इंगले ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प चाहते थे कि रोज गार्डन का भव्य उद्घाटन किसी खूबसूरत दिन हो। इसके लिए गार्डन में बड़े बदलाव किए गए हैं। घास हटाकर उसकी जगह पत्थर बिछा दिए गए हैं, जिससे यह जगह फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट के आंगन जैसी लगती है।

इस काम की खुद राष्ट्रपति ने कई बार जांच की और मजदूरों से मुलाकात की। एक बार तो उन्होंने मजदूरों को ओवल ऑफिस में बुलाकर फोटो भी खिंचवाई। ट्रम्प ने कहा कि रोज गार्डन बनाने में दुनिया का सबसे खूबसूरत संगमरमर और पत्थर का इस्तेमाल किया गया है।

द हिल लिखता है कि यह डिनर राष्ट्रपति ट्रम्प और सिलिकॉन वैली यानी टेक उद्योगपतियों के बीच बदलते रिश्ते को भी दिखाता है।

# यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

## यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी, जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा

पेरिस, 5 सितंबर (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को घोषणा की है कि 26 देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है।

इसके तहत यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने 'कोएलिशन ऑफ विलिंग्स' समिट के बाद प्रेस मीट में ये जानकारी दी। इस बैठक में ईयू समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा।

**यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग और हथियार देंगे कुछ देश**

मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे।

मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती हैं क्योंकि कुछ बर्लिन जैसे देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी



को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है।

अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की।

**ईयू अधिकारी बोले- शांति अभी दूर की कौड़ी**

यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं। साथ ही उम्मीद करते हैं कि ट्रम्प उनके फैसले में शामिल होंगे।

इस बैठक में यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हुए। इस गठबंधन ने कई बार सैन्य और राजनीतिक स्तर पर बैठकें की हैं, लेकिन अभी तक कोई विस्तृत योजना सार्वजनिक नहीं की गई है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्पष्ट किया कि वह यूक्रेन में सेना नहीं भेजेंगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इटली युद्ध विराम की निगरानी करने और देश के बाहर यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देने के लिए तैयार है। इसके अलावा जर्मनी और स्पेन ने भी सैनिक भेजने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने इस कदम को ऐतिहासिक और जंग को खत्म करने के लिए लंबे समय बाद पहला ठोस कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल यूक्रेन की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि रूस की ओर से युद्ध खत्म करने का फिलहाल कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। मामले में ट्रम्प ने 15 अगस्त को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, लेकिन सीजफायर को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

यह बैठक यूरोपीय देशों की चिंता को दूर करने के लिए थी कि कहीं ट्रम्प यूक्रेन को रूस के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर न कर दें। अगस्त में अलास्का में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई मुलाकात के बाद यूरोपीय नेता सतर्क हो गए थे। ट्रम्प ने दावा किया था कि उन्होंने पुतिन को जेलेंस्की के साथ सीधी बातचीत के लिए राजी किया है, लेकिन रूस ने इस दावे को खारिज कर दिया और अपनी मांगें दोहराई। इसमें यूक्रेन का कुछ क्षेत्र छोड़ना और नाटो में शामिल न होने की शर्त शामिल थी।

# चीन के लेजर डिफेंस सिस्टम पर सऊदी अरब का निराशा

रियाद, 5 सितंबर (एजेंसियां)। चीन का 'महाघटिया' लेजर डिफेंस सिस्टमसऊदी अरब ने चीन के लेजर गाइडेड एयर डिफेंस सिस्टम, जिसे उसने ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए खरीदा था, को 'महाघटिया' बताया है। इस सिस्टम का नाम स्काईशील्ड इंटीग्रेटेड एंटी-ड्रोन सिस्टम है। सऊदी अरब ने इसे फरवरी 2024 में खरीदा था और हाल ही में इसकी टेस्टिंग की, जिसमें यह बुरी तरह से फेल हो गया। यह सिस्टम खास तौर पर ड्रोन झुंडों से निपटने के लिए बनाया गया था, लेकिन टेस्ट के दौरान यह अपने उद्देश्य में कामयाब नहीं हो पाया।

**साइलेंट हंटर लेजर की नाकामी**

रिपोर्ट के अनुसार, इस सिस्टम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा, साइलेंट हंटर लेजर, ऑपरेशनल कंडीशंस में काम नहीं कर सका। सऊदी के एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान जो क्षमताएं दिखाई गई थीं, वे वास्तविक तैनाती के दौरान बहुत कम साबित हुईं। उन्होंने यह भी बताया कि एक ड्रोन को नष्ट करने में 15 से 30 मिनट तक लगातार लेजर टारगेटिंग करनी पड़ी, जो कि युद्ध की स्थिति में बिल्कुल भी कारगर नहीं है। इतने समय में दुश्मन का ड्रोन आसानी से सिस्टम को ही खत्म कर सकता है।

**रेगिस्तानी मौसम बना चुनौती**

इस सिस्टम की नाकामी का एक बड़ा कारण सऊदी अरब का रेगिस्तानी मौसम भी था। वहां की धूल और रेत ने लेजर डिफेंस सिस्टम के ऑप्टिकल ट्रैकिंग को बाधित कर दिया और बीम की शक्ति को कमजोर कर दिया। इसके अलावा, रेगिस्तानी गर्मी ने सिस्टम की कूलिंग पावर को सोख लिया, जिससे लेजर फायरिंग की क्षमता काफी कम हो गई। चीन ने इस सिस्टम को हार्ड किल और सॉफ्ट किल दोनों क्षमताओं वाला बताया था, जिसमें ड्रोन को सीधे नष्ट करने और जैम करने की सुविधा थी, लेकिन सऊदी में यह पूरी तरह से नाकाम रहा।

# वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

## अमेरिका बोला- ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा

कराकस, 5 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वॉरशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी।

अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है।

घटना के बाद पेंटागन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए चेतावनी दी कि वेनेजुएला को चलाने वाले कार्टेल



अगर अमेरिकी सेना के ड्रग्स और आतंकवाद विरोधी अभियानों में बाधा डालने की कोशिश करेंगे, तो इसके नतीजे गंभीर होंगे।

40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरुआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए।

अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया, जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं। वेनेज़ुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। अमेरिका ने तो मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम बढ़ाकर 5 करोड़ डॉलर तक कर दिया है।

हालांकि, वेनेजुएला सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है और किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है।

# बलूच विद्रोहियों की दिलेरी से बौखलाए असीम मुनीर

## बलूचिस्तान में उतारे टैंक, बेगुनाहों का खून बहाने की तैयारी



इस्लामाबाद, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना और अलगाववादी विद्रोही गुटों के बीच तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। अलगाववादियों के हमलों के सामने खुद को बेबस पा रही पाक आर्मी ने इस क्षेत्र में टैंक उतार दिए हैं। बलूचिस्तान में टैंकों के इस्तेमाल पर स्थानीय नागरिकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई है।

बलूच लोगों के लिए काम कर रहे संगठनों का कहना है कि शहरों में टैंक भेजने का मतलब यह है कि आर्मी चीफ असीम मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ निर्दोष लोगों की जान लेने की तैयारी में हैं।

स्वायत्त बलूचिस्तान की मांग करने वाले फ्री बलूच मूवमेंट के मीर यार बलूच ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। एक्स पर साझा किए गए इस वीडियो में टैंकों को सड़कों पर चलत हुए देखा जा सकता है।

मीर ने लिखा है कि लगातार अपमान के बाद बलूचिस्तान की जनता को आतंकित करने के लिए पाक सेना सड़कों पर अपने टैंकों के साथ उतर आई है। मीर ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'पाकिस्तान ने गांवों के भोले लोगों के बीच अपने टैंक उतार दिए हैं और निर्मम हवाई हमले किए हैं। पाक सेना लोगों के अपहरण करते हुए निहत्थे बलूच नागरिकों का दमन कर रही है। यह किया जा रहा है ताकि उनमें डर पैदा किया जा सके और उनकी हिम्मत तोड़ी जा सके।

# लद्दाख की पहाडियों पर भारतीय सेना से लड़ने के लिए चीन ने बदली रणनीति

## भारी टैंकों से मोहभंग, हल्के टैंक से बढ़ाएगा दबदबा?

बीजिंग, 5 सितंबर (एजेंसियां)। बीजिंग में तीन सितंबर को हुए मिलिट्री परेड से गहरे संकेत मिले हैं कि चीन ने हिमालयी क्षेत्र में अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी डॉक्ट्रिन बदल दी है। बीजिंग सैन्य परेड में टाइप-100 मध्यम टैंक देखे गये हैं, जिससे साफ हो जाता है कि वो इन टैंकों को हिमालय में भारत की सीमा के पास तैनात करेगा। यानि चीन अब लद्दाख में ऊंची पहाड़ी पर संघर्ष की स्थिति में भारी भरकम टैंकों पर निर्भर नहीं रहना चाहता है, बल्कि अब वो हल्के टैंकों को डिप्लॉय करेगा।

छोटे और हल्के टैंकों से पहाड़ी इलाकों और समुद्री तटों पर ऑपरेशन में ज्यादा कारगर उपाय साबित होंगे। यह रणनीतिक बदलाव भारत के लिहाज से काफी अहम है क्योंकि लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे कठिन इलाकों में चीन की आक्रामक क्षमताओं का सीधा असर भारतीय सुरक्षा पर पड़ता है। टाइप 100 तोप वजन में हल्के होते हैं और दुर्गम इलाकों में उन्हें ले जाना अपेक्षाकृत आसान होता है, जबकि भारी टैंक को लद्दाक के दुर्गम क्षेत्र में ले जाना अत्यंत कठिन काम होता है।

**लद्दाख के लिए चीन ने बदली रणनीति**

बख्तरबंद वाहन एक्सपर्ट और प्रमुख विश्लेषक सेरही बेरेज़ुत्स्की ने एक इंटरव्यू में कहा कि चीन को अब मुख्य युद्धक टैंकों के बेड़े की जरूरत नहीं है, क्योंकि रूस, जिसे कभी उसका सबसे संभावित विरोधी माना जाता था, वो अब बीजिंग का दोस्त है। भारत के साथ अब चीन का विवाद है, लेकिन वो विवाद लद्दाख में है, इसीलिए चीन के लिए हल्के टैंक बनाने की जरूरत थी। वहां भारी टैंक किसी काम के नहीं होंगे। ऊंचाई पर भार की वजह से उनके इंजन जाम नहीं होंगे। लद्दाख की ऊंचाई पर जहां टाइप 99ए2 जैसे भारी टैंक अपने वजन और इंजन क्षमता के कारण प्रदर्शन खो बैठते हैं, वहीं टाइप 100 और पहले से मौजूद टाइप 15 जैसे हल्के टैंक पूरी शक्ति और गतिशीलता बनाए रखते हैं। यानि इसका मतलब यह हुआ कि भविष्य में अगर सीमा पर तनाव बढ़ा, तो पीएलए हल्के टैंकों की तैनाती करेगा।

इसके अलावा भारत-चीन टकराव की संभावना सिर्फ हिमालय तक सीमित नहीं है। चीन इन टैंकों को ताइवान स्ट्रेट को लेकर भी ऑपरेशन इस्तेमाल को देख रहा है, जहां मध्यम वजन वाले टैंक जहाजों से आसानी से उतारे जा सकते हैं और समुद्रतट से भीतर तक तेजी से बढ़ सके। लेकिन भारत के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि पीएलए का फोकस अब उन हल्के-फुर्तीले हथियारों पर है जो पहाड़ी युद्ध के लिए पूरी तरह डिजाइन किए गए हैं।

# बांग्लादेश 117 साल बाद 'दरिया-ए-नूर' हीरे वाली तिजोरी खोलेगा

ढाका, 5 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका के एक स्टेट बैंक की लंबे समय से बंद पड़ी तिजोरी को खोलने का आदेश दिया है। इस तिजोरी को 117 साल पहले (1908 में) सील की गई थी।

इस तिजोरी में दुनिया की सबसे कीमती रत्नों में से एक 'दरिया-ए-नूर' हीरा बंद होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह हीरा वहां है भी या नहीं, क्योंकि दशकों से इसे देखा नहीं गया है।

दरिया-ए-नूर को 'कोहिनूर की बहन' कहा जाता है। कोहिनूर अभी ब्रिटेन में मौजूद है। दोनों हीरे भारत से ले जाए गए थे। वर्तमान में दरिया-ए-नूर की कीमत लगभग 13 मिलियन डॉलर (लगभग 114.5 करोड़ रुपए) आंकी गई है। दरिया-ए-नूर,



जिसका मतलब है 'खूबसूरती की नदी'। यह एक 26 कैरेट का हीरा है, जो अपने आयताकार, सपाट सतह (टेबल-कट) के लिए जाना जाता है।

बांग्लादेश के अखबार द बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, यह हीरा दक्षिण भारत के खदानों से निकला था, जहां से विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था।

यह हीरा एक सुनहरे कंगन (आर्मलेट) के केंद्र में जड़ा हुआ है, जिसके चारों ओर दस छोटे-छोटे हीरे (प्रत्येक लगभग 5 कैरेट) हैं।

इस हीरे की खासियत सिर्फ इसकी सुंदरता ही नहीं, बल्कि इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। यह हीरा भारत के मराठा राजाओं, मुगल सम्राटों और सिख शासकों के पास रहा। ब्रिटिश शासन के दौरान यह कई हाथों से गुजरा।

यह सवाल आज भी एक रहस्य बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के सोनाली बैंक की तिजोरी में इसके होने की संभावना है, जो शायद यहां 1908 से बंद है।

द बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, इस तिजोरी को आखिरी बार 1985 में खोला गया था और तब हीरे की पुष्टि की गई थी। लेकिन 2017 में खबरें आईं कि यह हीरा गायब हो गया है।

हालांकि, सोनाली बैंक के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने इस हीरे को कभी देखा ही नहीं। ढाका के नवाब सलीमुल्लाह के परपोते ख्वाजा नईम मुराद ने एएफपी को बताया कि वह इस हीरे को देखने की उम्मीद रखते हैं। नईम मुराद ने कहा, 'यह कोई परीकथा नहीं है। यह हीरा आयताकार है और इसके चारों ओर कई छोटे हीरे हैं।' उनके अनुसार, यह हीरा 108 दूसरे खजानों के साथ तिजोरी में रखा गया था, जिसमें एक सोने-चांदी की तलवार, हीरों से जड़ी फेज (टोपी), और एक फ्रांसीसी महारानी का स्टार ब्रोच शामिल है। सोनाली बैंक के प्रबंध निदेशक शौकत अली खान ने एएफपी को बताया, 'तिजोरी सील है। कई साल पहले एक जांच दल आया था, लेकिन उन्होंने तिजोरी को पूरी तरह नहीं खोला, केवल इसके दरवाजे को देखा।'

# लिपुलेख पर भारत की शिकायत लेकर जिनपिंग के पास पहुंचे थे ओली

## चीनी राष्ट्रपति ने बोलती बंद कर दी

काठमांडू/बीजिंग, 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख को लेकर विवाद अब चीन तक पहुंच गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान यह मुद्दा उठाया और कहा कि लिपुलेख नेपाल का क्षेत्र है। ओली ने बीते शनिवार को चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने भारत और चीन के बीच लिपुलेख को सीमा व्यापार मार्ग के रूप में फिर से खोलने के लिए हुए समझौते को लेकर आपत्ति जताई। ओली की आपत्तियों को चीनी



राष्ट्रपति ने यह कहकर खारिज कर दिया कि यह भारत और नेपाल के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है।

भारत ऐतिहासिक रूप से लिम्पियाधुरा, कालापानी के साथ लिपुलेख पर अपना दावा करता रहा है। इस पर विवाद तब बढ़ा जब नेपाल ने साल 2020 में इस क्षेत्र पर दावा करने के लिए एक नक्शा प्रकाशित किया। भारत ने इसे खारिज किया और कहा कि तीनों क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग हैं और कोई भी एकतरफा कार्रवाई इसे बदल नहीं सकती है। पिछले महीने 19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने नई दिल्ली का दौरा किया था। इस दौरान भारत और चीन के बीच लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में खोलने पर सहमति बनी थी। नेपाल में इस समझौते का व्यापक विरोध हुआ था। जब नेपाल के प्रधानमंत्री पिछले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में बैठक के लिए तियानजिन पहुंचे तो शी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इस मुद्दे को उठाया था।

# अफ्रीका के कोट डी आइवर में मिला सोने का भंडार

## जमीन के अंदर दबा है 100 टन गोल्ड, निकालने की तैयारी शुरू

यमोऊसोउक्रो, 5 सितंबर (एजेंसियां)। पश्चिम अफ्रीका के कोट डी आइवर में सोने का एक बड़ा भंडार हाथ लगने वाला है, जो देश के उत्तरपूर्वी डोरोपो में जमीन के नीचे दबा हुआ है। अब तक इस भंडार के बारे में सिर्फ बातें होती थीं, लेकिन जल्द ही यह हकीकत में बदलने वाला है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस सोने की खदान में 100 टन से ज्यादा स्वर्ण भंडार भरा हुआ है। इसके खनन की योजना बन चुकी है और इसका निर्माण कार्य 2026 से शुरू किए जाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है




कि खदान से सोने का पहला उत्पादन साल 2028 में शुरू होगा।

खदान के शुरू होने से हजारों लोग सीधे रोजगार से जुड़ेंगे। यह रिपोर्ट बताती है कि कोट डी आइवर किस तरह से पश्चिम अफ्रीका के सोने के उद्योग में अपनी स्थिति बना रहा है। 100 टन का संभावित आंकड़ा साफ बताता है कि यह कोई छोटा भंडार नहीं है और सरकार इस संसाधन को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मानती है। खास बात यह है कि यह खोज ऐसे खनन क्षेत्र में हुई है, जहां पहले से ही बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। यह इसलिए मायने रखता है क्योंकि जब क्षेत्र में पहले से ही स्थितियां मौजूद होती हैं, तो बुनियादी ढांचे, सप्लायर और कुशल श्रमिकों को जुटाना आसान होता है।



# सरकार को होगा 3700 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान

## जानें एसबीआई रिसर्च ने नए बदलावों पर क्या कहा




नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)।जीएसटी की दरों में कमी के बाद सरकार को इससे मिलने वाले राजस्व में कम से कम 3,700 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी हालिया शोध रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और महंगाई कम होने के बारे में भी टिप्पणी की गई है।

**सरकार ने अपने अनुमानों में 48000 करोड़ रुपये कम राजस्व आने की कही है बात**

सरकार के अनुमानों के मुताबिक जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने से सालाना आधार पर सरकार के खजाने में करीब 48,000 करोड़ रुपये कम आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, विकास और उपभोग में वृद्धि को देखते हुए, न्यूनतम राजस्व हानि 3,700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। ऐसे में राजकोषीय घाटे पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मौजूदा चार स्तरीय ढांचे को दो स्तरीय ढांचे में बदल दिया गया है। इसमें 18 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की मानक दर और कुछ चुनिंदा वस्तुओं और सेवाओं पर 40 प्रतिशत की की विशेष दर शामिल है।

**जीएसटी सुधारों का बैंकिंग क्षेत्र पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव**

रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने से लागत दक्षता में सार्थक सुधार होगा। इससे बैंकिंग क्षेत्र पर काफी हद तक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने से जीएसटी का औसत भार 2017 में लागू होने के समय के 14.4 प्रतिशत से घटकर 9.5 प्रतिशत हो गई है। जब जीएसटी लागू किया गया था, तब चार दरें थीं - पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत। रिपोर्ट में कहा गया है कि आवश्यक वस्तुओं (लगभग 295) पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत या शून्य हो गई है।

ऐसा होने से चालू वित्त वर्ष में इस श्रेणी में खुदरा महंगाई भी 25 आधार अंकों से 30 आधार अंकों तक घट सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई दर 2026-27 तक 65 आधार अंकों से 75 आधार अंकों के बीच सीमित रह सकती है।

# ब्राजील ने किया ट्रंप के टैरिफ को बेदम

## मोदी सरकार भी मुकाबले के लिए कर रही है प्लानिंग



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50% टैरिफ लगाया है। लेकिन ब्राजील ने इसका तोड़ निकाल लिया है। अगस्त में ब्राजील से अमेरिका को एक्सपोर्ट में 18% गिरावट आई। लेकिन इस दौरान देश का कुल एक्सपोर्ट बढ़ गया। ब्राजील ने अगस्त में चीन और अपने आसपास के देशों को एक साल पहले की तुलना में 30% ज्यादा एक्सपोर्ट किया। इससे ब्राजील को अपना ट्रेड बैलेंस बढ़ाने में भी मदद मिली। चीन ब्राजील का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में ब्राजील का ट्रेड सरप्लस 35.8% बढ़कर $6.1 अरब पहुंच गया। अगस्त में ब्राजील का अमेरिका को एक्सपोर्ट $2.76 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले $3.39 अरब डॉलर था। ब्राजील उन चंद देशों में है जिनके साथ अमेरिका ट्रेड सरप्लस की स्थिति में है। पिछले साल ब्राजील के साथ ट्रेड में अमेरिका को 7 अरब डॉलर का फायदा हुआ था। अमेरिका मिनरल फ्यूल, मशीनरी, इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट और गाड़ियां ब्राजील से मंगाता है। साथ ही वह इस देश से कॉफी, सोयाबीन, ओरेंज जूस और आयरल एंड स्टील का भी आयात करता है। अमेरिका ने ब्राजील की ही तरह भारत पर भी 50% टैरिफ लगाया है। आशंका जताई जा रही है कि इससे भारत का करीब 48.2 अरब डॉलर का एक्सपोर्ट प्रभावित होगा। सबसे ज्यादा असर उन उद्योगों पर पड़ेगा जिनमें ज्यादा लोगों को काम मिलता है। इनमें कपड़ा, झींगा, चमड़ा, हीरे-जवाहरात, कारपेट और फर्नीचर शामिल हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। अमेरिका के टैरिफ से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भारत सरकार कई मोर्चों पर काम कर रही है। देश में मांग बढ़ाने के लिए अधिकांश चीजों पर जीएसटी में कटौती की गई है। साथ ही सरकार निर्यातकों को राहत देने के लिए एक साथ चार योजनाओं पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही इसकी घोषणा की जा सकती है। सरकार उसी तरह की योजना पर काम कर रही है जैसी कोरोना महामारी के दौरान एमएसएमई सेक्टर को दी गई थी। साथ ही एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन पर भी काम चल रहा है। पिछले साल भारत का अमेरिका को एक्सपोर्ट 86.5 अरब डॉलर रहा था। इसमें भारत का ट्रेड सरप्लस 46 अरब डॉलर था।

# जीएसटी के दायरे में आ सकता है पेट्रोल-डीजल

## राज्यों की 'हां' का मोदी सरकार को इंतजार है




नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। जीएसटी 2.0 के जरिये मोदी सरकार ने सुधारों की आंधी चलाई है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के बाहर ही रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे लेकर बड़ी बात कही है। उनके मुताबिक, इसके लिए कानूनी प्रावधान हैं। लेकिन, राज्यों की 'हां' जरूरी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक इंटरव्यू में कई अहम बातें कहीं। उन्होंने साफ किया कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का कोई तुरंत प्लान नहीं है। साथ ही, रियल एस्टेट बिल्डरों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वापस देने की भी कोई योजना नहीं है।

राज्यों की सहमति के बिना पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी लागू नहीं होगा। सरकार का मानना है कि आईटीसी देने से राजस्व का नुकसान हो सकता है। नियमों का पालन करना भी मुश्किल हो जाएगा। बिल्डर आईटीसी वापस चाहते हैं। उनका कहना है कि इससे प्रोजेक्ट की लागत बढ़ रही है। निर्मला सीतारमण ने इंडिया टुडे के साथ बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि कानून के हिसाब से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में शामिल किया जा सकता है। लेकिन, इसका फैसला राज्यों को लेना है। उन्होंने कहा, 'कानून इसकी इजाजत देता है। लेकिन, इसे लागू करना राज्यों की सहमति पर निर्भर करता है।' उन्होंने आगे कहा, 'जीएसटी काउंसिल इस पर तभी फैसला लेगी, जब राज्यों को यह सही लगेगा।' अभी पेट्रोल और डीजल पर राज्य सरकारें वैट (वैल्यू ऐडेड टैक्स) और केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी लगाती हैं। ये दोनों ही सरकारों के लिए कमाई के बड़े साधन हैं। जीएसटी सिस्टम में हमेशा से ये प्रावधान रहा है कि इन ईंधनों को इसमें शामिल किया जा सकता है। लेकिन, राज्य सरकारें लगातार इसका विरोध करती रही हैं। उन्हें डर है कि इससे उनकी कमाई में भारी कमी आ जाएगी। रियल एस्टेट के बारे में बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि अभी निर्माणाधीन प्रॉपर्टीज के लिए आईटीसी को फिर से शुरू करने की कोई संभावना नहीं है। अभी बिल्डर 5% जीएसटी देते हैं। लेकिन, वे सीमेंट और स्टील जैसे सामानों पर दिए गए टैक्स को वापस नहीं ले सकते।

# त्योहारी सीजन में सस्ता मिलेगा प्याज

## सरकार ने शुरू की 24 रुपए प्रति किलो की दर से बिक्री



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में सरकार सस्ता प्याज बेज रही है। केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर प्याज उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद में 24 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती (सब्सिडी) दर पर प्याज की बिक्री शुरू कर दी है। मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाने के बाद केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि इन शहरों में सहकारी संस्थाओं नेफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया), एनसीसीएफ (नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) और केंद्रीय भंडार के माध्यम से बफर स्टॉक से लगभग 25 टन प्याज बेचा जाएगा। जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि जिन स्थानों पर प्याज की खुदरा कीमत 30 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हैं, वहां प्याज 24 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री शुक्रवार से चेन्नई, गुवाहाटी और कोलकाता तक बढ़ा दी जाएगी और दिसंबर तक जारी रहेगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को प्याज का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 28 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि कुछ शहरों में यह 30 रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर था। फिलहाल, सरकार के पास तीन लाख टन प्याज का बफर स्टॉक है। यह प्याज वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 15 रुपये प्रति किलो की औसत कीमत पर मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजना के तहत खरीदा गया था। जोशी ने कहा कि बफर स्टॉक से प्याज का नपे-तुले और लक्षित निपटान, खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और स्थिर मूल्य व्यवस्था बनाए रखने के सरकार के प्रयासों का एक अभिन्न अंग है।

# अनिल अंबानी-आरकॉम की मुश्किलें बढ़ीं

## एसबीआई और बीओआई के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने फ्रॉड घोषित किया



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितंबर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है।

**बैंक ने 2017 में ही खातों को घोषित कर दिया था एनपीए**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, ₹इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है। बैंक ने बताया है कि धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों व टिप्पणियों पर आधारित है। उनके अनुसार ऐसा करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तहत है। अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों में की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि अनिल अंबानी 2006 में आरकॉम की स्थापना से लेकर 20फेस्टिव सीजन में सस्ता मिलेगा प्याज, सरकार ने शुरू की बिक्री, बाजार से कितना कम है भाव?19 में बोर्ड से इस्तीफा देने तक (यानी छह साल पहले तक) बोर्ड में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे। बयान में कहा गया है कि अंबानी ने सभी आरोपों और अभियोगों से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि वे कानूनी सलाह के अनुसार उपलब्ध उपायों पर आगे बढ़ेंगे।

# उतार-चढ़ाव के बाद आखिरी कारोबारी दिन सपाट बंद हुआ बाजार, यूरोपीय बाजारों में रही मजबूती

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। तेल व गैस और ऑटो शेयरों में बढ़त की भरपाई आईटी और एफएमसीजी शेयरों में गिरावट से हो गई।

**सेंसेक्स में दिन भर रहा उतार-चढ़ाव**

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 7.25 अंक या 0.01 प्रतिशत गिरकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयर लाभ में तथा 16 नुकसान में रहे। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, सूचकांक बढ़त के साथ खुला, लेकिन देर सुबह के कारोबार में लाल निशान में फिसल गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर पहुंच गया, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में इसमें गिरावट कम हुई।

दिन के उच्चतम और निम्नतम स्तर के बीच सूचकांक 715.37 अंक ऊपर-नीचे हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 6.70 अंक या 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741.00 पर आ गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.34 प्रतिशत, मारुति 1.70 प्रतिशत और पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इटरनल के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं आईटीसी, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

**ऑटो सेक्टर में बढ़त जारी**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार आज स्थिर रहे। हालांकि समर्थन स्तरों पर खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांकों में दिन के निचले स्तर से उछाल आने से धारणा थोड़ी सकारात्मक रही। मांग में सुधार की उम्मीदों के चलते ऑटो सेक्टर में बढ़त जारी रही। उन्होंने कहा कि संकेतों से भी समर्थन मिला, अमेरिकी रोजगार रिपोर्ट से पहले अमेरिकी और एशियाई बाजारों में तेजी रही। यह फेड की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक है।

**यूरोपीय बाजारों में रही मजबूती**

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मजबूती के साथ कारोबार हुआ। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 66.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत गिरकर 66.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 106.34 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,233.09 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 80,718.01 पर और निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,734.30 पर बंद हुआ।

# 2030 तक दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

## नीति आयोग ने कहा– उत्पादन दोगुना करना लक्ष्य



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। थिंक टैंक नीति आयोग ने दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे वर्ष 2030 तक भारत दालों में आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही 2047 तक देश में दालों का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

**उत्पादन में होगी लगातार वृद्धि**

नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में आगे कहा कि उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। बता दें कि 2022 में इसका उत्पादन 26.06 मीट्रिक टन रहा। रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर दालों की मांग-आपूर्ति के अंतर का भी विश्लेषण किया गया है। इसमें कहा गया है कि ये अनुमान सकल उत्पादन, आयात, निर्यात, स्टॉक में बदलाव, बीज, चारे के उपयोग और बर्बादी जैसे कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में, बीज, चारा और बर्बादी का औसत हिस्सा सकल उत्पादन का 11.2 प्रतिशत रहा है, जिसका उपयोग आपूर्ति का अनुमान लगाने के लिए किया गया था। इसके आधार पर, 2030 तक दालों की आपूर्ति 30.6 मीट्रिक टन और 2047 तक 45.8 मीट्रिक टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट में आने वाले वर्षों में अधिशेष की स्थिति का अनुमान लगाया गया है। 2030 तक, भारत में 3.79 मीट्रिक टन अधिशेष होने की उम्मीद है, जो 2047 तक बढ़कर 16.48 मीट्रिक टन हो सकता है।

मांग के संदर्भ में, रिपोर्ट में आईसीएमआर-एनआईएन की सिफारिशों के अनुरूप स्वस्थ उपभोग को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि इसके लिए दालों के पोषण मूल्य के बारे में जागरूकता पैदा करना, उन्हें आहार में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं का ध्यान रखना जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति और मांग दोनों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाकर, भारत दालों के क्षेत्र में अंतराल को पाट सकता है। इस प्रमुख वस्तु के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर सकता है।

# सोना-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर

## 10 ग्राम गोल्ड 1,06,446 पर, इस साल 30,000 महंगा हुआ; एक किलो चांदी 1.23 लाख के पार



नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम आज यानी शुक्रवार, 5 सितंबर को नए हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत आज 501 रुपए बढ़कर 1,06,446 पर पहुंच गई है। कल कीमत 1,05,945 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी। वहीं चांदी की कीमत आज 374 रुपए बढ़कर 1,23,581 रुपए के नए हाई पर पहुंच गई। कल एक किलो चांदी 1,23,207 रुपए में बिक रही थी।

**इस साल सोना 30,000 और चांदी 37,000 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 30,284 रुपए (40%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,06,446 रुपए का हो गया है।चांदी का भाव भी इस दौरान 37,190 रुपए (43%) बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,23,207 रुपए प्रति किलो हो गई है।

**इस साल 1.46 लाख तक जा सकती है चांदी की कीमत**

मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार, 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल अनुमान है कि चांदी में 34% की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है। यह अनुमान गोल्ड-सिल्वर रेश्यो के सामान्य स्तर (60:1) पर आधारित है। वहीं, सिटीग्रुप की रिपोर्ट में कहा गया है कि चांदी की कीमत 1,20,000 से 1,30,000 प्रति किलोग्राम के बराबर हो सकता है।

**महानगरों में सोने-चांदी की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,800

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,620 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,650


**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,620 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,650

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,620 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,650

**हैदराबाद :** 24 कैरेट सोने की कीमत 160860 प्रति 10 ग्राम।

# दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| | |
|---|---|
| | 04-44 बजे |
| | 06-50 बजे |
| | 08-56 बजे |
| | 11-05 बजे |
| | 13-19 बजे |
| | 15-26 बजे |
| | 17-16 बजे |
| | 18-58 बजे |
| | 20-34 बजे |
| | 22-19 बजे |
| | 00-20 बजे |
| | 02-31 बजे |

सिंह, मकर, कन्या, सिंह, कर्क

...संवत्-2082
...-1947, ...
...-2551
...-432000
...-426874
...-5126 ...
...-1972949126
...-1955885126
06-06 / 18-23

पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले

चतुर्दशी 01-41 तक उपरान्त पूर्णिमा

भाद्रपद शुक्ल, शनिवार 06 September

धनिष्ठा 22-55 तक उपरान्त शतभिषा

अतिगण्ड 11-51 तक सुकर्मा

गर 14-31 तक उप वणिज

अनंत चतुर्दशी व्रत

पंचक - 11-21 से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए।

**राहुकाल 09-09 से 10-42 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 06-06 - 07-37 अशुभ | लाभ | 18-23 - 19-52 शुभ |
| शुभ | 07-37 - 09-09 शुभ | उत्पात | 19-52 - 21-19 अशुभ |
| रोग।। | 09-09 - 10-42 अशुभ | शुभ | 21-19 - 22-47 शुभ |
| उत्पात | 10-42 - 12-14 अशुभ | अमृत | 22-47 - 00-14 शुभ |
| चंचल | 12-14 - 13-47 शुभ | चंचल | 00-14 - 01-42 शुभ |
| लाभ | 13-47 - 15-19 शुभ | रोग | 01-42 - 03-09 अशुभ |
| अमृत | 15-19 - 16-52 शुभ | काल | 03-09 - 04-37 अशुभ |
| काल | 16-52 - 18-23 अशुभ | लाभ | 04-37 - 06-06 शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,) — आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं । आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं । जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) — आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपको सकारात्मक कदम उठाने के लिए ही प्रेरित करेगा । इससे आपको भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा । अगर कोई आपसे उलझने की कोशिश करता भी है तो आप शांति बनाये रखें और दृढ़ता से अपनी बात सामने रखें । आज आपकी धार्मिक तथा रहस्य विज्ञान के कार्यों में रूचि बनेगी ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,) — यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है । नयी योजनायें भी जल्दी ही कामयाब होंगीं । हालाँकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है । इसीलिए शाम को सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,) — दिन की शुरुआत उलझन से होगी । आज कोई आध्यात्मिक प्रवृति वाला व्यक्ति आपके बचाव में आयेगा,आपका मार्गदर्शन करेगा । आप उसकी नेक सलाह मान सकते हैं । आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं । दोपहर बाद दिन अच्छा गुजरेगा,दोस्तों के साथ समय बीतेगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा । यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है । आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाहते थे ,आपको उनमें खींचा जाएगा । कुछ कठोर निर्णय लेने होंगें । हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे और कुल मिलाकर सब अच्छा होगा ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,) — आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं । अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,) — अपने वादों का सम्मान करें । आपको इसके लिए अपने मजे तथा आनंद के समय से समझौता करना पड़ सकता है परन्तु अगर आप दूसरों को दुःख नही पहुंचना चाहते तो आपको यह करना पड़ेगा । आपकी कल्पनात्मक शक्ति आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगी । आप मानवीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं, आपकी प्रगति तय है ।


**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) — आज का दिन गृहों की स्थिति के कारण उलझन में डालने वाला रहेगा । आप किसी परेशान करने वाली समस्या के बारे में लगातार सोचते रहेंगे । लेकिन केवल सोचते रहने से कुछ समाधान हाथ न लगेगा । आप जैसा सोच रहे थे आज आपको उससे विपरीत सूचनाएं मिलेंगी जिसके कारण आपको अपने पहले से सोचे हुए में बदलाव करना पड़ेगा ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आपकी प्रकृति उत्सुक और अदमनीय है और आप किसी भी प्रकार का नियंत्रण पसंद ना करते ।आपको ऐसा करने की जरूरत भी नही है ,इसके स्तान पर ख़ुशी और प्यार दें और आपको भी बदले में खूब ख़ुशी और प्यार मिलेगा । अपनी काम की मारामारी वाली जिन्दगी में अपने सहकर्मियों के साथ किसी छोटी सी यात्रा पर जाकर रंग भर सकते हैं ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — आपके अफसर आपसे पुरानी रंजिश निकालने के लिए आपके काम में देर कर सकते हैं । आप इसके कारण बहुत चिंता करेंगे,क्योकि इससे न केवल आपकी वर्त्तमान स्थिति बल्कि आगे आने वाली योजनायें भी प्रभावित होंगी । इस समय अपनी घरेलू खुशियों के कारण खुश रहें क्योकि इससे आपको नया उत्साह मिलेगा ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) — आप हंसी-मजाक के मूड में हैं । अपनी इस विशेषता को बनाएं रखें जो आपको मुश्किल समय में भी चिंतामुक्त रखती है । आप अपनी सक्रिय प्रवृति के कारण एक बिजनेस डील हासिल करने में कामयाब होंगे । कोई आपसे प्रोत्साहन चाहता है.उसके मेंटर बन जाएँ । अपने करीबियों के साथ अच्छा वक़्त गुजरेगा । मछली खाते हुए सावधान रहें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# जयपुर में बारिश, भीलवाड़ा में नदियां उफान पर

## कई इलाकों का संपर्क टूटा, राजस्थान के 28 जिलों में बरसात का अलर्ट



जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार सुबह से ही जयपुर में रिमझिम बारिश हो रही है। उधर, गुरुवार को जयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, उदयपुर समेत कई जिलों में 5 इंच तक बारिश हुई। तेज बरसात से नदी-नाले उफान पर हैं।

बांसवाड़ा में माही बजाज सागर बांध के इस साल पहली बार सभी 16 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। दौसा में 15 साल से सूखी पड़ी बाणगंगा नदी में पानी आया तो ग्रामीण झूमने लगे। नदी का पारंपरिक रिवाज के साथ स्वागत किया गया।

जयपुर में गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर बारिश के बाद 15 फीट गहरा और 12 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद किया गया। टोंक में मकान का छज्जा गिरने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 24 जिलों में येलो अलर्ट है।

पिछले 24 घंटे के दौरान बांसवाड़ा जिले के सज्जनगढ़ में 115MM, कुशलगढ़ में 52, सल्लोपाट में 120, केसरपुरा में 52, चित्तौड़गढ़ के गंगरार में 55, चित्तौड़गढ़ शहर में 51, नागौर के परबतसर में 28, राजसमंद के रेलमगरा में 37, गिलूंड में 35, डूंगरपुर में 41, अजमेर के भिनाय में 88, गोयला में 78, सरवाड़ में 58, पीसांगन में 75, मंगलियावास में 72, किशनगढ़ में 50, अजमेर शहर में 61MM बरसात दर्ज हुई।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून ट्रफ वर्तमान में जैसलमेर, कोटा, मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम, दुर्ग होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इस सिस्टम के कारण राजस्थान में अगले तीन दिन मध्यम से तेज और कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

# बांदीकुई बालाजी-मंदिर संपत्ति विवाद में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक



सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए पुजारी परिवार की बेदखली के आदेश को रोका

जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। दौसा जिले के बांदीकुई बालाजी मंदिर के संपत्ति विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के एक पक्ष के खिलाफ दिए गए बेदखली आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी हैं। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा की बैंच ने यह रोक मुकेश कुमार पारीक की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए लगाई। एसएलपी में हाईकोर्ट के 25 फरवरी 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है। इसमें हाईकोर्ट ने मुकेश कुमार के परिवार को मंदिर परिसर से बेदखल करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता महेन्द्र राणा ने बताया कि मंदिर के पुजारी परिवार में यह संपत्ति विवाद करीब 33 साल से चला आ रहा हैं। दूसरे पक्ष कैलाशचंद ने 1992 में मुकेश कुमार के परिवार को मंदिर से बेदखली के लिए सिविल वाद दायर किया था।

मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। हाईकोर्ट ने भी कैलाशचंद के पक्ष में फैसला देते हुए मुकेश कुमार के खिलाफ बेदखली के आदेश दिए। जिसे हमने सुप्रीम कोर्ट में यह कहते हुए चुनौती दी है कि मंदिर की संपत्ति कैलाशचंद की नही है। यह संपत्ति मंदिर और मूर्ति की हैं। जिस तरह से कैलाशचंद और उनका परिवार मंदिर की सेवा-पूजा कर रहा है। उसी तरह से हम भी सालों से मंदिर परिसर में रहकर सेवापूजा कर रहे हैं। कैलाशचंद का यह दावा कि यह मंदिर उसके पूर्वजों ने बनाया था, यह भी विवादित हैं।

# सरस घी, बटर, पनीर की कम हो सकती है कीमत

**जीएसटी घटने से 38 रुपए लीटर तक सस्ता मिल सकता है घी**





जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। केन्द्र सरकार ने जीएसटी में राहत देने के बाद जयपुर डेयरी के घी, पनीर, बटर और टेट्रा पैक दूध की कीमत कम हो सकती है। सरस का घी 37 से 38 रुपए लीटर तक सस्ता मिल सकता है। दरअसल, केन्द्र सरकार ने दुग्ध उत्पादों पर लगने वाली जीएसटी की दरों को 12 से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है। वहीं, जहां 5 फीसदी जीएसटी लग रही है, उनको शून्य कर दिया है। जयपुर में ज्यादातर लोग जयपुर डेयरी के दुग्ध उत्पादों का उपयोग करते है। अगर डेयरी प्रशासन केन्द्र सरकार के जीएसटी में की गई कटौती को लागू करता है तो आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

केन्द्र सरकार ने घी, बटर, चीज, फ्लेवर्ड मिल्क पर जीएसटी की दरों को 12 से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है। टेट्रा पैक दूध, पनीर पर लगने वाली 5 फीसदी जीएसटी को हटाने की घोषणा की है। इसी तरह आईसक्रीम पर 18 फीसदी की जीएसटी को घटाकर 5 फीसदी कर दिया है।

नई दरों के मुताबिक सरस का 200 ग्राम का पनीर वर्तमान में बाजार में 77 रुपए का मिलता है, जो 22 सितंबर के बाद से 3.66 रुपए तक कम यानी करीब 73-74 रुपए में उपलब्ध हो सकता है। वहीं, 1 किलोग्राम वाले पनीर का पैकिट जो अभी 380 रुपए में मिल रहा है, वह 18 रुपए तक कम होकर 362 रुपए में मिल सकता है। इसी तरह एक लीटर घी (सामान्य) जो वर्तमान में 588 रुपए तक मिलता है। वह 37 रुपए कम होकर 551 रुपए तक बाजार में मिल सकता है। इसी तरह गाय का घी जो अभी 608 रुपए तक मिलता है। वह 38 रुपए कम होकर 570 रुपए तक मिल सकता है।

इसके अलावा सरस बटर का 100ML का पैक जो बाजार में अभी 60 रुपए में मिलता है। वह 4 रुपए सस्ता होकर 56 रुपए तक, जबकि 500ML का पैक 290 रुपए में मिल रहा है वह 18 रुपए तक कम होकर 272 रुपए में मिल सकता है।

# हेल्थ मिनिस्टर की मां का निधन

## जयपुर के निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस; तीन माह पहले हुआ था पत्नी का निधन



जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के हेल्थ मिनिस्टर गजेन्द्र सिंह खींवसर की मां का आज निधन हो गया। वे जयपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती थीं। उनका इलाज चल रहा था। 93 साल की स्नेहलता सिंह पिछले लम्बे समय से बीमार चल रही थी। इससे पहले इसी साल जून में मंत्री खींवसर की धर्मपत्नी प्रीति कुमारी का भी निधन हुआ था।

सूत्रों के मुताबिक मंत्री खींवसर की माता स्नेहलता सिंह को सांस लेने में तकलीफ समेत अन्य परेशानी के बाद जयपुर के दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। इस सूचना के बाद मंत्री खींवसर और चिकित्सा महकमे के कुछ डॉक्टर्स और अधिकारी हॉस्पिटल पहुंचे। मृत्यु का समाचार मिलने के बाद स्वयं मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर इस दुखद घटना का जिक्र किया। सूत्रों का कहना है कि यहां से तमाम प्रक्रिया पूरी करने के बाद पार्थिव देह को आज अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव खींवसर ले जाया जाएगा जहां उनका कल अंतिम संस्कार होगा।

5 जून को ही मंत्री खींवसर की पत्नी का अचानक निधन हो गया था। इसके बाद से वे शोक में है। उस समय कुछ डॉक्टरों ने साइलेंट कार्डियक अरेस्ट से निधन होने की बात कही थी।

# फिल्मों में ठाकुरों को गांव का सबसे बड़ा अपराधी बताया

## लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ बोले- महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने वाला बताया; खूब अंगुलियां उठाई गई

जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा- 1980-90 के दशक की फिल्मों में ठाकुरों को गांव का सबसे बड़ा अपराधी बताया गया। हमारे जैसे परिवारों पर खूब अंगुलियां उठाई गईं। खूब बातें बोली गई कि इन्होंने महिलाओं को आगे आने नहीं दिया, उन्हें हमेशा दबा के रखा गया।

गुरुवार को जयपुर स्थित एमडी रोड पर पीलवा गार्डन में 'कम्युनिटी ड्रीमर्स' एनजीओ की पहली एनिवर्सरी मनाई गई। इसमें शिरकत करने आए डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने कहा- महिला सशक्तिकरण की बात की जा रही है। आज से 100 साल पहले हमारे पूर्वज महाराणा शंभू सिंह ने उदयपुर में बालिका शिक्षा के लिए पहली नींव रखी थी। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने अपने पूर्वजों को याद करते हुए कहा- उनका (महाराणा शंभू सिंह) मानना था कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे सशक्त बनें। आज हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और बेटी को आगे बढाने की बात करते हैं। मैं इस बात को फख्र से कहता हूं कि मेवाड़ का कण-कण इन शब्दों को जीता है। मेवाड़ बोलता नहीं है, करके दिखाता है।



डॉ. लक्ष्यराज के साथ उनकी पत्नी निवृत्ति कुमारी और सास भी मौजूद रहीं।

लक्ष्यराज ने हिन्दी भाषा की पैरवी हुए कहा- लोगों को अन्य भाषाएं सीखनी चाहिए। कई बार संस्कृति अपनी हो या पड़ोसी की, वह अपने से बात करती है। अंग्रेजी भाषा ए फॉर एपल से शुरू होती है और जेड फॉर जीरो पर खत्म होती है।

यानी सेव से शुरू होकर शून्य पर खत्म होती है, जिसे हिन्दुस्तान ने बनाया है। आपकी और मेरी मां जो सिखाती है, वह यह है कि वे अ से अनपढ़ से शुरू करेंगी और ज्ञ यानी ज्ञानी पर खत्म करेंगी। यही हमारी भाषा की खूबसूरती है।

# भीलवाड़ा दंगा मामला : 6 आरोपियों को हाईकोर्ट से आंशिक राहत

**फैसले में कहा- 'अचानक हुई लड़ाई में सिंपल चोट से हत्या का इरादा साबित नहीं होता'**

जोधपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने भीलवाड़ा के एक सामुदायिक झगड़े के मामले में 6 आरोपियों को धारा 307 (हत्या का प्रयास) के आरोप से राहत दी है। इस मामले में कोर्ट ने 26 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था। बुधवार को जस्टिस संदीप शाह ने अपना फैसला सुनाया। इसमें कोर्ट ने माना कि अचानक हुई लड़ाई में सिंपल इंजरी और पत्थरबाजी के आधार पर हत्या की कोशिश का मामला नहीं बनता।

मामला 29 अप्रैल 2022 की रात 1:30 बजे भीलवाड़ा के सुभाष नगर थाने में दर्ज हुआ था। जिसमें शिकायतकर्ता मुस्ताक सिलावट ने बताया था कि वह अपने भाई समीर और दोस्त आवेश के साथ कृष्णा हॉस्पिटल से बागर हॉस्पिटल की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहा था। रास्ते में उन्होंने देखा कि 15-20 लोग मारुति कॉलोनी के 2-3 लोगों को मार रहे हैं। जब वे रुके तो इन लोगों ने उन्हें भी लाठी और पत्थरों से मारा। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि यह कोई पूर्व नियोजित अपराध नहीं था, बल्कि अचानक हुई लड़ाई का मामला है। पीड़ित मुस्ताक की मौजूदगी भी वहां संयोग से थी। जस्टिस शाह ने कहा कि इतने सारे लोग मौजूद होने के बाद भी पीड़ित के शरीर पर केवल सिंपल इंजरी होना यह दर्शाता है कि आरोपियों का हत्या का इरादा नहीं था।

कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि सभी चोटें कुंद हथियार से लगी हैं और सिर पर लगी चोट को छोड़कर बाकी चोटें शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर नहीं हैं।

# जयपुर के होटल में युवती ने किया सुसाइड

## कमरे में फंदे से लटकी मिली, बॉयफ्रेंड से हुआ था झगड़ा

जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर की होटल में एक युवती के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। होटल के रुम में वह फंदे से लटकी हुई मिली। सुसाइड से पहले बॉयफ्रेंड से उसका झगड़ा हुआ था। विधायकपुरी थाना पुलिस ने FSL टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने SMS हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवती के भाई ने बॉयफ्रेंड के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है।

एसएचओ (विधायकपुरी) बनवारी लाल ने बताया- डीडवाना कुचामन की रहने वाली 26 साल की युवती ने सुसाइड किया है। करीब 4 साल पहले आदित्य से इंस्टाग्राम के जरिए कॉन्टैक्ट में आई थी। बातचीत के बाद दोस्ती बढ़ने पर आदित्य के साथ रिलेशन में आ गई। 27 अगस्त को विधायकपुरी इलाके में स्थित होटल में वह रुम लेकर ठहरी थी। होटल में उसका बॉयफ्रेंड आदित्य भी साथ ही था। 29 अगस्त को दोपहर दोनों के बीच झगड़ा हुआ।

**वापस लौट कर लिया सुसाइड**

दोपहर करीब 1:30 बजे झगड़े के बाद दोनों ही रुम लॉक कर होटल से बाहर आ गए। होटल से बाहर निकलने के बाद आदित्य कमरे की चाबी लेकर सिगरेट पीने चला गया। जिसके बाद युवती दोबारा होटल के अंदर पहुंची। होटल कर्मियों से दूसरी चाबी लेकर कमरे में पहुंची। अंदर से कमरा लॉक कर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। करीब एक घंटे बाद आदित्य के वापस लौटने पर रुम का गेट अंदर से बंद मिला। काफी खटखटाने व आवाज लगाने के बाद भी जबाव नहीं मिला। होटल प्रशासन की सूचना पर विधायकपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गेट तोड़कर अंदर घुसने पर कमरे में युवती फंदे से लटकी मिली।

**चीटिंग को लेकर हुआ झगड़ा**

पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच चीटिंग को लेकर झगड़ा हुआ था। आदित्य को अपनी प्रेमिका पर दूसरे लड़के से अफेयर का शक था। इसको लेकर उसने प्रेमिका का मोबाइल चेक किया। मोबाइल में दूसरे लड़के से चैटिंग मिली। आदित्य ने प्रेमिका के घरवालों को मोबाइल में मिल चैटिंग भेजकर धोखा देने के बारे में बताया। इस बात को लेकर झगड़े के बाद गुस्से में युवती ने सुसाइड कर लिया।

विधायकपुरी थाने में मृतका के भाई ने आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि आरोपी आदित्य के साथ उनकी बहन रिलेशनशिप में थी। आदित्य उसे परेशान करने लगा था। वह धमकाने के साथ ही ब्लैकमेल करता था। जिसके कारण बहन ने आदित्य से ब्रेकअप भी कर लिया था।

# आईआईटी जोधपुर के डायरेक्टर और प्रोफेसर के बीच मारपीट




जोधपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। आईआईटी जोधपुर परिसर में डायरेक्टर और एसोसिएट प्रोफेसर के बीच मारपीट हुई। एसोसिएट प्रोफेसर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि विभागीय मीटिंग के दौरान एसोसिएट प्रोफेसर ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया।

कर्मचारी ने बचाव किया तो उन्हें मारने और उनके परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी। वहीं, एसोसिएट प्रोफेसर ने डायरेक्टर पर बंधक बनाकर राजकार्य में बाधा पहुंचाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुझे मारने की कोशिश हुई।

मामला मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे का है। दोनों पक्षों ने करवड़ थाने में एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी लेखराज सियाग ने बताया- केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर दीपक कुमार अरोड़ा को गिरफ्तार किया है।

# हार के बाद भाजपा का नया प्लान

**50 पार करने वालों को निगम चुनाव में मिलेगी तवज्जो, 62 वार्डों में पुराने चेहरों को उतारने की तैयारी**

जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। हेरिटेज निगम उपचुनाव में हार के बाद आगामी जयपुर नगर निगम चुनाव भाजपा के लिए चुनौती बन सकता है, क्योंकि कुछ दिन पहले शहर कार्यकारिणी की वायरल सूची में भी वरिष्ठों को तवज्जो नहीं दी गई थी। इसके बाद से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का एक धड़ा सक्रिय हो गया। इसी का असर उपचुनाव पर भी पड़ा।

इस डेमेज कंट्रोल को रोकने के लिए भाजपा ने 41-59 की प्लानिंग की है। इसके तहत 41 प्रतिशत टिकट 50 से ज्यादा उम्र के कार्यकर्ताओं को और 59 प्रतिशत नए चेहरों को टिकट मिल सकते हैं। महिलाओं प्रत्याशी भी ज्यादा उतारी जा सकती है। भाजपा आलाकमान भी चाहता है कि निगम चुनाव में 50 की उम्र पार करने वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जाए।

ऐसे में आगामी चुनाव में करीब 62 वार्डों में वरिष्ठ भाजपाइयों को टिकट मिल सकते हैं। बता दें कि आगामी चुनाव 150 वार्डों में होंगे और दो की बजाए एक जयपुर नगर निगम के लिए होंगे। वर्तमान हेरिटेज व ग्रेटर निगम का कार्यकाल नवंबर में पूरा हो जाएगा और दिसंबर माह में जयपुर निगम के नए बोर्ड का गठन हो सकता है।

# विधानसभा में जमकर हुआ हंगामा

**कारखाना संशोधन विधेयक को मंजूरी महिलाएं रात 7 बजे बाद की पारी में भी कर सकेंगी काम**

जयपुर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में भारी बारिश के चलते फसलों एवं आम जन को हुए नुकसान को लेकर विपक्षी सदस्यों ने गुरुवार को विधानसभा में जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच ही सदन में तीन महत्वपूर्ण बिल महज 15 मिनट में पास कर दिए गए। इसमें सिर्फ दो सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया। सदन ने सबसे महत्वपूर्ण कारखाना संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी। जिसमें अब महिलाएं स्वयं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि में भी कार्य कर सकेंगी। इसके लिए उनकी लिखित सहमति आवश्यक की गई है। इससे महिला श्रम की भागीदारी बढ़ेगी और महिला सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, श्रमिक प्रतिदिन कारखानों में 10:30 घंटे तक उपस्थित रह सकेंगे। इन सब से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उधर, विधानसभा अध्यक्ष ने बिल पारित होते ही सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। शुक्रवार से रविवार तक अवकाश रहेगा। सदन की कार्यवाही भोजन अवकाश के बाद दोपहर दो बजे जैसे ही शुरू हुई कांग्रेसी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने राजस्थान विनियोग (संख्या 3) विधेयक-2025 सदन में पेश किया। सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। यह विधेयक वित्तीय वर्ष 2025 26 की सेवाओं के लिए राज्य की समेकित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोजन को प्राधिकृत करने के लिए लाया गया है।

राजस्थान माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया। इस बीच सदन में हंगामा चल रहा था। विधानसभा अध्यक्ष ने चर्चा के लिए तय नाम भी पुकारे, लेकिन विपक्षी सदस्यों में से किसी ने चर्चा में हिस्सा नहीं लिया।

**महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी बढ़ेगी**

कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से गुरुवार को विधानसभा में पारित कर दिया गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सदन में कहा कि कारखाना अधिनियम, 1948 में किए गए संशोधन से श्रमिक लाभान्वित होंगे।

# तेलंगाना में निवेश के प्रबल अवसर-उत्तम ने डेनिश राजदूत को बताया



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को भारत में डेनमार्क के नए राजदूत, रासमस आबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन के साथ विस्तृत बातचीत के दौरान हैदराबाद और तेलंगाना को वैश्विक निवेश के लिए भारत के सबसे आकर्षक स्थलों में से एक बताया।

शुक्रवार को हैदराबाद स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में, उत्तम कुमार रेड्डी ने तेलंगाना की विकास गाथा की एक व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की, जिसमें कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण को इसके मजबूत क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया गया। उन्होंने डेनिश कंपनियों को स्वच्छ ऊर्जा से लेकर डेयरी तक, विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाएं तलाशने के लिए आमंत्रित किया, और कहा कि तेलंगाना का नीतिगत ढांचा, बुनियादी ढांचा और कुशल कार्यबल निवेशकों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करते हैं। मंत्री ने अतिथि राजनयिक को बताया कि भारत का सबसे युवा राज्य, तेलंगाना, तेजी से देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है। उन्होंने दोहरे अंकों की वृद्धि, भारत में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय और लगातार उच्च निवेश प्रवाह का हवाला देते हुए कहा, 29 राज्यों में से, हम शायद सबसे तेजी से विकास कर रहे हैं और सबसे अधिक निवेश-अनुकूल भी हैं। राजदूत क्रिस्टेंसन ने डेनमार्क के "इम्पैक्ट फंड" के बारे में बताया, जिसे प्रमुख पेंशन फंडों और सरकार की एएए रेटिंग का समर्थन प्राप्त है, और यह दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा, कृषि, जल और स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं में अरबों डॉलर लगाता है। उन्होंने बताया, भारत, और विशेष रूप से तेलंगाना, पहले से ही इस फंड के सबसे बड़े प्राप्तकर्ताओं में से है। क्रिस्टेंसन ने कहा कि तेलंगाना बेंगलूरू के बजाय एक पसंदीदा विकल्प के रूप में उभर रहा है, और डेनिश कंपनियां अपने वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए हैदराबाद को तेजी से चुन रही हैं। चर्चा का एक प्रमुख क्षेत्र डेयरी विकास था।

क्रिस्टेंसन ने स्वीकार किया कि हिमाचल प्रदेश में एक आदर्श डेयरी परियोजना स्थापित करने के डेनमार्क के प्रयासों को नियामक बाधाओं का सामना करना पड़ा है। उत्तम कुमार रेड्डी ने तेलंगाना को एक बेहतर विकल्प बताया। उन्होंने सुझाव दिया, तेलंगाना भारत के दूध उत्पादन में लगभग 12 प्रतिशत का योगदान देता है।

## महिला ने 200 निवेशकों से 3 करोड़ की ठगी की

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में एक बड़े चिटफंड घोटाले का खुलासा हुआ है। शांति नगर निवासी स्वप्ना नामक महिला ने कथित तौर पर करीब 200 निवेशकों से 3 करोड़ रुपये की ठगी की है। जानकारी के अनुसार, स्वप्ना पिछले 14 वर्षों से सनतनगर में चिटफंड योजना चला रही थी।

वह सदस्यों से पैसे जमा कराती रही, लेकिन अब वह उनकी राशि लौटाने में नाकाम रही और फरार हो गई। पीड़ित निवेशकों ने जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

# बालापुर गणेश लड्डू : किस्मत बदलने वाली परंपरा



शहर के बालापुर स्थित प्रसिद्ध गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोढ़ा भाइपा संघ तेलंगाना के प्रचार मंत्री विनय सिंह जैन का सम्मान करते हुए संयोजक भुवन रेड्डी। अवसर पर प्रथम जैन, राखी जैन व अन्य।

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गणेश उत्सव में भक्ति और उत्साह का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका बालापुर गणेश लड्डू सिर्फ एक प्रसाद नहीं बल्कि कई लोगों के लिए 'किस्मत बदलने वाला प्रसाद' माना जाता है। किसानों से लेकर राजनेताओं और उद्योगपतियों तक, इस लड्डू को नीलामी में जीतना एक आशीर्वाद माना जाता है जो जीवन और कारोबार में तरक्की लेकर आता है। इस परंपरा की शुरूआत 1994 में हुई, जब किसान कोलन मोहन रेड्डी ने 450 रुपये में लड्डू खरीदा। उन्होंने दावा किया कि खेतों में लड्डू छिड़कने से फ़सल दोगुनी हुई। इसके बाद से लड्डू की बोली हर साल बढ़ती गई और इसे पाने वालों ने अपने जीवन में बदलाव का अनुभव साझा किया। राजनेता भी इसे सौभाग्य का प्रतीक मानते हैं। पूर्व मेयर तीगला कृष्णा रेड्डी ने 2013 में लड्डू खरीदा और उसी साल विधायक बने। वहीं, रियल एस्टेट कारोबारी और उद्यमियों ने भी दावा किया कि नीलामी जीतने के बाद उनका कारोबार खूब फला-फूला।

पिछले साल 27 लाख रुपये में बिका यह लड्डू इस बार 30 लाख 1 रुपये की रिकॉर्ड बोली में कोलन शंकर रेड्डी ने जीता। आज यह 21 किलो का 'बंगारू लड्डू' न सिर्फ़ धार्मिक आस्था बल्कि सामाजिक और आर्थिक पहचान का भी प्रतीक बन चुका है। 1994 में बोली : 450 (कोलन मोहन रेड्डी), 2024 में बोली : 30,00,001 (कोलन शंकर रेड्डी)।

## पीएम मोदी के सम्मान में पाला अभिषेक आयोजित



हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएसटी के ढांचे में पुरानी स्लैब दरों को समाप्त कर नई दरें लागू करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के सम्मान में पाला अभिषेक का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जामबाग पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा कि जीएसटी की दो स्लैब दर लागू करने लोगों को जीएसटी भरने में आसानी होगी साथ ही सभी दुकानदारों व उपभोक्ताओं का लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लिया गया यह साहसिक निर्णय निश्चित रूप से आम और गरीब लोगों की मदद करेगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीनिवास यादव, अमर सिंह, सुरेश तोल्डी, राजू यादव, अनिल, प्रवीण बाबू, संदीप जैन, रविंदर, हरिनाथ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

## हैदराबाद में आज 1.4 लाख गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इस वर्ष भगवान गणेश को अंतिम विदाई देने के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। शनिवार को ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में लगभग 1.4 लाख गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की गई है। हुसैन सागर झील के अलावा, 20 प्रमुख झीलों और 72 विशेष रूप से बनाए गए कृत्रिम तालाबों में भी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा, ताकि यातायात का दबाव कम हो और प्राकृतिक जल स्रोतों पर बोझ न पड़े। खैरताबाद की 69 फीट ऊंची विशाल गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए हुसैन सागर पर बाहुबली क्रेन तैनात कर दी गई है। खैरताबाद गणेश शोभायात्रा : विशेष पूजा के बाद प्रतिमा को शनिवार सुबह 6 बजे तक स्थानांतरित कर दिया जाएगा। शोभायात्रा सुबह 8 बजे शुरू होगी और यह टेलीफोन भवन, तेलुगु तल्ली फ्लाईओवर, सचिवालय और एनटीआर गार्डन से होकर गुजरेगी। इस दौरान हजारों श्रद्धालु, सांस्कृतिक दल और ढोल-नगाड़ों की गूंज देखने को मिलेगी। बालापुर गणेश जुलूस : खैरताबाद गणेश शोभायात्रा के बाद सुबह 10 बजे बालापुर गणेश जुलूस निकलेगा। इससे पहले पंडाल में परंपरागत 'बंगारू लड्डू' की नीलामी होगी, जिसका इंतजार श्रद्धालु हर साल करते हैं। जीएचएमसी ने सफाई के लिए 15,000 कर्मचारियों को 125 जेसीबी और 102 मिनी-टिपर के साथ तैनात किया है। अब तक 10,500 मीट्रिक टन अतिरिक्त कचरा साफ कर जवाहर नगर प्रसंस्करण इकाई में भेजा जा चुका है। पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं, ताकि विसर्जन कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# तेरापंथ संस्थापक आचार्य भिक्षु का 223वां चरमोत्सव दिवस मनाया गया




हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री ने कहा आचार्य श्री भिक्षु उस व्यक्तित्व का नाम है जिन्होंने तेरापंथ संघ के लिए मर्यादाएं लिखी, संविधान बनाये, कष्टों को उपहार के रूप में स्वीकार किये। आचार्य भिक्षु ने मौलिक चिन्तन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की। भिक्षु एक कुशल विधिवता के साथ-साथ एक सहज कवि एवं महान साहित्यकार थे। वे जब तक जिये ज्योति बनकर जिये। उनके जीवन का हर पृष्ठ पुरुषार्थ की गौरममयी गाथाओं से भरा पड़ा है। आचार्य भिक्षु का उदय एक नये आलोक की सृष्टि है। उनका जीवन अनेक विशिष्टताओं का पुंज था।

साध्वी मयंकप्रभा ने कहा- आचार्य भिक्षु ने अंतिम समय में शिक्षा देते हुए कहा- मर्यादा, आज्ञा, संगठन, समर्पण और अनुशासन का पालन करना सिखाया। जब तक इनका आचरण करोगे तो जीवन अपने आप ज्योतिर्मय बन जायेगा। आचार्य भिक्षु उसका नाम है जिसके आदि, अन्त और मध्य में आत्मा ही है। जिसके अणु-अणु में पराक्रम ही पराक्रम है। उन्होंने जो कहा वह शास्त्र बन गया, उन्होंने जो देखा वह पंथ बन गया। साध्वी दक्षप्रभा जी ने सुमधुर गीतिका प्रस्तुत करते हुए आचार्य भिक्षु के जीवन दर्शन को प्रकट किया। इस अवसर पर सिकंदराबाद सभा के सह मंत्री हुकमी चंद कोटेचा, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष राहुल गोलछा, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष नमिता सिंघी, अणुव्रत समिति मंत्री रीता सुराणा, टीपीएफ अध्यक्ष वीरेंद्र घोषल, शांताजी बैद, चांद बैद आदि ने भी अपने विचार रखे। आज के विशिष्ट दिवस पर सैकड़ों श्रावकों ने उपवास, आयम्बिल, एकासन, पोषध इत्यादि तप, त्याग, प्रत्याख्यान स्वीकार कर आराध्य की अभिनन्दना में अपना अर्घ्य अर्पित किया। आज पूरे दिन भर तेरापंथ भवन में अखण्ड जप अनुष्ठान चला। महिला मंडल ने मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया। साध्वी मेरुप्रभाजी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## केसीआर परिवार में झगड़े संपत्ति से जुड़े हैं : कडियम श्रीहरि

जनगांव, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्टेशन घनपुर विधायक कडियम श्रीहरि ने आज बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि कल्वाकुंतला परिवार में चल रहे झगड़े संपत्ति के मामलों से जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया, केसीआर परिवार ने 'धरणी' पोर्टल का दुरूपयोग करके हज़ारों एकड़ ज़मीन हड़प ली और कालेश्वरम परियोजना का फायदा उठाकर हज़ारों करोड़ रुपये की संपत्ति जमा कर ली। केसीआर परिवार में मौजूदा झगड़े सिर्फ़ जमीन और संपत्ति के बंटवारे को लेकर हैं।

जनगांव जिले के लिंगाला गणपुरम मंडल में नवाबपेटा जलाशय से सिंचाई का पानी छोड़ने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, श्रीहरि ने कल्वाकुंतला परिवार पर अपने दशक भर के शासन के दौरान "तेलंगाना के संसाधनों को लूटने" का आरोप लगाया। न तो तेलंगाना की जनता और न ही कांग्रेस सरकार का इस पारिवारिक झगड़े से कोई लेना-देना था। एमएलसी कविता के बीआरएस से इस्तीफ़े की मुख्य वजह उनके शराब मामले में केसीआर की कथित संलिप्तता है।

## एयरपोर्ट पर यात्री के सामान से जिंदा गोली बरामद

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर सुरक्षा जांच के दौरान बुधवार को एक यात्री के चेक-इन सामान से जिंदा गोली बरामद की गई। पकड़े गए यात्री की पहचान कोलकाता निवासी रवि कुमार (32) के रूप में हुई है, जो हैदराबाद से कोच्चि जाने वाली उड़ान से यहां पहुंचा था। सुरक्षा अधिकारियों को सामान की स्कैनिंग के दौरान गोली का पता चला। पूछताछ में रवि वैध हथियार या गोला-बारूद का लाइसेंस नहीं दिखा सका। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि वह अनजाने में इसे अपने साथ ले आया, हालांकि इस दावे की पुष्टि की जा रही है। फिलहाल यात्री और बरामद कारतूस को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरजीआई हवाई अड्डा पुलिस को सौंप दिया गया है।



आज केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा आरती में प्रसाद लड्डू, लीची गोला खड़ी बूंदी कदम बट का सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा में भाग लेते भक्तों में राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा,माया अग्रवाल संध्या रानी अग्रवाल विजया उर्मिला तन्वी दीपा देवी विजया एवं आज के पूजा के मुख्य यजमान थे। आज के यजमान. पी लक्ष्मैया. सेसैया, राजेश केडिया.अशोक जालान, सुरेश. बाबू आनंद कुमार होंगे।



अग्रणी महिला मंच द्वारा आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में हिमायत नगर स्थित गौतम मॉडल स्कूल में प्रिंसिपल का शॉल ओढ़ाकर अध्यापिकाओं का गुलाब का फूल दे कर सम्मान किया गया। प्रिंसिपल विजय एवं सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। अवसर पर अध्यक्ष सुमन भुवानिया, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, स्मिथ शाह, श्रद्धा सुखिया, रितु गोयल, प्रीति गोयल, अंजना मेहता एवं पवन भुवनिया आदि उपस्थित थे।



मौलाली हाउसिंग बोर्ड में स्थापित गणेश प्रतिमा की पुजा-अर्चना कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि सोहनसिंह राजपुरोहित, कैलाश शर्मा का सम्मान करते हुए पवन शर्मा व युवा नेता टी.श्रीनिवास।



उज्जैन महाकाल ज्योर्तिलिंग एवं मांडू हिल्स स्टेशन, रानी रुपवती महल के दर्शन-वंदन कर उपस्थित अरिहंत ग्रूप के सीरवी समाज सचिव नारायणलाल काग, सुरेशचंद, अशोक कुमार, महावीरचंद, विज्ञू, विनोद कुमार, सुनिल जैन, निर्मल, सूरजकुमार, महावीर, रतन जैन व अन्य।




निर्दोष समाज सेवी संस्था खैरताबाद के केंद्र में बड़े गणेश के दर्शनार्थ आने वाले यात्रियों की प्यास बुझाने हेतु एक जलशाला की स्थापना अस्थाई समय के लिए की गई, जिसका उपयोग बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं।



धम्माईगुडा स्थित वैष्णव धाम राम मंदिर में तेलंगाना वैष्णव समाज बन्धुओं द्वारा देवझूलनी ग्यारस पर आयोजित रेवाड़ी शोभा यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष विष्णु रामावत, बाबूलाल, संतोष टीलावत, ओमप्रकाश, दीनदयाल व समाज बन्धु।


**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याःडीवाय.सीइ/जीएस/एससी/05एण्ड06/2025/ओटी दि.2-9-2025** PUB/1076

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्रम संख्याः1, ई-निविदा संख्या** : 05_जीएस_एससी_25_ओटी, **कार्य विवरणः** लातूर रोड स्टेशन (2.054किमी) पर बाय पास लाइन-निर्माण में मिट्टी का कार्य, मौजूदा पुलों का विस्तार/निर्माण, बीजी ट्रैक को बिछाना व जोडना, पाइंट्स व क्रासिंग्स की एसेम्बलिंग व इनसर्शन, स्टोन बल्लास्ट की आपूर्ति, लीडींग तथा डम्पिंग, आरबीजी बिल्डिंग का निर्माण कार्य, एचएल प्लाटफार्म, सीओपीज, एप्रोच रोड का निर्माण कार्य तथा विकाराबाद-परली सेक्शन के लातूर रोड स्टेशन पर प्रस्तावित बाय पास लाइन के लिए अन्य छिटपुट कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य रू.**14,77,28,412.48, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.8,88,700.00, **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 महिने, मानक पात्रता मापदण्ड के प्रति तत्समान स्वरूप में **माने जानेवाले कार्यः ए1,** निर्माण में मिट्टी का कार्य या एर्थवर्क का निष्पादन तथा किसी भी प्रकार के पुलों से जुडा कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य। बोली **बंद होने की तिथिः** 26-09-2025

**क्रम संख्याः2, ई-निविदा संख्याः** 06-जीएस_एससी_25_ओटी, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू ।-चरापल्लीः क्रियेशन आफ ट्रिप मेनटेनेन्स/निरीक्षण हेतु एडवांस इंसपेक्शन सेंटर का प्रावधान तथा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज की रखरखाव गतिविधि कार्य। एसडब्ल्यू ।।-सनतनगरः क्रियेशन आफ ट्रिप मेनटेनेन्स/निरीक्षण हेतु एडवांस इंसपेक्शन सेंटर का प्रावधान तथा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज की रखरखाव गतिविधि कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य रू.17,99,84,544.91 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.10,49,900.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, मानक पात्रता मापदण्ड के प्रति तत्समान स्वरूप में माने जानेवाले कार्यः बी-5, स्टील फैब्रिकेशन तथा एफओबी का इरेक्शन या/कम्पोजिट गिर्डर ब्रिजेस या स्टील कम्पोजिट गिर्डर सहित आरओबी या इंडस्ट्रीयल शेड या पीएफ शेल्टर (स्टील) या माइक्रोवेव/एचटी टावर से जुडा कोई भी कार्य या स्टील मेम्बर्स का प्रतिस्थापन/स्टील गिर्डर पुलों पर मरम्मत या गिर्डर ब्रिजेस के स्टील स्लीपर्स से जुडा कोई भी कार्य। बोली **बंद होने की तिथिः** 08-10-2025

1.निविदाकार तत्संबंधित में केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स पर विचार नही किया जायेगा।
2. सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स के माध्यम से ही पूर्व धरोहर राशि-पूधरा का भुगतान करें।
3. रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए किसी भी निविदा को रध्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।
4. सभी भावी निविदाकारों को परामर्श दिया जाता है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर सहित प्रस्तुत करें।

**उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/सिकंदराबाद**



**निविदा संख्याः एम239-बीओएक्सएनएच एल-16, दि.2-9-2025** PUB/1077

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आरवायपीएस, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, वैगन वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241 द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित है।

| |
|---|
| कार्य विवरणः वैगन वर्कशाप, रायनपाडू, दक्षिण मध्य रेलवे के परिसरों पर 02 वर्षों के लिए बीओएक्सएनएचएल वैगन्स का पुनर्वास या रेहाबिलीटेशन, मात्रा -500 वैगन्स |
| मात्राः 500 वैगन्स |
| कार्य पूरा करने की अवधिः 24 महिने |
| निविदा मूल्य रू. 39,99,00,569.33 (रू.उनचालीस करोड निन्यानवे लाख पांचसौ उनसठ व तैंतीस पैसे मात्र) |
| जमा की जानेवाली पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.21,49,500.00 (रू. इक्कीस लाख उनचास हजार,पांचसौ मात्र) |
| निविदा दस्तावेज मूल्य रू. निःशुल्क |
| **ऑफ़र वैधः** खोलने की तिथि से लेकर 90 दिन |
| निविदा का प्रकारः आयआरजीसीसी-2022 द्वारा शासित कार्य निविदा |
| टेंडरिंग प्रणालीः खुली निविदा-दो पैकेट तत्समान स्वभाव का कार्यः लागू |
| संयुक्त उद्यम फर्मों की भागीदारी की अनुमतिः अनुमति दी गई |
| मूल्य भिन्नता प्रावधान की लागूताः लागू बोली क्षमताः लागू |
| बोली बंद करने की तिथि व समयः 26-09-2025 के 15.00 ब बजे |
| निविदा दस्तावेज तथा शुध्दिपत्रः वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in देखें। |
| पत्राचार हेतु डाक का पताः चीफ वर्कशाप मैनेजर, वैगन वर्कशाप, गुंटुपल्ली-521241 |

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, वैगन वर्कशाप, गुंटुपल्ली**



**निविदा संख्याः डीवाय.सीइ-जीएस-बीजेडए-25-2025-26 दि.2-9-2025, (ireps.gov.in के माध्यम से)** PUB/1078

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाडा द्वारा निम्न कार्यों हेतु खुली निविदा/ सिंगल पैकेट आफ टेंडरिंग में ई-निविदा आमंत्रित हैं।

**क्रम संख्याः** 1, निविदा संख्याः बीजेडए-जीएसयु-इलेक-25-2025-26, दि.1-9-2025
**कार्य विवरणः** विजयवाडा डिवीजन-विजयवाडा डिवीजन के आनकापल्ली यार्ड पर नीचे की तरफ, प्रस्तावित अतिरिक्त लूप लाइन के लिए 25 केवी कन्वेन्शनल टाइप-रेगुलेटेड ओएचइ का प्रावधान।
**निविदा मूल्य रू.**2,04,24,286.10, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,52,100.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 09 महिने, निविदा प्रपत्र मूल्य रू.शून्य, बंद करने की तिथि व समयः 23-09-2025 के 15.00 बजे

1. बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया **वेबसाइटः** http://ireps.gov.in **पर लागिन करें।**
2. पूर्व धरोहर राशि का भुगतान, आनलाइन में आईआरइपीएस पर उपलब्ध मात्र नेट बैंकिंग/पेमेन्ट गेटवे सुविधाओं द्वारा ही किया जाना चाहिए (अथवा), बोली सुरक्षा राशि के प्रति बैंक गारण्टी को, एफए एण्ड सीएओ/कन्स्ट्रक्शन/एस.सी. रेलवे, सिकंदराबाद के पक्ष में, मैन्युअल तौर पर, प्रस्तुत करना चाहिए।
3. निविदाकार द्वारा, अपने आफर्स को आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि/बोली अवधि के पहले, अर्थात् निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पूर्व प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदाकार, किसी भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति/बोली अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

विभागीय बिजली अभियंता, गति शक्ति, विजयवाडा
ए1351

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें



**निविदा सूचना सं. : 8-मेका-ओएमएस-आईसीएफ-टीपीटीवाई-25-26 दिनांक : 02-09-2025** पीयूबी/1081

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **डिप्टी चीफ मेकानिकल इंजीनियर/कैरेज रिपेयर शॉप/तिरुपति** द्वारा नीचे उल्लेखित निविदा सं. के प्रति ई-निविदा आमंत्रित है। **बन्द होने की तिथि नीचे उल्लेखित अनुसार 11.00 बजे तक है।** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल बंद होने की तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति प्रस्तुत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज किया जाएगा।

**क्र.सं. 01, कार्य का विवरण : निविदा सूचना सं. 8-मेका-ओएमएस - आईसीएफ - टीपीटीवाई-25-26, दिनांक 02-09-2025** 'ओएमएस-2000 अब्जर्वेशन कार/ट्रैक रिकार्डिंग कोच में उपयोग के लिए आईसीएफ कोच का नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य** : रु. 64,22,115.53/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 1,28,500/-, **पूरा करने की अवधि** : 45 दिन, **बंद होने की तिथि : 24-09-2025 को 11.00 बजे।**

वेबसाइट विवरण : **www.ireps.gov.in**
**सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा के पूर्ण विवरण देखे जा सकते हैं** : चीफ वर्कशॉप मैनेजर कार्यालय, कैरेज रिपेयर शॉप, तिरुपति।
अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों (निविदा दस्तावेज़ों में उपलब्ध) के लिए एवं निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने, शुद्धिपत्र के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** देखें।

चीफ वर्कशॉप मैनेजर, (सीआरएस), तिरुपति



**निविदा सं. जीटीएल-ईएम-37-2025-26, दिनांक : 04-09-2025** पीयूबी/1082

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/रखरखाव/ गुंटकल** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** : जीटीएल-ईएम-37-2025-26.
**कार्य का नाम : गुंटकल डिवीज़न - अनंतपुर :** एबीएस फेज-II के अंतर्गत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन। (1) पोर्टिको से आरबीजी कक्ष तक स्टेशन बिल्डिंग को ढहाना, (2) प्लेटफार्म सं. 1 पर प्रीफैब एसी वेटिंगहाल का प्रावधान, (3) बिल्डिंग के ध्वस्त किए गए भाग पर खुला वेटिंग हॉल एवं प्लेटफार्म वॉल का प्रावधान, (4) विद्युत(रखरखाव) कार्य, (5) एस एण्ड टी कार्य, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड्स, (6) विद्युतीय - टीआरडी कार्य, (7) पूर्ण सीओपी, (8) प्लेटफार्म सं. 1 पर नया टॉयलेट्स ब्लॉक्स एवं प्लेटफार्म सं. 4 पर जीआरपी के नज़दीक पुराने टायलेट्स को ध्वस्त करना - विद्युतीय व्यवस्था।
**अनुमानित मूल्य** : रु. 2,85,37,098.87 पैसे
**बंद होने की तिथि एवं समय : 26-09-2025 को 15.00 बजे।**
निविदा की बोली लगाने और अन्य विवरणों के लिए **http://www.ireps.gov.in** को लॉगिन करें। यदि निविदा के लिए कोई शुद्धिपत्र हो तो उसे केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा। निविदा दस्तावेज़ निविदादाता द्वारा **http://www.ireps.gov.in** से निःशुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं।
**नोट** : इस ई-निविदा में भाग लेने/बोली लगाने के लिए निविदादाता के पास वैध डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) होना चाहिए।

सीनि. डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, रखरखाव, गुंटकल



**निविदा सूचना सं. : जी/ई.29/टीआर/निविदा सूचना/20/2025-26, दिनांक : 04-09-2025** पीयूबी/1084

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ट्रैक्शन/गुंटकल** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** : जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-40-2025-26, **कार्य का नाम : गुंटकल डिवीज़न** : जीटीएल-आरयू एवं जीटीआर-आरयू सेक्शन के सुरक्षा के संबंध में सुधार के लिए कॉमन लूप्स को पृथक आइसोलेशन व्यवस्था।
अनुमानित मूल्य : रु. 2,15,43,152/-,
पूर्व धरोहर राशि : रु. 2,57,700/-
**निविदा सं.** : जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-41-2025-26, **कार्य का नाम : गुंटकल डिवीज़न** : गुंटकल-रेनिगुंटा सेक्शन में 120 टीकेएम वाइंडर साइडिंग के ओएचई रखरखाव कार्यों की आउटसोर्सिंग।
अनुमानित मूल्य : रु. 73,00,043/-;
पूर्व धरोहर राशि : रु. 1,48,000/-
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 26-09-2025 को 15.00 बजे।**
**नोट** : 1. निविदादाताओं द्वारा निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।
निविदा की बोली लगाने एवं अन्य विवरणों के लिए **http://www.ireps.gov.in** को लॉगिन करें। शुद्धिपत्र अगर कोई होगा तो केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

सीनि. डिवीज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन, गुंटकल
A1354

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें



**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in के माध्यम से)** पीयूबी/1079

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (निर्माण), दक्षिण मध्य रेलवे, सिकन्दराबाद** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए, निविदाकरण की एकल पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं. 01. निविदा आमंत्रण सूचना सं.** : निविदा सं. 03-2025-2026-ई-जीएस-सीएन-जीटीएल, **कार्य का नाम : विद्युतीय निर्माण/गुंटकल : गुंटकल डिवीज़न** : गूटी, गुंटकल एवं लिंगनेडोड्डी यार्ड सुधार कार्यों के संबंध में एलटी/एचटी ओवरहेड लाइनों की शिफ्टिंग/सुधार और स्टेशन बिल्डिंग्स, आरबीजीई रूम्स, गुमटीज़, आरआरआई केबिनों, एफओबी, प्लेटफार्म लाइटिंग, अप्रोच सड़क लाइटिंग आदि के लिए विद्युतीय व्यवस्थाएँ। **अनुमानित मूल्य** : रु. 4,66,74,939.18/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 3,83,400.00/-, **निविदा दस्तावेज का मूल्य** : कुछ नहीं, **पूरा करने की अवधि** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 24-09-2025 को 15.00 बजे।

1) बोली दस्तावेज एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया वेबसाइट **http://ireps.gov.in** को लॉग इन करें।
2) पूर्व धरोहर राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस में ऑनलाइन उपलब्ध कराये गये नेट बैंकिंग/पेमेंट गेटवे सुविधाओं के माध्यम से ही करना होगा।
3) निविदादाता अपने प्रस्ताव निविदा प्रस्तुत करने की अवधि, जो निविदा बंद होने की तिथि से पंद्रह दिन पूर्व है, में ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।
4) निविदादाता को निविदा प्रस्तुत करने की अवधि प्रारंभ होने की तिथि तक किसी शुद्धिपत्र (केवल ऑनलाइन जारी किए हुए) के लिए देखना होगा।

चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, (निर्माण), सिकन्दराबाद



**निविदा सं. जीटीएल-ईएम-35-2025-26, दिनांक : 04-09-2025** पीयूबी/1080

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/रखरखाव/ गुंटकल** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** : जीटीएल-ईएम-35-2025-26.
**कार्य का नाम : धर्मावरम** : एबीएस (फेज-II) के अंतर्गत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन, (1) सर्कुलेटिंग एरिया को सुधार, (2) कॉनकोर्स एरिया का सुधार, (3) अप्रोच रोड का प्रावधान, (4) ड्रेनेज व्यवस्थाओं का सुधार, (5) विद्युतीय (रखरखाव) कार्य, (6) डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड्स, एस एण्ड टी कार्य, (7) विद्युतीय - टीआरडी कार्य, (8) फुल लेन्थ सीओपी, (9) पीएफ नं.1 पर नया टायलेट्स ब्लाक एवं दिव्यांग टायलेट्स, (10) विद्यमान को विधिवत ध्वस्त करते हुए नया टीटीई स्लीपर आफिस एवं फिमेल टीटीई रेस्ट हाउस, (11) पीएफ नं.1 के समीप नया प्रवेश/निकासी - विद्युतीय व्यवस्थाएँ।
**अनुमानित मूल्य** : रु. 4,37,04,360.67 पैसे
**बंद होने की तिथि एवं समय** : 25-09-2025 को 15.00 बजे।
निविदा की बोली लगाने और अन्य विवरणों के लिए **http://www.ireps.gov.in** को लॉगिन करें। यदि निविदा के लिए कोई शुद्धिपत्र हो तो उसे केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा। निविदा दस्तावेज़ निविदादाता द्वारा **http://www.ireps.gov.in** से निःशुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं।
**नोट** : इस ई-निविदा में भाग लेने/बोली लगाने के लिए निविदादाता के पास वैध डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) होना चाहिए।

सीनि. डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, रखरखाव, गुंटकल



**ई-निविदा सूचना सं. : 31-2025 दि. 04-09-2025** पीयूबी/1083

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनियर डिवीज़नल इंजीनियर/को-ऑर्डिनेशन/ गुंटकल** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**बन्द होने की तिथि एवं समय : 30-09-2025 को 15.00 बजे।**

**क्र.सं.** : 01. **निविदा सं.** : इंजी-जीटीएल-साउथ-1927, **कार्य का विवरण** : **गुंटकल डिवीजन** : सीनि. डीईएन/साउथ/ जीटीएल अधिकार क्षेत्र में राजमपेट एवं श्रीकालहस्ती स्टेशनों पर एबीएसएस कार्यों के संबंध में कवर ओवर प्लेटफार्मों का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य** : रु. 8,64,06,435.01, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 5,82,000.00.

**क्र.सं.** : 02. **निविदा सं.** : इंजी-जीटीएल-साउथ-1928, **कार्य का विवरण** : **गुंटकल डिवीजन : श्रीकालहस्ती** : एबीएस (फेज-II) के अंतर्गत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन - (1) नए स्टेशन बिल्डिंग पर प्रस्तावित प्रथम मंजिल, (2) नए स्टेशन बिल्डिंग के सामने नया प्रवेश एवं निकासी, (3) एबीएसएस आदि के अंतर्गत ध्वस्त स्ट्रक्चरों का रिलोकेशन। **विज्ञापित मूल्य** : रु. 7,78,41,882.01, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 5,39,200.00.

**क्र.सं.** : 03. **निविदा सं.** : इंजी-जीटीएल-साउथ-1929, **कार्य का विवरण** : **गुंटकल डिवीजन : राजमपेट** : एबीएस (फेज-II) के अंतर्गत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन- (1) पीएफ सरफेसों में सुधार, (2) प्रवेश पोर्च एवं पार्किंग शेड इत्यादि उपलब्धता द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया को सुधार। **विज्ञापित मूल्य** : रु. 5,09,00,952.71, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 4,04,500.00.

कोई भी शुद्धिपत्र केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

डिवीजनल रेलवे मैनेजर/कार्य/ गुंटकल

# सूर्य सबसे हाई! 2021 से टी20 में बरसाए सबसे ज्यादा छक्के, बुमराह ने गेंदबाजी में राशिद को पछाड़ा







नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप की शुरुआत में अब एक हफ्ते से कम का वक्त बचा है। नौ सितंबर से आठ टीमों के बीच ट्रॉफी की जंग शुरू हो जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ मैच से करेगा। आगामी टूर्नामेंट में भारत के नेतृत्व की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव के कंधों पर है, जिनका जोश हमेशा से हाई रहता है। वह विपक्षी टीमों के लिए किसी काल से कम नहीं हैं। वहीं, भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनकी टीम में मौजूदगी ही विपक्षी टीमों के लिए किसी खौफनाक साए से कम नहीं है। यह बात हम नहीं...बल्कि आंकड़े कह रहे हैं।

### इस मामले में सूर्या के आगे कोई नहीं

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस प्रारूप के बादशाह हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाज से कई बार इसे साबित भी किया है। उन्होंने दमदार पारियों की मदद से संदेश दिया है कि किसी गेंदबाज का उनके आगे टिकना कितना मुश्किल है। आंकड़ों पर नजर डालें तो, 34 वर्षीय बल्लेबाज ने 2021 से अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाए हैं। उनके नाम 146 छक्के दर्ज हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 130 छक्के ठोके। तीसरे स्थान पर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल संयुक्त रूप से मौजूद हैं। दोनों के नाम 112 छक्के दर्ज हैं। चौथे पायदान पर इंग्लैंड के धमाकेदार बल्लेबाज जोस बटलर हैं, जिन्होंने 96 छक्के लगाए हैं। अब एशिया कप में प्रशंसकों को सूर्यकुमार यादव से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

### बुमराह क्यों हैं सबसे घातक?

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी किफायती गेंदबाज से अच्छे अच्छों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने 2021 से अब तक इस प्रारूप में कुल 30 विकेट झटके हैं और उनका गेंदबाजी औसत 12.8 व इकोनॉमी रेट केवल 5.3 रहा है। बुमराह के बाद अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 78 विकेट चटकाए और उनका इकोनॉमी रेट 6.0 रहा। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के एश्टन एगर हैं जिन्होंने 26.5 के औसत और 6.1 की इकोनॉमी से 19 विकेट झटके हैं। पाकिस्तान के इमाद वसीम चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने कुल 26 विकेट 19.9 के औसत और 6.2 के इकोनॉमी रेट से झटके हैं। पांचवें पायदान पर भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने कुल 30 विकेट हासिल किए हैं। उनका गेंदबाजी औसत 14.5 का रहा है जबकि इकोनॉमी 6.4 की रही है।

# ब्लॉन्ड हेयर..गले पर टैटू, आपने देखा क्या हार्दिक का नया लुक?

## एशिया कप के लिए दुबई पहुंची भारतीय टीम

दुबई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नौ सितंबर से आठ टीमों के बीच खिताब की जंग शुरू हो जाएगा। गत विजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से करेगा। गुरुवार को कप्तान सूर्यकुमार सहित कई भारतीय क्रिकेटर दुबई पहुंच गए। भारतीय टीम नई जर्सी और नए तेवर के साथ आठ टीमों के टूर्नामेंट में उतरेगी। पहली बार खिलाड़ी अपने-अपने शहरों से दुबई पहुंच रहे हैं। यहां पहुंचने वाले क्रिकेटरों में हार्दिक, रिंकू, अभिषेक, हर्षित राणा, शिवम दुबे, कुलदीप यादव और कोच सितांशु कोटक शामिल हैं।

### एशिया कप से पहले नए लुक में नजर आए पांड्या

भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, ओमान और यूएई के साथ है। भारत को पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से खेलना है जबकि पाकिस्तान से मैच 14 सितंबर को होगा। ग्रुप दौर का अंतिम मैच 19 को ओमान से होगा। टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का नया लुक चर्चा में है। ब्लॉन्ड हेयर और गले पर टैटू के साथ वह सोशल मीडिया पर अपनी स्मार्टनेस से धमाल मचा रहे हैं। उन्होंने अपने इस नए लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं।



### 11-20 ओवर के बीच सर्वाधिक T20I रन बनाने वाले पांच बल्लेबाज

आगामी टूर्नामेंट में प्रशंसकों को स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। वह मिडिल ओवर्स से डेथ ओवर्स तक भारतीय टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो, किसी मैच में 11-20 ओवर के बीच बल्लेबाजी के लिए आए खिलाड़ियों की सूची में हार्दिक पांड्या हैं। उन्होंने 58 पारियों में 1123 रन बनाए हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर डेविड मिलर हैं, जिन्होंने 57 पारियों में 142.8 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 1018 रन बनाए। तीसरे स्थान पर मोहम्मद नबी हैं। उन्होंने 67 पारियों में 954 रन बनाए। चौथे पायदान पर पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 56 पारियों में 142 के स्ट्राइक रेट से 930 रन बनाए। वहीं, महमुदुल्लाह पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 52 पारियों में 841 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.7 का रहा।

**एशिया कप 2025 - फोटो : अमर उजाला**

भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह। रिजर्वः प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल।

# इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका 27 साल बाद वनडे सीरीज जीता

लॉर्ड्स,5 सितंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 रन से हरा दिया। टीम को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त मिल गई और सीरीज अपने नाम कर ली। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में 27 साल बाद वनडे सीरीज जीत ली है। इससे पहले, आखिरी बार 1998 में जीती थी।

गुरुवार को लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। 331 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 325 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई।

साउथ अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीट्जके (85) और ने ट्रिस्टन स्टब्स (58) ने अर्धशतक लगाए। ब्रीट्जके इस पारी के साथ ही वनडे में अपने पहले पांच मैचों में लगातार 50+ रन बनाने वाले वर्ल्ड के पहले खिलाड़ी बन गए।




### ब्रीट्जके-स्टब्स के बीच 147 रन की साझेदारी हुई

इंग्लिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 330 रन बनाए और इंग्लैंड को 331 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके ने 85, ट्रिस्टन स्टब्स ने 58 और डेवाल्ड ब्रेविस ने महज 20 बॉल पर 4रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 35 और कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 32 रन बनाए। ब्रीट्जके और स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 126 बॉल पर 147 रन की साझेदारी हुई।

इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 4 विकेट झटके। आदिल रशीद ने 2 विकेट लिए। जैकब बेथल को 1 विकेट मिला।

### इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे

टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे। हालांकि, टीम महज 5 रन से मुकाबला हार गई। जो रूट ने 61, जोस बटलर ने 61 और जैकब बेथल ने 58 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने 39 और हैरी ब्रुक ने 33 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से नांद्रे बर्गर ने तीन और केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और सेनुरन मुथुसामी को 1-1 विकेट मिला।

# टी20 से संन्यास की बात टीम के साथियों को बताना भूल गए थे स्टार्क, अब कप्तान से मांगी माफी

नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसियां)। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का कहना है कि वह संन्यास की खबर अपने टीम के साथियों को बताना भूल गए थे। स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप छोड़ने का फैसला मुख्य रूप से अपने टेस्ट क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने और आगामी 2027 वनडे विश्व कप के लिए खुद को ताजा और फिट बनाए रखने के लक्ष्य से लिया था।

स्टार्क ने अब खुलासा किया है कि उन्होंने मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड से इस बारे में बात की थी, लेकिन वह टी20 कप्तान मिचेल मार्श को संन्यास के बारे में बताना भूल गए थे, जिन्हें यह खबर ऑनलाइन के जरिये पता चली। स्टार्क ने कहा, मुझे मार्श को बताना चाहिए था। उसने मुझे मैसेज करके बताया कि उसे इंस्टाग्राम के जरिए पता चला। मुझे इस बात का बुरा लगा कि मैंने कप्तान को नहीं बताया। माफ करना मार्श। मैंने उन्हें बता दिया था, मैंने उनसे पूछा नहीं था। मैंने एंड्रयू मैकडोनाल्ड से बात की थी और फिर उन दोनों को बताया कि मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय से अलविदा ले रहा हूं।




### स्टार्क का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर

स्टार्क (35 वर्ष) ने अपने T20I करियर में कुल 65 मैच खेले और 79 विकेट हासिल किए। यह आंकड़ा उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाज बनाता है। स्पिनर एडम जैम्पा ही उनसे आगे हैं। स्टार्क 2021 में दुबई में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम योगदान देने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। लंबे समय से वे टेस्ट क्रिकेट को अपनी प्राथमिकता बताते आए हैं।

# महिला विश्व कप के उद्घाटन में श्रेया घोषाल गायेंगी गाना

मुंबई, 5 सितंबर (एजेंसियां)। इसी महीने महिला वनडे विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाने वाले इस टूर्नामेंट को जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। इससे पहले फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। स्टार गायिका श्रेया घोषाल इस बार महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में सुरों का जादू बिखेरेंगी।

### ऑफिशियल एंथम भी श्रेया की आवाज में

30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले उद्घाटन मैच से पहले उनका लाइव परफॉर्मेंस होगा। खास बात यह है कि उन्होंने टूर्नामेंट का ऑफिशियल एंथम सॉन्ग 'ब्रिंग इट होम' को भी आवाज दिया है।



समारोह में थीमैटिक विजुअल्स और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन के साथ उनका शो भव्य अंदाज में पेश किया जाएगा।

### टिकट बिक्री में नया इतिहास

आईसीसी ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के टिकटों की बिक्री रिकॉर्ड कम दामों पर शुरू की है। पहली बार किसी आईसीसी ग्लोबल इवेंट के टिकट इतने सस्ते उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भारत और श्रीलंका में होने वाले ग्रुप स्टेज मैचों के टिकट मात्र100 रुपये (लगभग 1.14 यूएस डॉलर) से शुरू होंगे।

### इस एप पर एक्सक्लूसिव प्री-सेल

टिकटों की बिक्री का पहला चरण चार सितंबर शाम सात बजे से गूगल पे के जरिए शुरू हो चुका है। यह प्री-सेल चार दिनों तक चलेगी और टिकट्स क्रिकेट वर्ल्ड कप डॉट कॉम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। इस विंडो के बाद नौ सितंबर रात आठ बजे से टिकटों का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें सभी फैंस सीधे टिकट खरीद सकेंगे।

### गूगल के साथ ऐतिहासिक साझेदारी

आईसीसी ने हाल ही में गूगल के साथ महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक साझेदारी की है। यह साझेदारी महिलाओं के क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर और ज्यादा लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी। टिकट प्री-सेल का पहला चरण इसी साझेदारी का हिस्सा है, जिससे फैंस को आसान और सस्ता विकल्प मिल रहा है।

### टूर्नामेंट का रोमांच और पुरस्कार राशि

महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत में 12 साल बाद आयोजित हो रहा है। कुल आठ टीमें खिताब जीतने के लिए भिड़ेंगी। इस बार की इनामी राशि रिकॉर्ड स्तर पर रखी गई है। इस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 122.5 करोड़ रुपये) होगी, जो 2022 में न्यूजीलैंड में हुए पिछले वर्ल्ड कप (3.5 मिलियन डॉलर यानी 31 करोड़ रुपये) से लगभग तीन गुना ज्यादा है। यह इनामी राशि पुरुष वर्ल्ड कप 2023 (10 मिलियन डॉलर यानी 88.26 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है।


# मेसी बोले- मेरा अगला वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

## मैच के बाद इमोशनल नजर आए, अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया

वेनेजुएला,5सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी गुरुवार को वेनेजुएला के खिलाफ खेले गए मैच के बाद इमोशनल नजर आए। FIFA वर्ल्ड कप 2026 में खेलने को लेकर उन्होंने कहा, देखते हैं। जैसा कि मैंने पहले ही वर्ल्ड कप के बारे में कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं खेल पाऊंगा। इसकी मुख्य वजह मेरी उम्र है, जिसके कारण मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। लेकिन, मैं इसे खेलने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं।

### मेसी का अर्जेंटीना में आखिरी मुकाबला

ब्यूनस आयर्स में खेले गए मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया। मेसी का घर (अर्जेंटीना) पर यह आखिरी मुकाबला था।






मेसी ने मैच के बाद कहा, यहां बहुत सारी भावनाएं हैं, मैंने इस मैदान पर बहुत कुछ अनुभव किया है। अर्जेंटीना में अपने लोगों के साथ खेलना हमेशा खुशी देता है। हम कई सालों से एक-एक मैच का आनंद ले रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं, यहां इस तरह से खत्म कर पाना वही है जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था।

### मेसी ने दो गोल दिए

मैच की शुरुआत से ही मेसी पूरे फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 39वें मिनट में गोल करते हुए स्कोर को 1-0 कर दिया। इसके बाद 76वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज ने गोल दागा। वहीं मेसी दूसरे हाफ में भी उसी फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 80वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया।

### दिसंबर में भारत आएंगे मेसी

38 साल के मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। टूर की शुरुआत 12 दिसंबर को कोलकाता से होगी। इसके बाद वे अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जाएंगे।

दौरा 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ खत्म होगा। 2011 के बाद वे पहली बार भारत आ रहे हैं। उस वक्त मेसी अर्जेंटीना टीम के साथ कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलने आए थे।

# फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम, आज चीन से होगा मुकाबला




राजगीर, 5 सितंबर (एजेंसियां)। अच्छी लय में नजर आ रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर है। भारत ने सुपर चार चरण के मैच में मलयेशिया के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया था और अब शनिवार को उसका सामना चीन से होगा। मलयेशिया के खिलाफ जीत के साथ ही भारत ने फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए थे, लेकिन चीन के खिलाफ जीत हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को खिताबी मैच का टिकट दिला सकती है।

### फिलहाल शीर्ष पर है भारत

भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि चीन और मलयेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलयेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरुआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की।

टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलयेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाए। मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने न सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे।

दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3-4 से हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। लिहाजा भारतीय टीम को एहतियात बरतनी होगी क्योंकि मामूली सी गलती से अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। सुपर 4 चरण के एक अन्य मैच में मलयेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

# यूएस ओपन : युकी भांबरी-वीन्स की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

## सबालेंका फाइनल में पहुंची; सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया

न्यूयॉर्क के फ्लशिंग मीडोज में चल रहे यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में भारत की उम्मीदें खत्म हो गई है।

युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस को हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की ने 6(2)-7, 7-6(5), 6-4 से हराया।

### पहले सेट में हार के बाद इंग्लिश जोड़ी ने वापसी की

मैच की शुरुआत में दोनों जोड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले सेट में स्कोर 3-3 से बराबर था। भांबरी और वीनस ने धीरे-धीरे बढ़त बनाई और सेट को टाई-ब्रेकर तक ले गए। टाई-ब्रेकर में भारतीय-न्यूजीलैंड जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-2 से जीत हासिल की और पहला सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में भांबरी और वीनस ने शुरुआत में ब्रेक लेकर बढ़त बना ली। हालांकि, सैलिसबरी और स्कुप्स्की ने हार नहीं मानी और वापसी करते हुए सेट को टाई-ब्रेकर में पहुंचाया। इस बार ब्रिटिश जोड़ी ने टाई-ब्रेकर 7-5 से जीता और मैच को बराबरी पर ला दिया।



तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन सैलिसबरी और स्कुप्स्की ने मौके का फायदा उठाते हुए 6-4 से सेट और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ वे यूएस ओपन के फाइनल में पहुंच गए।

### पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में भांबरी पहुंचे

युकी भांबरी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे। युकी भांबरी और माइकल वीनस ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत पहले राउंड में मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को 6-0, 6-3 से हराकर की।

दूसरे राउंड में उन्होंने गोंजालो एस्कोबार और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला को 6-1, 7-5 से मात दी। राउंड ऑफ 16 में भांबरी और वीनस ने जर्मन जोड़ी टिम पुटज और केविन क्राविएटज को 6-4, 6-4 से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने मेक्टिक और राम की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### अर्यना सबालेंका ने फाइनल में पहुंची

वर्ल्ड की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी अर्यना सबालेंका ने गुरुवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर यूएस ओपन के फाइनल में पहुंच गई है।

पहले सेट में पेगुला ने शानदार प्रदर्शन किया और पहला सेट 6-4 से जीता।

सबालेंका ने दूसरे सेट के पहले तीन गेम जीते, जिसमें एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ पेगुला की सर्विस तोड़ी। उन्होंने दूसरा सेट 6-3 से जीत लिया। तीसरे सेट को सबालेंका ने 6-4 से जीत लिया।

# हैदराबाद पुलिस ने महिला घुड़सवार इकाई की शुरूआत की, श्वान दस्ते का विस्तार किया

## गणेश प्रतिमा विसर्जन में इस साल डीजे पर प्रतिबंध : पुलिस आयुक्त

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, हैदराबाद नगर पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला घुड़सवार इकाई की शुरूआत की। हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने महिला घुड़सवारों को बल में शामिल करने के निर्णय की घोषणा की।



सशस्त्र रिजर्व (एआर) की दस महिला कांस्टेबलों ने घुड़सवार पुलिस बल का हिस्सा बनने के लिए गोशामहल घुड़सवार इकाई में दो महीने का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है और इन कांस्टेबलों को बंदोबस्त (सुरक्षा व्यवस्था), वीआईपी आवाजाही और गश्त जैसे कर्तव्यों के लिए तैनात किया जाएगा।

सी.वी. आनंद ने कहा, यह कदम महिलाओं को सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। पहली बार, ये महिला घुड़सवार पुलिस अधिकारी नियमित गश्त का हिस्सा होंगी। हैदराबाद नगर पुलिस अपने श्वान दस्ते का भी विस्तार कर रही है। वर्तमान में, यूनिट के 34 कुत्ते अत्यधिक काम के बोझ तले दबे हैं, इसलिए बल ने इनकी संख्या बढ़ाकर 54 करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नए कुत्तों को एकीकृत खुफिया प्रशिक्षण अकादमी (आईआईटीए) में व्यापक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शामिल किया जाएगा। उनका उपयोग विस्फोटकों और नशीले पदार्थों का पता लगाने और अपराधियों पर नज़र रखने के लिए किया जाएगा। कुत्तों की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति देश भर के प्रजनकों से उच्च गुणवत्ता वाले कुत्तों का चयन करेगी।

पहले चरण में, 12 कुत्ते प्राप्त किए गए हैं, और भविष्य में और भी जोड़े जाएंगे। शहर के पुलिस प्रमुख ने बताया कि नए उस्मानिया जनरल अस्पताल (ओजीएच) के निर्माण के मद्देनजर, गोशामहल पुलिस स्टेडियम के घुड़सवारी मैदान और अस्तबल को एक नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार ने इस नए बुनियादी ढांचे के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है, जिसमें शहर की सुरक्षा शाखा के लिए नए भवन, एक वाहन जब्ती यार्ड, नए घुड़साल और एक परेड ग्राउंड शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 11.5 एकड़ में एक नया कुत्ता घर और घुड़सवारी इकाई का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 60 कुत्तों के लिए सुविधाएं होंगी। इस परियोजना के लिए निविदाएं 8 सितंबर को अंतिम रूप दी जाएंगी। आयुक्त ने यह भी घोषणा की कि शनिवार को होने वाले गणेश प्रतिमाओं के अंतिम विसर्जन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विसर्जन लगभग 40 घंटे तक चलने की उम्मीद है, जिसमें अकेले टैंक बंड में लगभग 50,000 प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़े पुलिस सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस साल डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि पिछले वर्षों में डीजे के कारण कई मौतें हुई हैं और युवाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह धर्म का नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य का मामला है और भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति ने भी इस मुद्दे पर पुलिस के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई है। सी.वी. आनंद ने कहा कि खैरताबाद गणेश विसर्जन सुबह 6:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गणेश पंडालों को मुफ्त बिजली आपूर्ति करने वाला तेलंगाना अकेला राज्य : रेवंत

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना राज्य के अलावा देश का कोई भी राज्य गणेश पंडालों को मुफ्त बिजली आपूर्ति नहीं कर रहा है। राज्य सरकार ने गणेश उत्सव को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए मुफ्त बिजली आपूर्ति सहित हर सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हैदराबाद के खैरताबाद स्थित "श्री विश्वशांति महाशक्ति गणपति" के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। भक्तों से गणेश प्रतिमा विसर्जन को पूरी श्रद्धा और सावधानी से मनाने की अपील करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्सव के दौरान आने वाली चुनौतियों की पहचान की है और सभी विभागों के समन्वय से उनका समाधान किया है।



उन्होंने खैरताबाद गणेश प्रतिमा उत्सव समिति को पिछले 71 वर्षों से उत्सव को भव्यता से आयोजित करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा, हैदराबाद सभी धर्मों का सम्मान करते हुए धार्मिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने आगे बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए टैंकबंड में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।






# श्रीधर बाबू ने अप्रवासी भारतीयों को 'उभरते तेलंगाना' में निवेश के लिए आमंत्रित किया

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने खाड़ी स्थित उद्यमियों और अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) को राज्य की विकास गाथा 'उभरते तेलंगाना' में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया है।



दक्षिण भारतीय अंतर्राष्ट्रीय सप्ताहांत- दुबई 2025 के अंतर्गत आयोजित दक्षिण भारतीय बिजनेस अचीवर्स अवार्ड्स (एसआईबीए) में भाग लेते हुए, मंत्री ने तेलंगाना की तीव्र आर्थिक प्रगति और औद्योगिक विकास में राष्ट्रीय अग्रणी के रूप में इसके उभरने पर प्रकाश डाला। भौगोलिक आकार में 11वें और जनसंख्या में 12वें स्थान पर होने के बावजूद, तेलंगाना राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 5 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। वित्त वर्ष 2024-25 में, राज्य ने 8.2 प्रतिशत की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि दर हासिल की, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में, तेलंगाना ने जीवन विज्ञान, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, लॉजिस्टिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 3.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। श्रीधर बाबू ने कहा कि एली लिली और अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित वैश्विक निगमों ने तेलंगाना को अपने निवेश गंतव्य के रूप में चुना है और अकेले यूएई के निवेशकों ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो तेलंगाना और दुबई के बीच मजबूत होते व्यापार और निवेश संबंधों को दर्शाता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य निवेशकों को न केवल व्यावसायिक साझेदार के रूप में देखता है, बल्कि अपनी विकास यात्रा में हितधारकों के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उभरती प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा, फिनटेक, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्मार्ट मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, जीवन विज्ञान, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, व्यापार अवसंरचना, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस और रक्षा निर्माण में अवसर प्रदान कर रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार निवेश को सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी और वैश्विक उद्यमियों से तेलंगाना के औद्योगिक और नवाचार-संचालित भविष्य को आकार देने में उसके साथ सहयोग करने का आह्वान किया।

## गर्भवती महिला की हत्या से सनसनी

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरनगर क्षेत्र के कपरा में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला की हत्या कर दी गई। लगभग 30 वर्ष की बताई जा रही इस महिला की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। उसका शव साकेत टावर्स के पास झाड़ियों में स्थानीय लोगों को मिला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर जवाहरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और क्लूज टीम व डॉग स्कायड के साथ जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, महिला के सिर पर भारी पत्थर से वार किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई होगी।






# तेलंगाना में यूरिया संकट से किसान बेहाल

## खरीफ सीजन में उर्वरक की कमी से फसलें और किसान दोनों संकट में

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के किसानों के लिए खरीफ का मौसम भारी पड़ रहा है। राज्य में यूरिया की भारी कमी ने स्थिति को चिंताजनक बना दिया है। महबूबाबाद समेत कई इलाकों में किसानों ने उर्वरक की कमी को लेकर उग्र विरोध प्रदर्शन किए, जिससे पूरे राज्य में अशांति का माहौल बन गया है। राज्य के करीब 70.6 लाख किसान इस संकट से प्रभावित हैं। खरीफ (वनकालम) धान की रोपाई अपने अंतिम चरण में है और फसलें कल्ले निकलने की अवस्था में पहुंच चुकी हैं, ऐसे समय पर नाइट्रोजन जैसे पोषक तत्व अत्यंत जरूरी हैं। मगर किसान ज़रूरी उर्वरक नहीं जुटा पा रहे, जिससे उन्हें भारी नुकसान का डर सता रहा है।

3 सितम्बर तक खरीफ की बुवाई 127.13 लाख एकड़ में हो चुकी है, जो सामान्य क्षेत्रफल का लगभग 96 प्रतिशत है। लेकिन पोषक तत्वों की कमी से फसलें कमजोर हो रही हैं और उन पर कीट हमलों का ख़तरा बढ़ गया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि नाइट्रोजन और पोटेशियम की कमी पौधों की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता को कमज़ोर करती है, जिससे वे कीटों का आसानी से शिकार बन जाते हैं। हालांकि इस बार बारिश अच्छी हुई है और जलाशयों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, फिर भी यूरिया संकट ने किसानों की उम्मीदों को तोड़ दिया है। हालत यह है कि किसान, महिलाएं और बच्चे तक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और रैतू सेवा केंद्रों के बाहर घंटों कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। इससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है। यूरिया की किल्लत अगर जल्द दूर नहीं हुई तो राज्य में खरीफ उत्पादन पर बड़ा असर पड़ सकता है और किसानों की परेशानियां और गहरा सकती हैं।

# साइबराबाद में यातायात प्रतिबंध

**4 से 6 सितंबर तक झीलों और तालाबों के पास ट्रैफिक डायवर्ट वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था**

हैदराबाद, 5 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद यातायात पुलिस ने गणेश प्रतिमा विसर्जन को देखते हुए कमिश्नरेट सीमा के प्रमुख झीलों और तालाबों के आसपास 4 से 6 सितंबर तक यातायात प्रतिबंध लागू करने का ऐलान किया है।

कुकटपल्ली स्थित आईडीएल झील के पास आईडीएल टैंक रोड को आम वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। इसके स्थान पर जेएनटीयू, फोरम मॉल और हाईटेक सिटी के रास्ते से मार्ग परिवर्तन किया गया है। इसी तरह प्रगति नगर झील के पास श्रीनिवास स्टील से थ्री मंकी जंक्शन तक सड़क बंद रहेगी और वाहनों को निजामपेट गांव व कोलन राघव रेड्डी गार्डन की ओर से डायवर्ट किया जाएगा।

गंगाराम झील (आरसी पुरम) की ओर जाने वाले भारी वाहनों को पाटनचेरुवु से भेल जंक्शन पर तेलपुर और गोपनपल्ली होते हुए भेजा जाएगा। वहीं, कट्टमैसम्मा टैंक और जीडीमेटला क्षेत्र में भारी वाहनों को बहादुरपल्ली, दुलापल्ली और सुरराम के रास्ते मोड़ा जाएगा।

राजेंद्रनगर के पथिकुंटा टैंक के पास बुडवेल एक्सटेंशन से हिमायतसागर टोल गेट तक का मार्ग बंद रहेगा। यहां यातायात को चेन्नम्मा होटल, गगनपहाड़, काटेदान और दुर्गानगर से डायवर्ट किया जाएगा। ओआरआर का उपयोग करने वाले यात्रियों को निकास-17 के बजाय निकास-16 का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इन दिनों यात्रा करते समय वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें।


**SUB-REGIONAL OFFICE**
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
(Ministry of Labour & Employment. Govt. of India)
45-57-21/1, RR House, Narasimhanagar,
Akkayyapalem Highway Road, Visakhapatnam - 530024
(ISO 9001-2008 Certified) Website: www.esic.nic.in

सत्यमेव जयते
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

No.D-11014/17/2022-GEN-SRO-VIZAG Dt: 04.09.2025

**कार्यालय परिसर के लिए किराए पर भवन लेना**
**HIRING OF BUILDING TO ACCOMMODATE OFFICE**

उप-क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, विशाखापत्तनम सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उप-उपक्रमों, निजी भवन स्वामियों से किराया/पट्टे के आधार पर **उप-क्षेत्रीय कार्यालय, विशाखापत्तनम** हेतु कार्यालय स्थान उपलब्ध कराने के लिए बोलियां आमंत्रित करता है।

The Sub-Regional Office, ESI Corporation, Visakhapatnam invites bids from Govt. organisations/PSUs, Private Building landlords to provide office space to house **Sub-Regional Office, Visakhapatnam** on rental/lease basis.

| Name of the Office | Required area | Preference | Last Date for receiving Bids | Contact details |
|---|---|---|---|---|
| Sub-Regional Office, Employees' State Insurance Corporation, Visakhapatnam | 11000 Sq.feet (± 1000 sq.feet) | Independent Building (or) Ground and First Floor | As per GeM bid vide bid no. GEM/2025/B/6607339 dt 03.09.2025 | Sh. Sandip Bhar, Asst. Director, Ph. No. 8961235863. E-mail: gen-vizag@esic.nic.in |

हस्ताक्षर/- Sd./-
प्रभारी उप निदेशक DY. DIRECTOR I/C


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.